YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-267 ❒ शनिवार, 01 नवम्बर 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



सरदार वल्लभभाई पटेल ने जिस भारत की एकता की नींव रखी, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसी एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार कर रहे हैं। देश की अखंडता, एकता और मजबूती का प्रतीक हैं सरदार पटेल।

डॉ. दिनेश शर्मा

दिल्ली सरकार गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूलों को देगी मान्यता : आशीष सूद 11

राष्ट्र की प्रगति की असली शक्ति सिविल सेवकों के समर्पण और उत्तरदायित्व में निहित है : रेखा गुप्ता 12

बिहार विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ताबड़तोड़ तीन रैलियां और जनसभाएं हुईं

# बिहार चुनाव में राहुल गांधी की इंट्री से भाजपा व राजग उम्मीदवारों की जीत की गारंटी : योगी

एजेंसी

सिवान/वैशाली/भोजपुर । बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवारों के समर्थन में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ताबड़तोड़ तीन रैलियां और जनसभाएं हुईं। भारी बारिश के बीच हजारों की भीड़ 'जय श्रीराम' और 'मोदी-योगी जिंदाबाद' के नारों से गूंज उठी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजग उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बारिश, कीचड़ और तूफान के बावजूद जनता का जो उत्साह है, वही राजग की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने महागठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि बिहार चुनाव में राहुल गांधी की इंट्री हो चुकी है, यही भाजपा और राजग के उम्मीदवारों की जीत की गारंटी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहली रैली सिवान में राजग के उम्मीदवार मंगल पांडेय, दरौंदा से कर्णजीत सिंह और बड़हरिया से इंद्रदेव सिंह पटेल के समर्थन में की। वहीं दूसरी जनसभा उन्होंने वैशाली के लालगंज विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार संजय कुमार सिंह के समर्थन में की। यहां उन्होंने विपक्ष पर तीखा प्रहार किया। भोजपुर के अगिआंव विधानसभा क्षेत्र में राजग उम्मीदवार महेश पासवान के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित



**योगी बोले**

❒ बारिश, कीचड़ और तूफान के बावजूद जनता का जो उत्साह है, वही राजग की सबसे बड़ी ताकत है

करते हुए योगी आदित्यनाथ ने विरोधी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने वाम दलों पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि भारत ही नहीं, दुनिया से कम्युनिस्टों का पत्ता साफ हो गया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा, '' मैं परसों रघुनाथपुर में आया था, क्योंकि एक खानदानी माफिया वहां पर फिर से कब्जा करना चाहता है। यूपी में हमने बुलडोजर से रौंद-रौंद कर ऐसे माफियाओं का कचूमर निकाल करके यूपी की धरती से जहन्नुम के रास्ते खोल दिये हैं। हमारी सीता मइया की धरती पर कोई मारीच और सुबाहू फिर से सिर न उठा सकेगा।''

योगी ने कहा कि रघुनाथपुर की सभा में भारी बारिश के बावजूद युवाओं, माताओं के उत्साह को देखकर लगा कि सिवान में बड़ा सैलाब आने वाला है। उन्होंने कहा कि बिहार का नौजवान देश और दुनिया में जहां कहीं गया है, उसकी बुद्धी और मेधा का लोहा सबने माना है। अब समय आ गया है, पिछले 20 साल में नितीश बाबू के नेतृत्व में सुशासन की जो नींव मजबूत हुई है, उसपर बिहार की मेधा के बल पर सुदृढ़ भवन का निर्माण करना है।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बिहार के सपूत चंद्रगुप्त मौर्य और चाणक्य की जोड़ी ने पूरे दुनिया के सामने भारत का डंका बजाया था। दुनिया की अर्थव्यवस्था में उस समय भारत का योगदान 40 फीसदी होता था। शौर्य और पराक्रम चंद्रगुप्त मौर्य का तथा बुद्धि और मेधा चाणक्य का। दुनिया के सामने इन्होंने भारत को सोने की चिड़िया के रूप में प्रस्तुत किया था। विदेशी आक्रांताओं, जिन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय को ध्वस्त किया, उनके वर्तमान के वंशज भी राजनीतिक इस्लाम की मंशा के साथ फिर से आकर विकास को बाधित करके स्वयं के विकास के लिए मिशन के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने यहां के कारीगरों और हस्तशिल्पियों को, अन्नदाता किसानों को भूखे मरने को बाधित किया। अंग्रेजों के वारिस के रूप में कांग्रेस ने उसी ब्रिटिश परंपरा का अनुसरण करते हुए पूरे बिहार के सामने पहले संकट खड़ा किया और विकास को बाधित किया और फिर जो बचा खुचा था, उसे राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने पूरा करके रख दिया। वैशाली में जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राहुल गांधी जब भी प्रचार करने आते हैं, राजग की जीत तय हो जाती है। वे भाजपा और राजग की जीत की सबसे बड़ी गारंटी हैं। महागठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि ये लोग सत्ता में आएंगे, तो फिर से माफिया राज, लूट, अपहरण और बेटियों की असुरक्षा का दौर लौट आएगा। ये गरीबों ● शेष पेज 11 पर

# आरएसएस पर फिर लगे प्रतिबंध : खरगे

एजेंसी

नयी दिल्ली । कंग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस पर फिर से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए क्योंकि देश में उसके और भारतीय जनता पार्टी की वजह से गड़बड़ियां हो रही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह उनकी निजी राय है कि संघ पर प्रतिबंध लगाया जाये। श्री खरगे ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा और आरएसएस हमेशा देश के लिए घातक रहे हैं और आरएसएस पर फिर से प्रतिबंध लगा देना चाहिए। कंग्रेस अध्यक्ष ने कहा



❒ रेलवे टिकट और तत्काल बुकिंग के नियम बदलेंगे, ट्रेन किराए में बढ़ोतरी होगी

कि सरदार वल्लभ भाई पटेल के अनुसार आरएसएस और हिंदू महासभा की गतिविधियों के कारण देश में जिस तरह का माहौल बना उसी के कारण गांधीजी की हत्या हुई थी। इसी वजह से श्री पटेल ने इस संगठन को प्रतिबंधित कर दिया था। उन्होंने कहाए श मैं आपको सरदार पटेल की बात याद दिलाना चाहता हूं। सरदार पटेल ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को 4 फरवरी 1948 में लिखे एक पत्र में कहा था . गांधी जी की मृत्यु पर आरएसएस ने हर्ष प्रकट किया और मिठाई बांटी थी। श्री खरगे ने कहा कि जिन लोगों ने गांधी जी की हत्या की आज उसी विचारधारा के लोग कहते हैं कि कंग्रेस पार्टी सरदार पटेल को याद नहीं करती है। श्री खरगे ने कहा कि मोदी सरकार अब पाठ्यक्रमों में बदलाव कर इतिहास ● शेष पेज 11 पर

जोधपुर में सुरक्षा एजेंसियों की बड़ी कार्रवाई

# आतंकी संगठन से जुड़े होने के आरोप में मौलवी सहित दो अन्य को पकड़ा

एजेंसी

जोधपुर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी, एंटी टेररिस्ट स्क्वाड और इंटेलिजेंस ब्यूरो की संयुक्त टीमों ने शुक्रवार को जोधपुर में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। सूत्रों के अनुसार, जोधपुर के चौखा क्षेत्र से अयूब पुत्र गफ्फार नामक युवक को हिरासत में लिया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अयूब के आतंकी गतिविधियों और एक अंतरराष्ट्रीय गैंग से जुड़े होने की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक, इस कार्रवाई के तहत पीपाड़ क्षेत्र और सांचोर से भी एक-एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। बताया जा रहा है कि जांच एजेंसियों को इन सभी के पास से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि यह पूरी कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हिरासत में लिए गए तीनों व्यक्तियों में से दो मौलवी बताए जा रहे हैं। फिलहाल एजेंसियां संदिग्धों से पूछताछ में जुटी हैं और उनके नेटवर्क तथा संभावित संपर्कों की जांच की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कई स्थानों पर तलाशी अभियान भी तेज कर दिया है। ● शेष पेज 11 पर

## ईएसटीआईसी 2025 में आयुष मंत्रालय की रहेगी भागीदारी, 'हेल्थ एंड मेडिकल टेक्नोलॉजी' विषय पर होंगे विशेष सत्र

नई दिल्ली। आयुष मंत्रालय आगामी 3-5 नवंम्बर तक आयोजित होने वाले 'उभरते विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सम्मेलन (ईएसटीआईसी) 2025' में भागीदारी करेगा। भारत मंडपम में आयोजित होने वाले सम्मेलन में आयुष मंत्रालय 'हेल्थ एंड मेडिकल टेक्नोलॉजी' विषय क्षेत्र में भागीदारीकरेगा। शुक्रवार को केंद्रीय आयुर्वेद विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) मुख्यालय, जनकपुरी में आयोजित प्रेसवार्ता में आयुष मंत्रालय की संयुक्त सचिव अलार्मेलमंगई डी ने कहा कि ईएसटीआईसी 2025 भारत की वैज्ञानिक भावना और सहयोग की शक्ति का उत्सव है। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि भारत के नवाचार पारिस्थितिकी ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने संसद भवन में सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर संसद भवन परिसर में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।
इस अवसर पर मल्लिकार्जुन खरगे के साथ कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता और सांसद भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी ने स्वतंत्रता संग्राम तथा देश के एकीकरण में सरदार पटेल की भूमिका को नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।
उल्लेखनीय है कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती हर वर्ष 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाई जाती है। इस वर्ष उनकी 150वीं जयंती पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

### आईआईएम कोलकाता में केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने की 'इंडिया रिसर्च टूर 2025' की शुरुआत

कोलकाता। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने शुक्रवार को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट (आईआईएम) कोलकाता में 'इंडिया रिसर्च टूर 2025' की शुरुआत की। यह अभियान भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), शिक्षा मंत्रालय और एक निजी संस्था के संयुक्त सहयोग से प्रारंभ किया गया है। इसका उद्देश्य भारत के शोध क्षेत्र में व्यापक समन्वय, सहयोग और पारदर्शिता को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम में डॉ. मजूमदार ने कहा कि राष्ट्र की एकता के प्रतीक सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर इस अभियान की शुरुआत का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा, ्रनवाचार के बिना समाज स्थिर हो जाता है।्र डॉ. मजूमदार ने बताया कि 'इंडिया रिसर्च टूर 2025' भारत की ज्ञान और सत्य की अनवरत खोज की सभ्यतागत परंपरा को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने भारत के 'ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स' में पिछले पांच वर्षों में 81वें स्थान से बढ़कर 39वें स्थान पर पहुंचने का उल्लेख करते हुए कहा कि 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' परियोजना और 'अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन' जैसी पहलें शोध तक पहुंच और उच्च-प्रभाव वाले अनुसंधान को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

जेजे एक्ट में किशोर की दोषसिद्धि को सेवाओं में

# नियुक्ति के लिए अयोग्यता नहीं माना जाएगा : उच्च न्यायालय

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

प्रयागराज। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2000 की धारा 19, जो किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 24 के लगभग समान है, पर भरोसा करते हुए माना कि अधिनियम के तहत किशोर की दोषसिद्धि को सेवाओं में नियुक्ति के लिए अयोग्यता नहीं माना जाएगा। हाईकोर्ट ने कहा कि किशोर न्याय (बालकों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2000 की धारा 19 में यह प्रावधान है कि किसी अन्य कानून में किसी बात के होते हुए भी, कोई किशोर जिसने कोई अपराध किया है और जिसके साथ इस अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई है, उसे ऐसे कानून के तहत अपराध के लिए दोषसिद्धि से जुड़ी अयोग्यता, यदि कोई हो, नहीं मिलेगी। चीफ जस्टिस अरुण भंसाली और जस्टिस क्षितिज शैलेन्द्र की बेंच ने



कहा कि अधिनियम की धारा 19(1) के अवलोकन से यह स्पष्ट हो जाता है कि यह एक 'गैर-बाधित खंड' से शुरू होता है, जो किशोर के मामले में किसी अन्य कानून की प्रयोज्यता को बाहर करता है और स्पष्ट रूप से प्रावधान करता है कि एक किशोर जिसने कोई अपराध किया है और जिसके साथ अधिनियम के प्रावधानों के तहत निपटा गया है, उसे ऐसे कानून के तहत किसी अपराध के लिए दोषसिद्धि से जुड़ी अयोग्यता का सामना नहीं करना पड़ेगा। अदालत ने कहा कि इसका अर्थ है कि यदि किसी ● शेष पेज 11 पर

## दिल्ली सरकार गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूलों को देगी मान्यता : आशीष सूद

नई दिल्ली । दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने शुक्रवार को बताया कि सरकार ने दिल्ली में नॉन कंफर्मिंग एरिया में चलने वाले गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूलों को मान्यता देने का निर्णय लिया है। इस निर्णय के अनुसार वह सभी गैर सहायता प्राप्त निजी स्कूल जो नॉन कंफर्म एरिया में काफी समय से चल रहे है और जिन्होंने शिक्षा निदेशालय से अभी तक किसी कारणवश मान्यता नहीं ली या पुरानी सरकारों के भेदभाव पूर्ण व्यवहार के कारण उनको मान्यता नहीं मिल पाई ऐसे सभी स्कूल अब मान्यता के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के लिए दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय का पोर्टल 1 नवंबर 2025 से शुरू हो जाएगा। इस पोर्टल पर ऐसे सभी स्कूल जो मान्यता लेने के इच्छुक हैं वह 30 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त आवेदनों की छटनी की जाएगी और पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन जो मान्यता की सभी क्रिटेरिया को पूरा करते है उनकी एक सूची जारी की जाएगी। दिल्ली में स्कूलों के लिए यह लंबित मामला था। इस पर लंबे समय के बाद इस ● शेष पेज 11 पर

# ईडी ने इंदौर के अंबिका सॉल्वेक्स और वर्धमान साल्वेंट की 1.14 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

एजेंसी

भोपाल। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मध्य प्रदेश में यूको बैंक की लीडरशिप वाले बैंकों से 110.50 करोड़ का लोन लेकर उसका काल्पनिक उपयोग दिखाने और नकद राशि आपस में बांटने, छिपाने के मामले में इंदौर की अंबिका सॉल्वेक्स और वर्धमान साल्वेंट लिमिटेड की 1.14 करोड़ की तीन संपत्तियां कुर्क की हैं। यह कार्रवाई 29 अक्टूबर को पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत की गई है।

ईडी के भोपाल स्थित क्षेत्रीय कार्यालय ने शुक्रवार को जानकारी दी कि मामले में सीबीआई, एसी-ऋ्रछु, व्यापमं भोपाल द्वारा आईपीसी 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की विभिन्न धाराओं में दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। इसके बाद सीबीआई द्वारा मेसर्स नारायण निर्यात इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और कई अन्य संबंधित संस्थाओं और व्यक्तियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था। ईडी को जांच से पता चला है कि मेसर्स अंबिका सॉल्वेक्स लिमिटेड के अधीन काम करने वाली मेसर्स नारायण निर्यात इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने यूको बैंक के लीडरशिप वाले बैंकों के एक संघ से साख पत्र (एलसी) और निर्यात पैकिंग क्रेडिट (ईपीसी) के माध्यम से लगभग 110.50 करोड़ रुपये के लोन धोखाधड़ी से लिए। हालांकि दस्तावेजों में इस राशि का उपयोग वैध व्यवसायिक उद्देश्यों के लिए दिखाया गया था। जांच में पता चला कि कोई वास्तविक खरीद या निर्यात नहीं किया गया था। इसके बजाय व्यवसायिक गतिविधियों का झूठा आभास पैदा करने के लिए धनराशि को अंबिका सॉल्वेक्स लिमिटेड की विभिन्न समूह संस्थाओं के माध्यम से आपस में लेन-देन में भेजा गया था। ऋण की आय को बाद में व्यक्तिगत और कॉर्पोरेट फायदे के लिए डायवर्ट किया गया, जिसमें अचल संपत्ति में इन्वेस्ट और समूह के अधीनस्थ काम करने वाली संबंधित कंपनियों, फर्मों और बेनामी संस्थाओं के एक नेटवर्क के माध्यम से नकदी का ट्रांजेक्शन किया गया था। इसके लिए डायवर्ट ● शेष पेज 11 पर

देश की एकता और अखंडता के लिए

# चार स्तंभों पर जन-जन को जोड़ने का कार्य कर रही है सरकार : प्रधानमंत्री

एजेंसी

गांधीनगर । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश की एकता-अखंडता को बनाए रखने के लिए सरकार चारस्तंभों पर आधारित नीति द्वारा हर व्यक्ति को जोड़ने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि यह लौहपुरुष सरदार पटेल का भारत है, जो सुरक्षा और सम्मान के लिए कभी समझौता नहीं करता। बजब तक देश नक्सलवाद-माओवादी आतंक से पूरी तरह मुक्त नहीं हो जाता, तब तक यह सरकार चैन से नहीं बैठेगी। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को गुजरात के नर्मदा जिला स्थित एकता नगर में लौहपुरुष और अखंड भारत के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती का भव्य समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सरदार पटेल की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा



❒ यह लौहपुरुष सरदार पटेल का भारत है, जो सुरक्षा और सम्मान के लिए कभी समझौता नहीं करताजब तक देश नक्सलवाद-माओवादी आतंक से पूरी तरह मुक्त नहीं हो जाता, तब तक यह सरकार चैन से नहीं बैठेगी

❒ सरदार पटेल इतिहास बनाने में विश्वास रखते थे : प्रधानमंत्री मोदी

स्टेच्यू ऑफ यूनिटी के सान्निध्य में देशभक्ति के ● शेष पेज 11 पर

### बिहार विधानसभा चुनाव : प्रधानमंत्री का दो नवम्बर को पटना में रोड शो,नवादा और आरा में होंगी जनसभाएं

पटना। विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2 नवम्बर को बिहार आ रहे हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवारों के समर्थन में वे राजधानी पटना में एक रोड शो करेंगे। बिहार भाजपा इसकी तैयारी में जुटी हुई है। पटना में 2 नवंबर को होने वाले प्रधानमंत्री के रोड शो का रूट मैप जारी कर दिया गया है। पटना में शाम 4 बजे इस रोड शो की शुरुआत होगी, जो दिनकर गोलंबर से शुरू होकर नाला रोड, ठाकुरबाड़ी रोड, बारी पथ, बाकरगंज ● शेष पेज 11 पर

### विकसित भारत के लिए देश तोड़ने के हर षड्यंत्र को नाकाम करना होगा : प्रधानमंत्री

आर्य समाज ने हमेशा भारत विरोधी सोच को चुनौती दी : प्रधानमंत्री मोदी
नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को संस्कृति, भाषा, भेदभाव मुक्त विकास और लोगों को कनेक्टिविटी के माध्यम से आपस में जोड़ने को भारत की एकता के चार प्रमुख स्तंभ बताते हुए कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए हमें देश को तोड़ने के हर षड्यंत्र को नाकाम करना होगा। देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर गुजरात के केवड़िया में ● शेष पेज 11 पर

## सरदार पटेल ने जिस एकता के सूत्र में बंधे राष्ट्र का निर्माण किया, उसकी रक्षा हर राष्ट्रभक्त का दायित्व: शाह

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में आयोजित रन फॉर यूनिटी (एकता दौड़) का केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुभारंभ किया। गृह मंत्री के साथ सभी ने ्रएक भारत, श्रेष्ठ भारत्र के संकल्प को दोहराते हुए एकता और अखंडता की शपथ ली। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, डॉ. मनसुख मांडविया, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, सांसद बांसुरी स्वराज, दिल्ली के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह एवं मनजिंदर सिंह सिरसा मौजूद रहे। इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि भारत की आजादी और उसके मानचित्र के निर्माण में सरदार पटेल की बहुत बड़ी भूमिका रही। लक्षद्वीप आज भारत का हिस्सा है, उसमें सरदार पटेल का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि उस समय की कांग्रेस सरकार ने सरदार पटेल को उचित सम्मान नहीं दिया। सरदार पटेल को भारत रत्न देने में 41 साल लग गए। उनके कामों के सम्मान देने के लिए कोई स्मारक नहीं बनाया, जब नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने तो



उन्होंने संकल्प किया कि सरदार पटेल का ऐसा स्मारक बनाएंगे, जिसको दुनिया देखती रह जाएंगी। नरेन्द्र मोदी ने 31 अक्टूबर 2013 को सरदार पटेल के जन्मदिवस के मौके पर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का शिलान्यास किया। अमित शाह ने कहा कि सरदार पटेल ने रियासतों का एकीकरण कर देश की एकता और सुरक्षा को सुदृढ़ बनाया और किसानों, पिछड़ों और वंचितों को सहकारिता से जोड़कर देश को स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर किया। उनका दृढ़ विश्वास था कि देश के विकास की धुरी किसानों की समृद्धि में निहित है। वे आजीवन किसानों के कल्याण और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित रहे। सरदार साहब ने जिस न्यायप्रधान और एकता के सूत्र में बंधे राष्ट्र का निर्माण किया, उसकी रक्षा करना हर एक राष्ट्रभक्त का दायित्व है। ● शेष पेज 11 पर

# एसडीएम के समक्ष फफक कर रोने लगा लेखपाल, बयां किया हालात

**एसडीएम साहब मुझे आफिस के बजाय फील्ड की दी जाय जिम्मेदारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोराव (प्रयागराज ) एक लेखपाल के आँख से आँसू एसडीएम के सामने टपकने लगा तब जाकर एसडीएम का दिल पसीजा और फील्ड में कार्य करने को कहा ? यह मामला कोराव तहसील का है शुक्रवार को एसडीएम अपने कक्ष में अधिवक्ताओं व फरियादियों की जन सुनवाई सुन कर रहे थे उसी बीच रजिस्टार कानूनगो कुछ सरकारी फाइल लेकर हस्ताक्षर कराने पहुँचे उसी बीच कानूनगो ने कहा कि साहब जो लेखपाल मेरे साथ आफिस में अटैच है वे आफिस में काम न करके फील्ड में काम करना चाहते है तो एसडीएम ने कहा बुलाओ जब लेखपाल साहब के आये तो पहले एसडीएम साहब ने खरी खोटी सुनाई और वेतन रोकने को कहा लेकिन वेतन भुगतान का पेपर भेजा जा चुका था फिर लेखपाल ने कहा सर पीसीएस मेन्स का अंतिम अवसर है मुझे फील्ड में नियुक्त कर दिया जाय जिससे हम पढ़ाई भी कर सके चुकी आफिस में काम बहुत ज्यादा है शाम तक करना पड़ता है जिस कारण पढ़ाई करने की तैयारी नही कर पा रहा हु फिर एसडीएम ने कुछ शर्त के साथ फील्ड में रखने को कहा लेकिन दर्जनों अधिवक्ताओं व आम जनता के बीच लेखपाल फफक - फफक कर रोने लगा आँख से आँसू निकलने लगा और एसडीएम कक्ष से बाहर चला गया इसी बीच कोसफरा गाव से जय करन प्रसाद व दूसरे पक्ष से निजामुद्दीन निवासी कोसफरा का जमीनी मामला काफी दिन से लंबित है दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं से चेम्बर में ही आपस मे कहासुनी नोक झोंक हुआ कुछ वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने हस्तक्षेप किया तब जाकर मामला शांत हुआ इसी प्रकार एक अधिवक्ता ने कहा इटवा खुर्द स्टाम्प जांच चार महीने से लंबित है लेकिन आज तक श्री मान द्वारा नही किया गया जिस कारण निस्तारण नही हो पा रहा

### कैम्पस में शौचालय साफ सफाई का अकाल

तहसील के अंदर बने सार्वजनिक व स्टाफ का शौचालय क्रियाशील नही है गन्दगी बदबू दुर्गंध का अंबार है गेट खिड़की टुटा है पानी सप्लाई नही है यदि किसी को शौच करना हो तो तहसील में ब्यवस्था नही है जबकि लाखो रुपये साफ सफाई रख रखाव आदि के नाम पर खर्च किये जाते है लेकिन ब्यवस्था बदहाल है

### तहसील कैम्पस बना ताल तलैया

तहसील कोराव के कैम्पस में पानी भरा हुआ जिस कारण वाहन सड़कों पर खड़ा करना पड़ता है जिस कारण चार पहिया या अन्य बड़े वाहन आ जाने पर मोटर साइकिल हटाने को लेकर आपस मे झड़प आयेदिन होता है चुकी कैम्पस में पानी भराव के कारण वाहन खड़ा नही हो पाता जल निकासी ब्यवस्बा नही है कुछ दिन पहले एक गाय कैम्पस में रखा जनरेटर के करेंट की चपेट में आ जाने से तड़पती रही जब जनरेटर बन्द हुआ तब जाकर जान बची बेजुबान पशुओ का तहसील में जमावड़ा लगा रहता है लेकिन तहसील के जिम्मेदार अधिकारी का ध्यान इस ओर नही जा रहा।

### कदम कदम पर की जाती है अवैध वसूली

कई फरियादियों व अधिवक्ताओं ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बिना सुविधा शुल्क दिए किसी टेबल पर काम आगे नही बढ़ता जबकि सरकार जीरो टारलेंस की तर्ज पर काम रही है लेकिन सरकारी नौकरी करने वाले अपने पाने वाले वेतन भुगतान से संतुस्ट नही है गरीब निरीह मजदूर व हर तपके के लोगो से बिना सुविधा शुल्क लिए उनका काम नही होता तहसील दफ्तर का चक्कर काटते फिरते रहते है लेकिन किसी का दिन नही पसीजता की हम निःस्वार्थ काम सरकार के नीति के अनुसार कर दे जिससे सरकार की स्वछ छबि आम लोगो के बीच बने।

### निर्धारित सरकारी शुल्क के अलावा लिया जाता है खतौनी में अतरिक्त शुल्क

कई किसान ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कितहसील कोराव में खतौनी यदि लेना है तो अतरिक्त सुविधा शुल्क लेकर आये प्रति खतौनी 15 रुपये शुल्क निर्धारित है लेकिन यहाँ 20 रुपये प्रति खतौनी लिया जाता है यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक दिन में सैकड़ो से अधिक खतौनी निकलती है आखिर जो अतरिक्त शुल्क लिया जाता यह जाता कहा है इसका जिम्मेदार कौन है यह जाँच का विषय है

# जनपद न्यायाधीश व जिलाधिकारी ने किया नैनी कारागार का निरीक्षण

**व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिए सुधार के निर्देश, बंदियों से की बातचीत, भोजन की गुणवत्ता भी परखी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । जनपद न्यायाधीश सत्य प्रकाश त्रिपाठी और जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शुक्रवार को केन्द्रीय कारागार एवं जिला कारागार, नैनी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सुधारात्मक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस मौके पर डीसीपी यमुनानगर विवेक कुमार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तृषा मिश्रा, वरिष्ठ जेल अधीक्षक विजय विक्रम सिंह, वरिष्ठ जेल अधीक्षक (जिला कारागार) अमिता दूबे समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान माननीय जनपद न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी ने रसोईघर और चिकित्सालय का अवलोकन किया। उन्होंने बंदियों को दिए जाने वाले भोजन एवं नाश्ते की गुणवत्ता मीनू चार्ट के अनुसार परखी और सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि सभी को गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध कराया जाए।इस दौरान जनपद न्यायाधीश ने विचाराधीन कैदियों से संवाद कर उन्हें उपलब्ध लीगल सर्विसेज, स्वास्थ्य और साफ-सफाई की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जेल परिसर में वृक्षारोपण, गार्डे निंग, मेडिटेशन व योग की व्यवस्था को बढ़ावा देने तथा कारागार की स्वच्छता व व्यवस्था सुधार हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

### मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के अन्तर्गत आवेदन शुरू

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार नवयुवकों को स्वरोजगार के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जवाहर लाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रयागराज जनपद को 14 इकाइयों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।यह योजना केवल ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यम स्थापना के लिए अनुमन्य है। लाभार्थी की आयु 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अधिकतम परियोजना लागत ?10 लाख तक रखी गई है। सामान्य श्रेणी के पुरुष लाभार्थी को 10% अंशदान तथा आरक्षित वर्ग के लाभार्थी को 5% अंशदान स्वयं वहन करना होगा।आवेदन https://cmegp.data-center.co.in पोर्टल पर ऑनलाइन किया जा सकता है। आवश्यक दस्तावेजों में परियोजना विवरण, आधार कार्ड, पैन कार्ड, योग्यता प्रमाणपत्र, निवास व जाति प्रमाणपत्र (जहां लागू हो) शामिल हैं। आवेदन की हार्ड कॉपी विकास भवन, प्रयागराज के कमरा संख्या 37 में जमा करनी होगी।इस योजना के तहत खनिज, वन, कृषि, खाद्य, इंजीनियरिंग, रसायन, वस्त्र (खादी को छोड़कर) तथा सेवा उद्योगों में उद्यम स्थापना की जा सकती है।

### शास्त्री ब्रिज की एक लेन 25 दिन बंद, 3 नवंबर से 28 नवंबर तक चलेगा मरम्मत कार्य

प्रयागराज। पूर्वांचल की राह अगले 25 दिनों तक कठिन होने जा रही है। प्रयागराज-वाराणसी हाईवे पर स्थित शास्त्री ब्रिज की प्रयागराज से वाराणसी जाने वाली लेन पर 3 नवंबर से 28 नवंबर तक यातायात बंद रहेगा। पुल की मरम्मत कार्य के चलते यह व्यवस्था लागू की गई है। इस अवधि में आवागमन केवल एक लेन से संचालित होगा।मरम्मत कार्य के दौरान कांवड़ यात्रा रूट प्लान को लागू किया जाएगा। वाराणसी से झूंसी होकर प्रयागराज आने वाले मार्ग को डिवाइडर लगाकर दो भागों में बांटा जाएगा–एक लेन से वाहनों को शहर की ओर तथा दूसरी से झूंसी की ओर निकाला जाएगा।डीसीपी ट्रैफिक नीरज पांडेय ने बताया कि इस अवधि में भारी कमर्शियल वाहनों के लिए अंतरजनपदीय डायवर्जन लागू रहेगा। डायवर्जन के प्वाइंट और रूट प्लान एक-दो दिन में जारी कर दिए जाएंगे।2200 मीटर लंबा शास्त्री पुल पूर्वांचल के गोरखपुर, जौनपुर, आजमगढ़ और वाराणसी जैसे जिलों को प्रयागराज से जोड़ता है। साथ ही यह पुल प्रयागराज के गंगापार क्षेत्र को शहर से जोड़ने का प्रमुख मार्ग है। एक लेन बंद रहने से आने-जाने वाले यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

### आर.डी.एस.ओ. में राष्ट्रीय एकता दिवस एवं रन फॉर यूनिटी का उत्साह पूर्वक आयोजन



लखनऊ। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में आर.डी.एस.ओ. में दिनांक 31.10.2025 को राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह प्रशासनिक भवन में आयोजित हुआ, जहाँ श्री क़ाज़ी मैराज अहमद, अपर महानिदेशक, आर.डी.एस.ओ. द्वारा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की प्रतिज्ञा दिलाई गयी । इस अवसर पर सरदार वल्लभभाई पटेल के देश की एकता, अखंडता एवं समरसता में दिए गए अतुलनीय योगदान का स्मरण किया गया। आरडीएसओ के सभी निदेशालयों एवं सभी फील्ड ईकाईयों में भी आरडीएसओ कर्मियों को उनके नियंत्रक अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय एकता की प्रतिज्ञा दिलवाई गयी ।कार्यक्रम के अंतर्गत 'रन फॉर यूनिटी' का भी आयोजन किया गया, जिसमें एन.सी.सी. कैडेट्स, स्काउट्स एवं आर.डी.एस.ओ. के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। सभी प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ दौड़ में भाग लेकर देश की एकता, अखंडता एवं भाईचारे के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

### इटौंजा में संदिग्ध हालातों में युवती की मौत,पीएम रिपोर्ट का इंतज़ार

बीकेटी,लखनऊ। शुक्रवार दोपहर को इटौंजा थाना अंतर्गत एक पंद्रह वर्षीय युवती का शव बीकेटी साढ़ामऊ स्थित सरकारीअस्पताल में संदिग्ध अवस्था में पहुंचा,जहां सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुटी हुई थी।प्राप्त जानकारी के अनुसार इटौंजा थाना अंतर्गत मंडौली गांव निवासी गोकुल की पुत्री राधा मौर्य (15) को उसके परिजन संदिग्ध अवस्था में साढ़ामऊ स्थित राम सागर मिश्र शौ शैय्या अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने राधा को मृत घोषित कर दिया।वही बीकेटी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए शव को भेजकर अन्य विधिक कार्यवाही में जुट गई थी।वही बीकेटी पुलिस को पूरी घटना संदिग्ध लग रही थी हालांकि पीएम रिपोर्ट के बाद ही मौत का असली कारण पता चल सकेगा।

### नगराम में सरदार पटेल जयंती पर निकली भव्य शोभा यात्रा

नगराम, लखनऊ। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर शुक्रवार को नगराम क्षेत्र में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा दोपहर 11 बजे सलेमपुर अचाका गांव से प्रारंभ होकर समेसी, थाना नगराम, बैजू तिराहा, हरदोइया बाजार और गंगागंज होते हुए गोसाईगंज स्थित पटेल पार्क में संपन्न हुई। कार्यक्रम में नगराम क्षेत्र के विभिन्न गांवों और बाजारों से लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभायात्रा के दौरान देशभक्ति गीतों और नारों से पूरा नगराम क्षेत्र गूंज उठा। उपस्थित लोगों ने एकता, राष्ट्रभक्ति और सरदार पटेल के योगदान का संदेश जन-जन तक पहुँचाया। इस अवसर पर व्यापार मंच (अपना दल एस) के जिला अध्यक्ष विकास पटेल, ग्राम प्रधान विकास पटेल (सलेमपुर अचाका), बृजेश वर्मा, जीतू सिंह, विनोद पटेल, विमल किशोर, विमल सिंह, नीरज पटेल समेत अनेक गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

### अब्बास अंसारी को हाईकोर्ट से मिली फौरी राहत

प्रयागराज। मऊ विधानसभा से सुभासपा के पूर्व प्रत्याशी और मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को आचार संहिता उल्लंघन के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने इस मामले में ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। अब मामले की अगली सुनवाई 1 दिसंबर 2025 को होगी।यह मामला 3 मार्च 2022 का है, जब अब्बास अंसारी ने मऊ जिले के पहाड़पुरा क्षेत्र में बिना अनुमति जनसभा का आयोजन किया था।

# जिलाधिकारी ने सरदार पटेल जयंती पर किया माल्यार्पण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शुक्रवार को संगम सभागार में भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई।कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि सरदार पटेल की दूरदर्शिता, त्याग और नेतृत्व के कारण ही आज भारत एक अखंड राष्ट्र के रूप में स्थापित है। उन्होंने सभी से राष्ट्रीय एकता, सामंजस्य और सद्भाव की भावना को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीता सिंह, अपर जिलाधिकारी (नागरिक आपूर्ति) विजय शर्मा, अपर जिलाधिकारी (नजूल) संजय पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी (नगर) सत्यम मिश्र सहित जनपद के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# भू अतिचारी के विरुद्ध जनता दर्शन में डीएम से की शिकायत

**सरकारी भूमि कब्जा की शिकायत के बावजूद नही हटा अतिक्रमण, कोराव तहसील के दर्शनी का मामला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोराव, प्रयागराज। जहाँ एक तरफ जिलाधिकारी प्रयागराज द्वारा सरकारी कब्जा भूमि को मुक्त कराने का अभियान हर तहसीलों में चलाया गया है इसकी जिम्मेदारी हर तहसील के एसडीएम को सौंपा गया है जिससे भू माफियाओं से सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया जा सके लेकिन कोराव तहसील में मण्डलायुक्त से लेकर जिलाधिकारी उपजिलाधिकारी जन सुनवाई भू माफिया पोर्टल समेत अन्य माध्यम से शिकायत की गई लेकिन आज तक सरकारी जमीन की गई कब्जा को राजश्व विभाग मुक्त नही करा सका जिसका जीता जागता उदाहरण। दर्शन गाव के रहने वाले राम कृष्ण यादव ने गाव के ही कुछ लोगो के विरुद्ध जनता दर्शन में डीएम प्रयागराज से शिकायत की है कि दर्शनी गाव में सुरक्षित गाटा संख्या श्मशान 129 व गाटा संख्या 130 तालाब व गाटा संख्या 56 , 128 व 183 खाद गड्ढा सार्वजनिक भूमि जो वर्तमान खतौनी में दर्ज है लेकिन गाव के ही कुछ लोगो द्वारा कच्चा पक्का मकान ,मड़हा बनाकर बॉस का घेराकर कई वर्षो से कब्जा कर उपभोग करते चले आ रहे है लेकिन हल्का लेखपाल से शिकायत व संज्ञान में होने के बावजूद कब्जा मुक्त कर सरकारी भूमि को न तो खाली कराया जा रहा न ही 67 (1) बेदख़ली कि कार्रवाही जुर्माना आदि कार्रवाही करने से कतरा रहे है शिकायतकर्ता का आरोप है कि लेखपाल कानूनगो से मिलीभगत के कारण न तो कार्रवाही खुद न कर रहे और उल्टा अधिकारियों को गुमराह कर रहे है इससे पीड़ित को न्याय न मिल पा रहा न ही सार्वजनिक भूमि से अतिक्रमण हट रहा । इस मामले में उपजिलाधिकारी कोराव संदीप तिवारी ने बताया कि नक्सा व रकबा में तकनीकी के कारण कब्जा स्पष्ट नही हो पा रहा इस मामले में उच्चाधिकारियों के यहां पार्टी जा रही है यदि कब्जा पाया जाएगा तो मुक्त कराया जाएगा।

# सांसद ने दिलाई राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ, झंडी दिखाकर किया दौड़ का शुभारम्भ

**कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद अरुण कुमार सागर रह**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




शाहजहांपुर। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन एवं भारतीय जनता पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद अरुण कुमार सागर रहे। जबकि विशेष अतिथि के रूप में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, मुख्य विकास अधिकारी अपराजिता सिंह, नगर आयुक्त विपिन कुमार मिश्रा, भाजपा महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता आदि रहे। साथ ही कार्यक्रम में परियोजना निदेशक, जिला ग्राम विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला युवा अधिकारी नेहरू युवा केंद्र, क्षेत्राधिकारी लाइन, जिला खेल अधिकारी एसपी बामनिया एवं खेल विभाग का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा। कार्यक्रम की शुरुआत में अतिथियों ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात सांसद अरूण कुमार सागर ने उपस्थित जनों एवं खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इसके उपरांत उन्होंने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का शुभारंभ किया। दौड़ नव इंस्टीट्यूट से शुरू होकर खिरनीबाग होते हुए सरदार पटेल हिंदू इंटर कॉलेज में संपन्न हुई। समापन समारोह में सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में जिला प्रशासन एवं खेल विभाग के अधिकारियों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### शहीद दिवस के तहत जन–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी तिलहर द्वारा 21 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक मनाए जा रहे पुलिस शहीद दिवस के अंतर्गत थाना तिलहर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जन-संपर्क कर आमजन को पुलिस के योगदान, समाज निर्माण में पुलिस की भूमिका तथा समाज की सुरक्षा एवं आवश्यकता के संबंध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षक- शिक्षिकाओं आदि से कहा कि पुलिस समाज का अभिन्न अंग है। पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पुलिस कर्मियों ने समाज की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति तक दी, जिसे सदैव याद रखना चाहिए। कहा कि नागरिकों को कानून का पालन करनेएवं पुलिस के साथ सहयोगात्मक भावना से कार्य करने की आवश्यकता है।

### पुलिस ने रन फॉर यूनिटी के माध्यम से दिया एकता और जनसेवा का संदेश

शाहजहांपुर। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर लौह पुरुष और आधुनिक भारत के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस दौरान रिजर्व पुलिस लाइन शाहजहांपुर में रन फॉर यूनिटी 2025 और साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने साप्ताहिक परेड की सलामी ग्रहण कर किया। परेड के दौरान पुलिस बल ने अनुशासन, दक्षता और उच्च मनोबल का शानदार प्रदर्शन किया।


**आदालती सूचना**

H.C.J. Form No. 31 Part VII तारीख पेशी- 12.11.2025

बदस्त आवाम फरोख्त के लि इत्तेला नामा बनाम रेस्पाडेंड मुसम्मा इत्तेला तारीख के जो अदालत अपील के लिये मुकर्रर की जाये।

आर्डर 41 कायदा 14

अदालत न्यायालय श्री मान जिला जज महोदय जिला गोंडा अपीलान्ट राम दत्त पाण्डेय बनाम चन्द्रिका प्रसाद पाण्डेय उम्र करीब 80 वर्ष पुत्र नर्मदा शंकर पाण्डेय नि0 ग्रा0 पुरेचिरजा, पो0 पारसपुर, करनैलगंज गोण्डा

अम्बिका प्रसाद पाण्डेय उम्र 68 वर्ष पुत्र नर्मदा शंकर पाण्डेय नि0 ग्रा0 पुरेचिरजा, पो0 पारसपुर, करनैलगंज गोण्डा

सुधीर कुमार पाण्डेय उम्र 43 वर्ष पुत्र जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय- नि0 ग्रा0 पुरेचिरजा, पो0 पारसपुर, करनैलगंज गोण्डा

प्रदीप कुमार पाण्डेय उम्र 40 वर्ष पुत्र जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय- नि0 ग्रा0 पुरेचिरजा, पो0 पारसपुर, करनैलगंज गोण्डा

श्रीमती प्रेम देवी उम्र 73 वर्ष पत्नी स्व0 जगदम्बा प्रसाद पाण्डेय नि0 ग्रा0 पुरेचिरजा, पो0 पारसपुर, करनैलगंज गोण्डा

आदि रेस्पाडेंट

अपील बनाराजी 27.01.2025/10.02.2025

सि0 अपील संख्या 18/2025

मुकदमा नं0 सा0 वाद संख्या 74/1998

मुत्तिला हो कि अपील बनराजी डिग्री 27.01.2025/10.02.2025 मुकदमा मुंदर्जा बाला मैंने पेश किया और इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ और अदालत ने तारीख वास्ते समाअत इस अपील के मुकर्रर की है। अगर खुद आप या आपको वकील या कोई और शख्स जो कानून आपकी तरफ से अपील हाजा व सवाल करने का मजाज हो, हाजिर न होवेगा। तो उसका समाअत और तजवीज आपकी गैर हाजिरी में की जायेगी।

आज बतारीख माह 10.10.2025 है। मेरे दस्तखत और मोहर अदालत से जारी किया गया।

रेस्पाडेन्ट का नाम व पता- सम्मन के पुश्त पर है-

तम्बीह अगर इजराए डिग्री के मुल्तवी होने का हुक्म हुआ तो उसकी इत्तेला इस इत्तेला नामा में लिखनी चाहिये।


# सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर अभिलेख प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**छात्रों ने सरदार पटेल के जीवन से ली प्रेरणालोकगीत प्रस्तुति ने बटोरी सराहना**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के रूप में मनाने के अवसर पर क्षेत्रीय अभिलेखागार, संस्कृति विभाग प्रयागराज तथा मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास विभाग, इलाहाबाद डिग्री कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में अभिलेख प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के सभागार में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. अतुल कुमार सिंह ने फीता काटकर किया। उन्होंने सरदार पटेल के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अतिथियों ने अभिलेख एवं चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया और अभिलेखागार की सराहना की। श्री गुलाम सरवर, पांडुलिपि अधिकारी, प्रयागराज ने अतिथियों का स्वागत किया।कार्यक्रम में राकेश कुमार वर्मा, प्राविधिक सहायक ने सरदार पटेल को सर्वोच्च राष्ट्रभक्त बताते हुए युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। प्रो. नीना शुक्ला, विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग ने कहा कि सरदार पटेल ने अपने त्यागपूर्ण जीवन से भारत की 562 रियासतों का विलय कर अखंड भारत की नींव रखी।संस्कृति विभाग के सौजन्य से आयोजित इस कार्यक्रम में लोक कलाकार शिव बालक पटेल और उनकी टीम ने देशभक्ति एवं सरदार पटेल के जीवन पर आधारित लोकगीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरेंद्र नारायण सिंह और धन्यवाद ज्ञापन प्रो. नीना शुक्ला ने किया।इस अवसर पर अनेक अध्यापक, छात्र-छात्राएं एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी ने इसे प्रेरणादायक बताया।


**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सिंगल पैकेट पद्धति से ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **दिनांक 28.11.2025 को 15.00 बजे तक** आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुवल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉज़िट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | | 01122025 दिनांक 30.10.2025 | | |
| 1 | कार्य का नाम | 1 | लखनऊ मण्डल में रेल सह सड़क मोबाइल फलैश बट वेल्डिंग संयंत्र का उपयोग करके लूप लाइन को 60/52 किग्रा. के एस.डब्ल्यू.आर./ एल. डब्ल्यू.आर. में बदलने हेतु फलैश बट वेल्डिंग का कार्य। | |
| 2 | अनुमानित लागत | 1 | रु. 4,73,81,570.63 | |
| 3 | धरोहर राशि | 1 | रु. 3,86,900.00 | |
| 4 | कार्य की समापन अवधि | क्रम सं. 01 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह (12) माह। | |
| 5 | निविदा डालने का प्रारंभ | क्रम सं. 01 से 02 के लिए | | 14.11.2025 |
| 6 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्रम सं. 01 से 02 के लिए | | 28.11.2025 15:00 बजे |
| 7 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | |

नोटः– 1. तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नही किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रो को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ.रे. नयी दिल्ली का पत्र सं. 74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनॉक 07.04.2015. 3385/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# शाह मोहम्मदपुर अपैया में लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती मनाई गई

**एकता, अखंडता और सौहार्द बनाए रखने का लिया संकल्प**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। शुक्रवार को नगराम क्षेत्र के शाह मोहम्मदपुर अपैया (बबैया) में लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके उपरांत उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सामूहिक सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री वीरेन्द्र शंकर मिश्रा उर्फ बीरू मिश्रा ने कहा कि ्ळआजादी के बाद देश को एक सूत्र में पिरोने में सरदार पटेल का योगदान अतुलनीय और प्रेरणादायक है। उन्होंने 562 रियासतों का विलय कर अखंड भारत का निर्माण किया था।ङ्क कार्यक्रम में देशभक्ति नारों के साथ सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया गया। जिसमें दीपक तिवारी , अमोद वर्मा , किशनू वर्मा , संदीप वर्मा , रामनरेश लोधी , मयंक मिश्रा , दीर्घायु मिश्रा, संतोष, महेश ,पंकज गुप्ता, राजेंद्र साहू , रामफ़ेर कनौजिया, दिलीप कुमार, जयप्रकाश कुरील समेत कई लोग शामिल रहे।

# रन फॉर यूनिटी में दिखा उत्साह महानगर पुलिस ने दिया एकता का संदेश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन थाना महानगर में बड़े ही उत्साह और जोश के साथ किया गया। सहायक पुलिस आयुक्त अंकित कुमार के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन थाना प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्रा ने किया। उनके साथ उपनिरीक्षक आर्यन शर्मा और विक्रम सिंह सहित समस्त पुलिसकर्मी क्षेत्र के सम्मानित नागरिक और स्कूली बच्चे भी शामिल हुए। दौड़ के माध्यम से प्रतिभागियों ने देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश दिया।थाना प्रभारी अखिलेश कुमार मिश्रा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन हमें संगठन और अनुशासन की प्रेरणा देता है जिसे हम सभी को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न हुआ और महानगर पुलिस ने जन सहयोग की मिसाल पेश की।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम संपन्न हुआ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करने वाले आधुनिक भारत के शिल्पकार, स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री व उप-प्रधानमंत्री, भारत रत्न, लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150 वीं जयंती के अवसर पर लखनऊ उत्तर विधानसभा के फैजुल्लागंज प्रथम के वार्ड संख्या 48 के बूथ संख्या 311 पर पुष्पांजलि कार्यक्रम में लोकप्रिय विधायक डॉ नीरज बोरा जी सम्मिलित हुए, लोकप्रिय विधायक डॉ. नीरज बोरा ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करके पुष्प अर्पित किये उन्हें नमन किया। इस सुअवसर पर बूथ अध्यक्ष मूलचंद मिश्रा जी, पार्षद रश्मि सिंह जी, शक्ति केन्द्र संयोजक मुन्ना सिंह चौहान जी, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र मौर्य जी, मण्डल मंत्री राहुल मिश्रा, श्रिया निगम, अमित सिंह, अशोक सैनी, दिनेश दीक्षित, राकेश मिश्रा सहित स्थानीय स्वजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सम्मानित पदाधिकारी गण व क्षेत्रीय जनमानस उपस्थित रहे।

# ग्रीनवे पब्लिक स्कूल में दंड से न्याय की ओर विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ (ठाकुरगंज)। फरीदीपुर स्थित ग्रीनवे पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को 'दंड से न्याय की ओर' विषय पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नए संशोधन कानूनों के प्रति जागरूक करना और न्याय व संवेदनशील समाज की दिशा में सोच विकसित करना रहा।

चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशक्ति और सृजनात्मकता के माध्यम से न्याय, समानता और सामाजिक उत्तरदायित्व जैसे संदेशों को रंगों के जरिए प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया। बच्चों की कलाकृतियों में समाज के प्रति जागरूकता और सकारात्मक परिवर्तन की झलक दिखाई दी। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक ओमप्रकाश सैनी और प्रधानाचार्या सोनिया द्विवेदी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में कानूनी समझ और सामाजिक चेतना दोनों को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं बल्कि जिम्मेदार नागरिक तैयार करना भी है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने प्रतिभागियों की रचनात्मकता की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन चौकी प्रभारी भूहर मुदित राय एवं कॉस्टेबल जितेंद्र यादव के द्वारा किया गया। दोनों ने विद्यार्थियों को कानून की बुनियादी जानकारी देते हुए बताया कि न्याय व्यवस्था समाज में संतुलन और सुरक्षा बनाए रखने का आधार है। उन्होंने बच्चों को ईमानदारी अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।



विद्यार्थियों में कानूनी और सामाजिक जागरूकता का संदेश

# रन फॉर यूनिटी का कार्यक्रम का किया गया आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह चौहान ने दिखाया हरी झंडी**

लखनऊ । एडीसीपी वेस्ट धनन्जय सिंह कुशवाहा एसीपी चौक राजकुमार सिंह के निर्देशन में इंस्पेक्टर ठाकुरगंज ओमवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में सरदार पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस रूप में मनाया गया,रन फॉर यूनिटी में ठाकुरगंज पुलिस,व्यापारी वर्ग एवं स्कूली बच्चों ने संयुक्त रूप से पैदल मार्च में बने प्रतिभागी,ठाकुरगंज के प्रेरणा स्थल क्षेत्र में पैदल मार्च निकाल मनाई गई सरदार पटेल की 150 वीं जयंती,स्कूली बच्चों में दिखा जोश,हाथों में तिरंगा लिए लगाए नारे।थाना ठाकुरगंज इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में निकाली गई पैदल मार्च रैली,।रन फॉर यूनिटी के तहत दिया गया राष्ट्रीय एकता का संदेश।

# सारनाथ स्थित मूलगंध कुटी विहार की 94वीं वर्षगांठ पर भगवान बुद्ध के अवशेषों के होंगे दर्शन : जयवीर सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । सारनाथ स्थित मूलगंध कुटी, विहार की 94वीं वर्षगांठ के पावन अवसर पर भगवान बुद्ध के पवित्र अवशेषों के सार्वजनिक दर्शन हेतु विधिवत अनावरण किया जाएगा। आगामी 03 से 05 नवंबर 2025 तक भगवान बुद्ध के पवित्र अस्थि अवशेषों को बौद्ध श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए रखा जाएगा। सारनाथ वही पुण्य भूमि है, जहां भगवान बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश ''धर्मचक्र प्रवर्तन'' दिया था। यह जानकारी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।



उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी अस्थि अवशेष दर्शन के लिए बड़ी संख्या में बौद्ध श्रद्धालु आए थे। इस वर्ष पूर्व से भी बड़ी संख्या में बौद्ध भिक्षुओं और आस्थावानों के पहुंचने का अनुमान है। बौद्ध भिक्षु-भिक्षुणियां विभिन्न देशों जैसे- श्रीलंका, म्यांमार, थाईलैंड, कंबोडिया, नेपाल तथा कोलकाता, गुजरात, बिहार, उत्तर प्रदेश, लद्दाख और हिमालयी क्षेत्रों से सारनाथ पहुंच रहे हैं। यह आयोजन महाबोधि सोसायटी ऑफ इंडिया, सारनाथ केंद्र और वियतनामी बौद्ध संघ के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। भगवान बुद्ध के अवशेषों को साल में दो बार बुद्ध पूर्णिमा और कार्तिक पूर्णिमा पर सार्वजनिक दर्शन हेतु रखा जाता है। इस दौरान देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु भगवान बुद्ध के अस्थि अवशेषों के दर्शन करते हैं। भगवान बुद्ध के अवशेषों और उससे जुड़े आस्था की यात्रा भी उतनी ही प्राचीन है। लगभग 2,600 वर्ष पूर्व भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण के उपरांत उनके अवशेषों को श्रद्धापूर्वक आठ भागों में विभाजित कर सम्पूर्ण भारत में बने स्तूपों में रखा गया। कालांतर में सम्राट अशोक ने इन पवित्र अवशेषों को पुनः खोजकर अपने विशाल साम्राज्य के विविध स्थलों पर पुनर्स्थापित कराया। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मूलगंध कुटी बिहार में बुद्ध के दो अस्थि अवशेष सुरक्षित हैं। इनमें से एक अवशेष गांधार (तक्षशिला) क्षेत्र के एक प्राचीन स्तूप से प्राप्त हुआ था, जिसे भारत सरकार ने 1956 में भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण के 2,500वें वर्ष पर महाबोधि सोसायटी को भेंट किया था। दूसरा अवशेष, दक्षिण भारत के नागार्जुनकोंडा से प्राप्त हुआ था, जो एक पात्र में सुरक्षित रखा गया। इन दोनों अवशेषों के दर्शन वर्ष में दो बार होते हैं। दर्शन के बाद अवशेषों को विधिवत बुद्ध प्रतिमा के नीचे स्थापित किया जाता है।

## रन फॉर यूनिटी में दौड़ी काकोरी की एकजुटता, सरदार पटेल को किया नमन



काकोरी लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। दुर्गागंज चौराहे से बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज तक एक किलोमीटर की दौड़ में छात्रों और क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। काकोरी क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में इंस्पेक्टर सतीश राठौर ने बताया कि नगर पंचायत चेयरमैन रोहित साहू, ब्लॉक प्रमुख काकोरी प्रतिनिधि अधिवक्ता शिशिर यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष विपिन, गोपी राजपूत, हिंदू जन सेवा समिति के अध्यक्ष प्रज्वल गुप्ता, बाबू त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजकुमार, शिक्षक जगत नारायण पांडे समेत क्षेत्र के नागरिक और भारी पुलिस बल मौजूद रहे।कार्यक्रम का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकजुटता का संदेश देना रहा। उपस्थित लोगों ने सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

## गोसाईगंज में भी रन फॉर यूनिटी में उमड़ी भारी भीड़



लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज में सरदार पटेल जी की 150वीं जयंती पर बारिश के बीच आयोजित रन फॉर यूनिटी में भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम संयोजक ब्लॉक प्रमुख संघ जिला अध्यक्ष विनय वर्मा डिंपल द्वारा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर भीड़ को रवाना किया। कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री शिवभूषण सिंह व शंकर लाल लोधी जिला अध्यक्ष विजय मौर्य, मोहनलालगंज के विधायक अमरेश कुमार रावत बीकेटी विधानसभा के विधायक योगेश शुक्ला, नगरपंचायत अध्यक्ष निखिल मिश्रा, पूर्व जिलाअध्यक्ष राम निवास यादव, विधानसभा संयोजक शंभू नाथ पांडे, चंद्रा रावत क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, प्रधान संघ अध्यक्ष जितेंद्र कुमार रावत जीतू, जिला पंचायत सदस्य अमरेंद्र भारद्वाज, जिला महामंत्री युवा मोर्चा सुमित सिंह, नागेश्वर द्विवेदी, हंसराज रावत प्रमुख रूप से शामिल हुए। जिले के कई मंडल अध्यक्ष, वरिष्ठ व कनिष्ठ कार्यकर्ता, ग्राम प्रधानगण व स्कूली बच्चे भी कार्यक्रम में दौड़े। बारिश थोड़ी देर रुक जाने के कारण एक बड़ा व सफल कार्यक्रम संपन्न हुआ। राष्ट्रीय एकता के लिए दौड़ते हुए सभी लोग पटेल पार्क पहुंचे जहां पर सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर अतिथिगणों ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम का समापन गोसाईगंज ब्लॉक परिसर में किया गया। जहां सबके लिए चने के साथ ताजे मट्ठे की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम संयोजक विनय वर्मा डिंपल ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट किया।

## पत्नी की बेरहमी से हत्या करने वाला आरोपी पांच दिन बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना बाज़ारखाला क्षेत्र में पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर उसकी हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने पांच दिन बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान अनुप तिवारी पुत्र राधेश्याम तिवारी, निवासी ग्राम पुदेवा, थाना थानगांव, जनपद सीतापुर के रूप में हुई है। घटना 26 अक्टूबर 2025 की है, जब अनुप तिवारी ने किसी विवाद को लेकर अपनी पत्नी रमा देवी उर्फ राधा देवी की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था और आरोपी के खिलाफ थाना बाज़ारखाला में मुकदमा संख्या 184/2025, धारा 103(1) बीपीएमएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक पश्चिमी के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी बाज़ारखाला वीरेंद्र विक्रम के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश सिंह के नेतृत्व में टीम ने लगातार आरोपी की तलाश जारी रखी। शुक्रवार देर रात सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने गुल्लालनगर से ऐशबाग रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे आरोपी को करीब 1:30 बजे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने पत्नी की हत्या करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के पास से 50 रुपये बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपी की उम्र लगभग 36 वर्ष बताई जा रही है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश सिंह, उपनिरीक्षक अरुण कुमार, हेड कांस्टेबल अजय कुमार यादव और कांस्टेबल संजीव कुमार यादव शामिल रहे। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है।

# चिराग पासवान के जन्मदिन पर मलिहाबाद और लखनऊ पशिचम में बटी खुशियां

**जरूरतमंद बच्चों संग मनाया सेवा दिवस**

**फल, चॉकलेट और बिस्कुट बांटकर कार्यकर्ताओं ने समाजसेवा के रूप में मनाया जश्न**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

काकोरी लखनऊ। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री चिराग पासवान के जन्मदिन के अवसर पर शुक्रवार को मलिहाबाद और लखनऊ पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में संकल्प सेवा व समाजसेवा के रूप में विशेष कार्यक्रम आयोजित करके जन्मदिन मनाया गया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने मंडौली, नगर पंचायत काकोरी के भट्ठा टोला, सीएचसी काकोरी, दुबग्गा के बसंत कुंज, महिपत मऊ और छदुइय्या सहित एक दर्जन गांवों में अपने नेता के जन्मदिन को मनाने के लिए जाकर समाज के अंतिम पायदान पर जीवन यापन कर रहे गरीब व जरूरतमंद बच्चों के बीच चॉकलेट ,बिस्कुट व फल वितरण करते हुए जन्मदिन की खुशियां बांटीं। इस दौरान बच्चों को फल, चॉकलेट और बिस्कुट वितरित कर जन्मदिन का उत्सव मनाया । कार्यक्रम में लोक जनशक्ति पार्टी (आर) महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव नीलम सरोज, ब्लॉक अध्यक्ष काकोरी संतोष रावत, जिला उपाध्यक्ष कमाल अहमद, सक्रिय सदस्य रवि रावत और प्रदेश मीडिया प्रभारी राजेश रावत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी का मूल उद्देश्य अंतिम व्यक्ति का विकास हो पार्टी अध्यक्ष चिराग पासवान का जीवन समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने के संकल्प का प्रतीक है। उनका जन्मदिन 'सेवा संकल्प दिवस' के रूप में मनाना पार्टी की जनसेवा और मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पण को और सशक्त करता है।

# लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर नगराम पुलिस ने निकाला यूनिटी मार्च



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नगराम में लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर नगराम पुलिस द्वारा यूनिटी मार्च का आयोजन किया गया। यह दौड़ नगराम पुलिस के तत्वाधान में आयोजित हुई, जो सुबह 8 बजे अभिनव विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग होते हुए करोरा बाजार तक निकाली गई। इस दौड़ के दौरान प्रतिभागियों ने देशभक्ति नारों के साथ एकता और अखंडता का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी समेत पुलिसकर्मी मौजूद रहे। सभी ने सरदार पटेल के आदर्शों और देश की एकता के लिए उनके योगदान को नमन किया। जयंती समारोह के दौरान ''रन फॉर यूनिटी'' का भी आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं एवं शिक्षको ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लगभग एक किलोमीटर की इस दौड़ पूरी की और एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश दिया। थाना प्रभारी ने सभी पुलिसकर्मियों से सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करने का आग्रह किया।

# सेवा निवृत्ति एक सतत प्रक्रियाः एसडीआई

**सेवा निवृत्त होने पर कर्मी के सम्मान में आयोजित भव्य समारोह में मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी शिव मंगल वर्मा ने सेवा निवृत कर्मियों बढ़ाया उत्साव**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां, सीतापुर। किसी सेवा से निवृत्त होना एक सतत प्रक्रिया है। हर एक कर्मचारी को एक न एक दिन इस प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। मुझे भी इसी प्रक्रिया से गुजरना होगा। मेरा भी कार्यकाल आज ही समाप्त हो रहा है। यह उद्गार बिसवां विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय देबियापुर की चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी श्रीमती लीलावती के सेवा निवृत्त होने पर उसके सम्मान में आयोजित एक भव्य समारोह में मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी शिवमंगल वर्मा ने व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि जहां उनको सेवा काल से विदा करने का हम सभी को मलाल है वहीं उनकी सेवाएं हमेशा याद रखी जाएंगी। सेवा निवृत्त हो रही लीलावती ने लगभग 20 वर्ष पहले सन 2005 में इस विद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में अपनी सेवाएं शुरू की थीं। उनकी अपने कार्य के प्रति सच्ची निष्ठा, लगन और सेवा भाव से बच्चे ही नहीं वरन शिक्षक शिक्षिकाओं सहित अधिकारी वर्ग तथा अभिभावक सभी खुश रहते थे। इतने वर्षों की सेवा के बाद आज भी सभी उनकी सेवाओं की प्रशंसा करते नहीं थक रहे हैं।

20 वर्षों की निरन्तर सेवा के उपरांत आज वह सेवानिवृत्त हो रही हैं। विद्यालय के प्रति दी गईं उनकी अच्छी सेवाओं को विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं के अलावा बच्चे व अभिभावक सभी हमेशा याद रखेंगे। उनके सेवानिवृत्त होने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी शिवमंगल वर्मा की उपस्थिति में विद्यालय में एक भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें सेवा निवृत्त हो रही चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी को फूल माला पहनाकर तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर उपस्थित संकुल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने लीलावती को भेंट देकर सम्मान किया जिससे वह अविभूत दिखीं।उन्होंने कहा कि मैं अपने इस सम्मान को कभी भुला नहीं सकूंगी। इस मौके पर विद्यालय के समस्त छात्र, छात्राएं, प्रधानाध्यापक देवेन्द्र कुमार वर्मा व विद्यालय सहित संकुल के समस्त प्रधानाध्यापक, शिक्षक/शिक्षिकाओं सहित अनेक अभिभावक उपस्थित थे।

### खण्ड शिक्षा अधिकारी बिसवां शिव मंगल वर्मा भी आज हो रहे सेवा निवृत्त

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भी आज हुए सेवानिवृत्त, शिक्षकों ने माला पहनाकर तथा स्मृति चिह्न देकर किया सम्मान। यह संयोग ही कहा जाएगा कि विद्यालय की चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की सेवा निवृत्ति पर आयोजित विदाई समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पधारे खण्ड शिक्षा अधिकारी बिसवां शिव मंगल वर्मा भी आज ही सेवा निवृत्त हो रहे हैं। सभी उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं ने खण्ड शिक्षा अधिकारी के अच्छे सेवा काल की प्रशंसा की। कार्यक्रम में मौजूद जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष मुरारी लाल श्रीवास्तव ने कहा कि अपने अधीनस्थों में सामंजस्य स्थापित कर उन्हें सही राह दिखाने वाले ऐसे अधिकारी विरले ही मिलते हैं।आज स्वयं सेवानिवृत्त होने के बावजूद वह आज अपने अधीनस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की सेवा निवृत्ति पर आयोजित विदाई समारोह में शामिल होने आए हुए हैं। ब्लाक अध्यक्ष सतीश कुमार शुक्ल ने कहा कि खण्ड शिक्षा अधिकारी अपने सरल स्वभाव से सेवा निवृत्त होने के बाद भी सभी के हृदय में हमेशा बसे रहेंगे। विद्यालय प्रधानाध्यापक देवेन्द्र कुमार वर्मा ने पुष्प माला पहनाकर तथा स्मृति चिह्न देकर सेवा निवृत्त हो रहे खण्ड शिक्षा अधिकारी का सम्मान किया।

## जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने सरदार पटेल की जयंती पर की पुष्पांजलि, दिलाई राष्ट्रीय एकता की शपथ

सीतापुर । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने लौह पुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयन्ती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर मल्यार्पण, पुष्पांजलि करते हुये नमन भी किया। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आज लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में सभी को राष्ट्रीय एकता की ''मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिये स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयन्त करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं जिसे सरदार बल्लभभाई पटेल का दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिये अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूं, की शपथ भी दिलायी, उनको याद भी किया एवं उनके विचारों पर प्रकाश भी डाला।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सरदार पटेल जयंती पर सरोजनी सियाराम बाबूराम नंद इंटर कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस




कैनविज टाइम्स संवाददाता

ततरोई, नैमिषारण्य। भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती एकता दिवस के रूप में स्थानीय सरोजनी सियाराम बाबूराम नंद इंटरमीडिएट कॉलेज कादीनगर में हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई। मुख्य अतिथि देवेंद्र नंदवंशी ने उपस्थित शिक्षक, शिक्षार्थियों को राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ दिलवाई तत्पश्चात सरदार पटेल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय में निबंध, भाषण एवं रन फॉर यूनिटी प्रतियोगिता का आयोजन जूनियर व सीनियर वर्ग में किया गया।विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सुनैना, सुनील, कपिल, कन्हैयालाल ,रंजीत, अमित, आलोक, पिंकी, शैलेन्द्र, पूजा, पलक, चन्द्र शेखर,सूरज,जूली, वैष्णवी, स्वीटी, मोहिनी, आकांक्षा, ज्योती, लक्ष्मी, अश्वनी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# मोंथा तूफान ने तोड़ दी किसानों की कमर, माथे पर चिंता की लकीरें

**भारी बारिश व तेज हवा से गिर कर डूब गईं फसले, सैकड़ों एकड़ अंकुरित हुए धान**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन, सीतापुर। बेमौसम बारिश ने किसानों को तबाह व बर्बाद कर दिया। यूरिया की किल्ल्त झेलते हुए जैसे तैसे बढे दामों में खरीदकर कुछ फसलें उपजाई तो पर चक्रवाती तूफान मोंथा ने किसानों की आँखों के सामने ही डुबो दी सैकड़ो एकड़ खड़ी धान की फ़सल। इस वर्ष प्रकृति व सरकार ने किसानों पर जुल्म ढाने में कोई कोर कसर ही नहीं छोड़ी सकरन क्षेत्र में जहां पूरा सीजन यूरिया के लिए भटकते रहे किसान अब उत्पादित फ़सल को बिचौलियों को औने पौने दामों में बेचने को मजबूर हो रहे साथ ही चक्रवाती तूफान ने लगी फ़सल को ही बर्बाद कर दिया।क्षेत्र के कुचलैया, सांडा, शाहपुर, नसीरपुर, रसूलपुर, कौवाखेरा, कम्हरिया कटेसर, दनियारपुर, अरुवा जैसे सैकड़ों गाँवो में सैकड़ो एकड़ फसल बर्बाद हो गई अब किसान पूर्व में काट चुके फ़सल को बेंचने के लिए दर दर भटकने को मजबूर हो रहे फिर भी जिम्मेदार हैं कि किसानों कि नहीं ले रहे सुध, अब रवी फ़सल के लिए उपलब्ध नहीं हो पा रही डी ए पी के साथ नहीं बिक रही धान कि फ़सल के बीच प्राकृतिक आपदा ने किसान की कमर ही तोड़ कर रख दी है।

## वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर बच्चों ने एकता की दिखाई झलक

लहरपुर सीतापुर। तहसील क्षेत्र के मोहल्ला चौपड़ी टोला में संचालित चिल्ड्रेन पैराडाइज़ कॉन्वेंट स्कूल व मदरसा रिज़वानुल उलूम में शुक्रवार को लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन आदर्शों पर चलने की शपथ ली गई।विद्यालय में प्रधानाध्यापक इकरा खान के नेतृत्व में शिक्षकों और बच्चों ने सरदार पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान अधिवक्ता एहतिशाम बेग ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जीवन शैली पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को अहम जानकारी हासिल कराई। जेबा, नाज़िया, रहनुमा खान,अमन नाग ,कहकशां, सहित अन्य अध्यापकों ने सरदार पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शों पर चलने की शपथ ली। इसी क्रम में विद्यालय के बच्चों ने राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया और तरह तरह तरीकों से यूनिटी इस स्ट्रेंथ कि पोज देकर सभी को आकर्षित भी किया।।

# लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वी जयंती पर सीओ नागेंद्र चौबे ने राष्ट्रीय एकता की दिलाई शपथ

**महोली क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे के नेतृत्व मे कोतवाली प्रभारी जे वी पांडे के साथ रन फार यूनिटी का कार्यक्रम आयोजित किया गया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

महोली, सीतापुर। जहां एक तरफ पूरे भारत में रन फार यूनिटी का कार्यक्रम किया जा रहा है उसी क्रम में सीतापुर जनपद के महोली तहसील के क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे के नेतृत्व में लौह पुरुष सरदार वल्लभ पटेल की 150 वी जयंती के अवसर पर आज सुबह नौ बजे महोली कोतवाली से शुगर मिल गेट तक रन फॉर यूनिटी की दौड़ का आयोजन किया गया।

महोली क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे के नेतृत्व मे कोतवाली प्रभारी जे वी पांडे के साथ रन फार यूनिटी का कार्यक्रम किया गया । इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नागेंद्र चौबे द्वारा सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गयी । कोतवाल जे बी पांडे के साथ दौड प्रतियोगिता में बड़ागांव चौकी के प्रभारी जितेंद्र कुमार नेरी चौकी इंचार्ज विनोद कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य स्वामी नाथ द्विवेदी के नेतृत्व में 170 छात्र छात्राओं सहित समस्त पुलिस स्टाप मौजूद रहा तो वही सभी के स्वास्थ्य की व्यवस्था को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर दीपांशु के नेतृत्व में डॉक्टर विनायक अवस्थी डॉक्टर ज्योति सिंह देवेंद्र कुमार नेत्र चिकित्सक अपनी टीम द्वारा मौजूद रहे सीओ महोली नागेंद्र चौबे ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम को संपन्न किया

# राजापुर से सौजन्या चौक तक सीडीओ अभिषेक कुमार ने पैदल निरीक्षण कर देखी फोरलेन निर्माण की रफ्तार

**नहरिया से सौजन्या तक जानलेवा पोल चिन्हित, 10 दिन में हटाने का अल्टीमेटम**

**आमजन की जान से खिलवाड़ नहीं होने देंगे, सीडीओ ने बिजली विभाग को दी कड़ी चेतावनी**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। शहर की डॉन बॉस्को नहरिया से सौजन्या चौक मार्ग पर आमजन की परेशानी का सबब बने खतरनाक विद्युत पोलों से अब जल्द राहत मिलेगी।सीडीओ अभिषेक कुमार ने शुक्रवार को राजापुर चौराहे से सौजन्या चौक तक पैदल निरीक्षण कर फोरलेन परियोजना का जायजा लिया और बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ पैदल भ्रमण कर एक-एक खतरनाक पोल को स्वयं चिन्हित किया।निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने जब कई जगह पोल सड़क के बीचोंबीच देखे तो वे भड़क उठे। मौके पर मौजूद विद्युत विभाग के अफसरों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि 10 दिन के भीतर सभी खंभे हट जाएं, किसी भी स्थिति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आमजन की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है।उन्होंने जोर देकर कहा कि सड़क पर खड़े ये खंभे किसी भी वक्त हादसे को जन्म दे सकते हैं, इसलिए बिना देरी किए तुरंत कार्रवाई हो। उन्होंने खुद पोलों के फोटो खिंचवाकर निगरानी का रिकॉर्ड तैयार करने के भी निर्देश दिए।सीडीओ अभिषेक कुमार ने मौके पर ही राजापुर चौराहे से डॉन बॉस्को नहरिया तक चल रहे फोर-लेन निर्माण कार्य की भी समीक्षा की। पोल शिफ्टिंग कार्य की गति देखकर उन्होंने संतोष जताया, लेकिन साथ ही बचे हुए 10 प्रतिशत पोल शिफ्टिंग कार्य को आज शाम तक पूरा करने का अल्टीमेटम दिया। शहरवासी अब और परेशान न हों, काम तेजी से पूरा किया जाए।सीडीओ के पैदल भ्रमण से विभागीय अफसरों में खलबली मच गई।

अधिकारियों ने मौके पर ही पोल शिफ्टिंग की कार्रवाई तेज करने का आश्वासन दिया। स्थानीय नागरिकों ने सीडीओ की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि लंबे समय से सड़क पर खंभों के कारण हादसों का डर बना रहता था। अब उम्मीद है कि सीडीओ की सक्रियता से शहर की सड़कों से जल्द ही 'खतरे के खंभे' गायब होंगे और लोगों को सुगम आवाजाही का तोहफा मिलेगा।

# सरदार पटेल जी ने देश को जोड़ा भेदभाव की हर कड़ी को तोड़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस पर अखंड भारत के सपने को सम्मान देने और देश की एकता व अखंडता के प्रति संकल्प को दोहराते हुए जनपद सीतापुर में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम का आयोजन थाना क्षेत्र कोतवाली देहात अंतर्गत सरदार वल्लभ भाई पटेल चौक, नैपालापुर चौराहा से प्रारम्भ किया गया जो लालबाग चौराहे पर समाप्त हुआ तथा थाना कोतवाली नगर अंतर्गत बहुगुणा चौराहा से प्रारम्भ होकर तरण ताल पर समाप्त हुआ। बुहगुणा चौराहे पर पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा समस्त अधिकारी/कर्मचारी एवं सभी प्रतिभागियों को देश की एकता, भाईचारे तथा कानून-व्यवस्था के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई गई। इस दौरान अधिकारियों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में



महत्वपूर्ण योगदान का स्मरण करते हुए उनके विचारों का अनुकरण करने का आह्वान किया। पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय द्वारा सरदार पटेल जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि सरदार पटेल जी द्वारा अपने जीवन का प्रत्येक क्षण देश की एकता और अखंडता के लिए समर्पित किया गया । उनका संपूर्ण जीवन हमें राष्ट्र सेवा की प्रेरणा प्रदान करता है। रन फॉर यूनिटी का आयोजन इसी उद्देश्य से किया गया है कि प्रत्येक नागरिक के भीतर ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' की भावना जागृत हो। यूनिटी और इंटेग्रीटी की भावना केवल एक विचार नहीं, बल्कि प्रत्येक भारतीय का परम कर्तव्य है।

## राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई लौहपुरुष बल्लभभाई पटेल जयंती



धौरहरा खीरी। धौरहरा और ईसानगर पुलिस ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर दौड़ लगाते हुए एकता का संदेश दिया। राजकीय इंटर कॉलेज धौरहरा में विधायक ने छात्रों को शपथ दिलाई, साथ ही उन्होंने भी रन फार यूनिटी में हिस्सा लिया। इस मौके पर एसडीएम शशिकांत मणि , तहसीलदार आदित्य विशाल, बीडीओ संदीप कुमार तिवारी, प्रभारी निरीक्षक शिवाजी दुबे आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने खैराबाद में दरी इकाइयों का किया औचक निरीक्षण



खैराबाद । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा शासन की महत्वाकांक्षी योजना एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजनान्तर्गत जनपद से भी चयनित उत्पाद दरी इकाईयों का औचक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम बदरूज्जमा, फखरूज्जमा, सदरूलजमा की दरी इकाई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा इकाई स्वामियों से दरी बुनाई/रंगाई से लेकर पैकेजिंग तक की पूरी प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की गयी। मैसर्स आईएनसी रग्स के प्रतिनिधि से जनपद में निर्मित दरियों के निर्यात की जानकारी प्राप्त की गयी। इस दौरान जिलाधिकारी महोदय ने दरी फैक्ट्री से निकलने वाले ड्रैनेज के विषय में जानकारी ली। तथा सभी दरी फैक्ट्रियां मानको के अनुसार कार्य करें तथा किसी भी प्रकार का प्रदूषण न फैलने पाये। इस पर विशेष विशेष ध्यान दें। अन्यथा होने अथवा शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## फरसैया गांव मे फिर से शेर ने किया पालतू गाये पर हमला उतारा मौत के घाट



लखीमपुर, खीरी। जनपद के फरसैया गांव मे फिर से शेर ने पालतू गाये पर हमला कर उतारा मौत के घाट गौ रक्षा दल पलिया टीम के प्रमुख चिंटू पूरी को सूचना मिलते ही मोके पर पहुंचे गांव वालों ने चिंटू पुरी से कहा की हमें आप का सहयोग चाहिए चिंटू पूरी ने गांव वालों से कहा की हमारा और हमारी पूरी टीम का पूरा सहयोग रहेगा। पलिया कलां के फरसैया गांव में फिर से शेर ने बनाया पालतू गाय को बनाया अपना शिकार गांव में बना हुआ दहशत का माहौल गांव वालों ने बताया की उस गांव में एक हफ्ते में शेर ने बनाया सात मवेशियों वा कुछ बकरी को अपना शिकार गांव में डर का माहौल बना हुआ है आज जानवरों पर हमला कर रहा है कल किसी इंसान पर भी हमला कर सकता है चिंटू पूरी गौ रक्षक ने वन विभाग से बात की जल्द से जल्द शेर को पकड़वाने की मांग की

## 13 दिनों बाद भी गोली कंाड मामलें में नीमगांव थाना पुलिस के हाथ खाली

नीम गांव ]खीरी। लखीमपुर खीरी जिले के अंतर्गत थाना नीमगांव क्षेत्र के लाल्हनपुर गांव में युवक को गोली मारने की घटना को 13 दिन बीत चुके हैं,लेकिन पुलिस अब तक हमलावरों तक नहीं पहुंच सकी है,घटना के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज की थी,पर अभी न तो कोई गिरफ्तारी हुई और न ही किसी का कोई सुराग मिल सका, नीमगांव थाना पुलिस हवा में हाथ पैर मार रही हैं।पीड़ित के भाई परमजीत ने दी गई तहरीर में बताया कि उसका भाई नवनेश विगत शनिवार शाम करीब साढ़े सात बजे दुकान के पास बैठा था,तभी एक बाइक पर सवार दो युवक और एक महिला वहां पहुंचे। उन्होंने नवनेश को बुलाया और पास आते ही गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद पुलिस को मौके से तमंचा और कारतूस मिले थे। इस संबंध में थाना अध्यक्ष आदित्य कुमार मौर्य ने बताया कि सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है,आरोपियों की पहचान की जा रही है,जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

# डीएम ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण, दिए निर्देश

**बंदियों से बात कर लिया सुविधाओं का फीडबैक, परखी खाने की गुणवत्ता**

**बंद दरवाज़ों के भीतर, व्यवस्था की खुली पड़ताल**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) पवन गौतम के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। डीएम ने बंदी ग्रह में जाकर बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए। बंदियों से बात कर सुविधाओं का फीडबैक लिया।डीएम-एसपी ने जेल के बैरक, पाकशाला, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया।उन्होंने सीसीटीवी कंट्रोल कक्ष का अवलोकन किया। उन्होंने एक-एक कैमरे के जरिए पूरे परिसर की गतिविधियों को देखा। निर्देश दिए कि इस कंट्रोल कक्ष के माध्यम से भी सतत निगरानी की जाए। निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, जेलर देवकंात वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# जनप्रतिनिधियों और स्कूली बच्चों ने लिया एकता का संकल्प

**देश की एकता और अखंडता के प्रतीक हैं सरदार पटेल : सुरेश राही**

**सरदार पटेल जयंती पर जनसमूह ने ली एकता और नशा मुक्ति की शपथ**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर सरदार150ङ्क समारोह के तहत जनपद में मेरा युवा भारत के संयोजन से एक भव्य पदयात्रा और कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित हुई। कलेक्ट्रेट परिसर से कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने विधायक योगेश वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, मंजू त्यागी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार और एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह के साथ झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया।*देशभक्ति नारों से गूंजे रास्ते, बच्चों ने बढ़ाया उत्साह*स्वयं मंत्री सुरेश राही हाथों में तिरंगा थामे, ल्लभारत माता की जयङ्क और ल्लवंदे मातरम्ङ्क के जयघोष के साथ जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों संग पदयात्रा में शामिल हुए। यह पदयात्रा कलेक्ट्रेट से मां जानकी (सौजन्या) चौक, गुरु गोविंद सिंह चौक, घंटाघर, जीआईसी, और परशुराम चौक होते हुए मेमोरियल मैदान तक पहुंची। रास्तेभर स्कूली छात्र-छात्राओं, अधिकारियों, कर्मचारियों, भाजपा कार्यकर्ताओं और आमजन ने देशभक्ति नारों के साथ हिस्सा लिया। मेमोरियल परिसर में पहुंचकर मंत्री सुरेश राही ने जनप्रतिनिधियों के साथ ल्लएक पेड़ मां के नामङ्क अभियान के तहत फलदार, छायादार और औषधीय पौधों का रोपण किया।इसके उपरांत मेमोरियल सभागार में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मंत्री सुरेश राही ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राष्ट्रगान के बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला आरंभ हुई।*सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखा देशभक्ति का रंग* आर्यकन्या इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया, एलपीएस के विद्यार्थियों ने ईश वंदना दी, जबकि जीजीआईसी की छात्रा सरस्वती पुरी ने रानी लक्ष्मीबाई पर ओजस्वी देशभक्ति प्रस्तुति से समा बांध दिया। छात्राओं ने योग प्रदर्शन और एम बी डी अकादमी की छात्राओं ने वृद्धजनों के सम्मान पर आधारित शिक्षाप्रद नाटक प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं।*देश की एकता और अखंडता के प्रतीक हैं सरदार पटेल : सुरेश राही*कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की आजादी में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई और भारत गणराज्य की नींव मजबूत की। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने अपने त्याग, तपस्या और अदम्य साहस से देश को एक सूत्र में पिरोया। वे हिंदुस्तानियों को एकता के सूत्र में बांधने वाले पुरोधा थे। केंद्र और प्रदेश सरकारें देशभक्ति और

# देश की एकता व अखंडता का संदेश देने निकली रन फॉर यूनिटी

**रन फॉर यूनिटी विभिन्न मार्गो से होते हुए पुलिस लाइन मैदान पर ही इसका समापन हुआ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। भारत रतन लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर जनपद में शुक्रवार को रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स आदि द्वारा रन फॉर यूनिटी में बड़े उत्साह व उमंग से प्रतिभाग किया गया। भारत माता की जय के नारों के बीच रन फॉर यूनिटी का उत्साह देखते ही बनता था। पुलिस लाइन मैदान से प्रारंभ होकर रन फॉर यूनिटी विभिन्न मार्गो से होते हुए पुलिस लाइन मैदान पर ही इसका समापन हुआ। सभी को राष्ट्रीय एकता दिवस पर देश की एकता व अखंडता की शपथ भी दिलाई गई। रन फॉर यूनिटी पुलिस लाइन मैदान से प्रारंभ होकर भामाशाह चौराहे से होते हुए



इंदिरा चौक, बाबूराम मार्केट, गांधी ग्राउंड चौराहे से लाबेला चौक होते हुए बस अड्डे के पास से होते हुए भामाशाह चौक होते हुए वापस पुलिस लाइन मैदान पर का समापन हुआ।

हाथ में एकता का संदेश देने वाले विभिन्न स्लोगन लेते हुए विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स व पुलिस बल का उत्साह देखते ही बनता था। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने सभी का मनोबल बढ़ाया व राष्ट्रीय एकता दिवस पर सभी को देश की एकता व अखंडता की शपथ भी दिलाई गई। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। चित्रकला, वाद विवाद (भाषण), निबंध, आवासों की साफ सफाई आदि विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। एसके इंटर कालेज के छात्र सार्थक राज ने बांसुरी वादन भी किया।भाजपा के बृज क्षेत्र के अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा कि जब देश संकटों से गुजर रहा था तब सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एकत्र करने जैसा महत्वपूर्ण कार्य किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है इसमें देश के सभी नागरिकों विशेषकर नौजवानों को सरदार बल्लभ भाई के जीवन से प्रेरणा लेकर देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत होकर संकल्प लेते हुए देश को आगे बढ़ाने का कार्य करना है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी को अपनाते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत की मा0 प्रधानमंत्री जी की परिकल्पना को साकार करना है इसमें सभी देशवासियों को निष्ठा व ईमानदारी से प्रयास करने होंगे। जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ऐसे नेता थे कि जिन्होंने देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। जब भारत आजाद हुआ तो 565 रियासतों को उसमें विलय करने का कार्य किया। उनका जन्म 31 अक्टूबर 1875 को हुआ तथा 15 दिसम्बर 1950 को उनके निधन से देश को बहुत क्षति हुई। हम सब लोग उनकी जयंती पर उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर उनको याद कर रहे हैं, आगामी 06 दिसंबर तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जनपद, प्रदेश व देशभर में आयोजित किए जाएंगे।

सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने एक भारत की परिकल्पना को साकार किया। उन्होंने देश के लिए अपना सर्वोच्च न्योछावर कर दिया उनकी स्मृति को याद करते हुए उनको नमन है।बिल्सी विधायक हरीश शाक्य ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने रियासतों को देश में मिलाने जैसा कार्य किया। ऐसे महापुरुष को हम नमन कर रहे हैं और श्रद्धा सुमन उनके लिए अर्पित कर रहे हैं।

## जिले में खनन अनुज्ञा-पत्र धारक और ईंट भट्ठा संचालक दिन के समय ही करा सकेंगे खनन

मुरादाबाद । जनपद मुरादाबाद के अनुज्ञा-पत्र धारक एवं ईंट भट्ठा संचालक निर्धारित शर्तों के अंतर्गत खनन कार्य प्रातः 06:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक ही करा सकेंगे। जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह ने इस संबंध में स्पष्ट तौर पर दिशा निर्देश

**जिलाधिकारी ने सख्त आदेश जारी करते हुए अधिकारियों को निर्देशित भी किया**

जारी कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि रात्रि के समय यदि अनुज्ञा-पत्र धारक या ईंट भट्ठा संचालकों द्वारा खनन कार्य कराया जाता है तो इसे अवैध खनन की श्रेणी में रखते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी। राज्य पर्यावरण प्रभाव प्राधिकरण समिति उत्तर प्रदेश द्वारा पर्यावरण स्वच्छता प्रमाण पत्र की विशिष्ट शर्तों के अंतर्गत भी खनन कार्य दिन के समय ही किए जाने के निर्देश हैं। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक पर प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को ध्यान में रखते हुए यह आदेश राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य पर प्रभावी नहीं होगा।

## फोटो, खबर चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

**मुरादाबाद , शिकारपुर।** सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम दंड से न्याय की ओर कार्यक्रम के क्रम में सरस्वती विद्या मंदिर ला कालेज में छात्रों को कानूनी जागरूकता से जोड़ने के उद्देश्य से चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुक्रवार को डा श्वेता सिंह और प्रमोद कुमार के संयोजन में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में अंजलि को पहले, प्रतिमा सिंह को दूसरे और अभिषेक कुमार को तीसरे स्थान पर चुना गया। उत्तमवीर सिंह व सोहेल आलम के संयोजन में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में साक्षी सिंह को पहले, काजल चौधरी को दूसरे और सृष्टि को तीसरे स्थान पर चुना गया। सभी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि कोतवाल चंदगीराम, उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार, संस्थान के सचिव विपिन बंसल, प्राचार्य डा बिनोद कुमार सिंह, रश्मि राघव, लक्ष्मी, अरविंद कुमार और वाला रानी आदि ने पुरस्कार सौंप कर सम्मानित किया।

## राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया लौह पुरुष की जंयती

**संभल।** डॉ अम्बेडकर प्राथमिक विद्यालय, चंदौसी में लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया, इस कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक मुरलीधर ने समस्त छात्र-छात्राओं को राष्ट्र की एकता, अखण्डता और देश की सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। इसके साथ ही बताया, कि सरदार पटेल जी की जयंती इस वर्ष सम्पूर्ण राष्ट्र ''एक भारत आत्मनिर्भर भारत'' की थीम के साथ मना रहा है।कार्यक्रम के दौरान सहायक अध्यापिका ज्योति द्विवेदी ने कहा, कि राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बनाए रखना, नागरिकों के बीच एकता की भावनाओं को मजबूत करना है। इस दिवस का आरंभ 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा की गयी, और देश को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी समर्पित की।कार्यक्रम में उपस्थित डॉ डी के अग्निहोत्री ने कहा, कि सरदार पटेल जी की जयंती केवल उत्सव नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्र की एकता, अखण्डता व संकल्पता का प्रतीक है। यह दिन?हमे देश की अखण्डता और सुरक्षा में योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम के दौरान मुरलीधर, ज्योति द्विवेदी, डॉ डी के अग्निहोत्री, युवराज,? अंश, साक्षी, संध्या, मिनी, प्रवीन, हनी, अर्पित, धव, अर्पित, राघव, शौर्य, एंजिल आदि छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## चन्दौसी के अक्रूर जी कन्या पाठशाला पर मनमानी फीस वसूली का आरोप, अभिभावक ने डीएम से की शिकायत

**बहजोई , सम्भल।** चन्दौसी के अक्रूर जी कन्या पाठशाला में फीस को लेकर एक अभिभावक ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ज्ञान प्रकाश शर्मा नामक अभिभावक ने जिला अधिकारी सम्भल को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि विद्यालय प्रशासन छात्रों से निर्धारित मानक से अधिक शुल्क वसूल रहा है और फीस जमा करने के बाद भी रसीद देने से मना करता है।ज्ञान प्रकाश शर्मा ने बताया कि उनकी दो बेटियाँ — वैष्णवी शर्मा (कक्षा 10-उ) और पूर्णिमा शर्मा (कक्षा 8-उ) — इसी विद्यालय में पढ़ती हैं। वे समय-समय पर नियमित रूप से फीस जमा करते हैं, लेकिन विद्यालय प्रशासन मनमाने ढंग से अधिक राशि वसूलता है। जब उन्होंने इस पर आपत्ति जताई तो प्रधानाचार्या ने रसीद देने से साफ इंकार कर दिया और बच्चों पर दबाव बनाया कि वे बिना सवाल किए फीस जमा करें।अभिभावक का कहना है कि वे एक दैनिक मजदूर हैं और अधिक फीस भर पाना उनके लिए संभव नहीं है। उन्होंने डीएम से मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है।शिकायत की प्रतिलिपि मुख्य विकास अधिकारी सम्भल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सम्भल और जिला विद्यालय निरीक्षक सम्भल को भी भेजी गई है।अभिभावक ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन इस मामले की गंभीरता से जांच कर गरीब अभिभावकों को राहत दिलाएगा।

## विधानसभा निर्वाचन नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत समस्त सुपरवाइजर को दिया गया प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्वाचन से संबंधित समस्त सुपरवाइजर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

डिप्टी कलेक्टर निधि पटेल के द्वारा समस्त सुपरवाइजर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के अन्तर्गत बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 04 नवंबर 2025 से 04 दिसम्बर 2025 तक चलेगा। इस विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 होगी। बूथ लेवल ऑफिसर्स ( बीएलओ) द्वारा घर घर जाकर प्रत्येक मौजूदा निर्वाचकों को 2 प्रतियों में गणना प्रपत्र का वितरण किया

**प्रशिक्षण के अन्तर्गत बताया गया कि विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य 04 नवंबर 2025 से 04 दिसम्बर 2025 तक चलेगा**

जाएगा तथा भरे हुए गणना प्रपत्र संग्रहित किये जाएंगे। यदि मतदाता घर पर नहीं है तो गणना प्रपत्र उसके परिवार के व्यस्क सदस्य को दिया जा सकता है।यदि किसी बीएलओ को कोई घर बन्द या ताला लगा हुआ मिलता है, तो वह गणना प्रपत्र को घर के अन्दर ( पद्यद्बद्ध) कर दिया जाएगा और भरा हुआ गणना प्रपत्र प्राप्त करने हेतु कम से कम 03 बार उस घर का भ्रमण करना होगा। गणना प्रपत्र के वितरण एवं संग्रहण के दौरान मतदाताओं से गणना प्रपत्र के अलावा अन्य कोई अभिलेख / दस्तावेज जमा नहीं किया जाएगा। घर घर भ्रमण के दौरान बीएलओ के पास नये निर्वाचकों को सम्मलित करने हेतु प्रपत्र 6 व सुधार / स्थानांतरण हेतु फार्म-8 एवं घोषणा प्रपत्र उपलब्ध रहेंगे तथा यथा आवश्यक उक्त फार्म भरवाये जायेंगे। निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन 09 दिसम्बर 2025 को किया जाएगा। आलेख्य प्रकाशन के उपरांत दिनांक 08 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां दाखिल किये जा सकेंगे।फार्म में लगी फोटो के पास ही नवीनतम रंगीन फोटो चस्पा की जाएगी।

बीएलओ एप पर अपडेट भी करना होगा उन्होंने कहा कि बीएलओ एप 8.66 वर्जन को डाउनलोड करना होगा। डिप्टी कलक्टर सौरभ कुमार पाण्डेय द्वारा भी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गयी तथा उन्होंने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम वर्ष 2003 के वाद 2025 में हो रहा है। सभी सुपरवाइजर अलर्ट मोड़ पर रहें । अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा द्वारा भी विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

## मामी ने भांजे की सिर पर हथौड़ा मारकर की हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

शिकारपुर। नगर क्षेत्र के मोहल्ला लाल दरवाजा में मामी ने अपने घर आए भांजे के सिर पर हथौड़ा से प्रहार कर हत्या कर दी। पुलिस ने हत्यारोपी मामा और मामी को हिरासत में ले लिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम ने बताया कि बृहस्पतिवार की देर शाम शिकारपुर के मोहल्ला गंज सादात निवासी इमरान (35 वर्ष) पुत्र उस्मान खान शिकारपुर के ही मोहल्ला लाल दरवाजा में रह रहे अपने मामा जावेद के घर गया था।

कहा जा रहा है कि इस दौरान मामी रुखसाना और इमरान के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी होने के बाद मारपीट हुई। इसी बीच आरोपित है कि मामी रुखसाना ने इमरान के सिर पर हथौड़ा से प्रहार कर दिया। गंभीर रूप से घायल हुए इमरान को उपचार के लिए

**वारदात के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया है और दोनों हत्यारोपी मामा और मामी को हिरासत में लेकर कई बिंदुओं से पूछताछ की जा रही है**

शिकारपुर अस्पताल ले जाया गया। गंभीर हालत होने पर उसे जिला अस्पताल से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। लेकिन, रास्ते में उसकी मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक इमरान के चाचा बिलाल द्वारा मामा जावेद और मामी रुखसाना को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने शव को पीएम को भेज दिया है और दोनों हत्यारोपी मामा और मामी को हिरासत में लेकर कई बिंदुओं से पूछताछ की जा रही है।

## जिले की समस्त तहसीलों में 1 नवंबर के स्थान पर अब 3 नवंबर को आयोजित होगा सम्पूर्ण समाधान दिवस

**मुरादाबाद।** 01 नवंबर 2025 को जिले की समस्त तहसीलों में आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस की तिथि में परिवर्तन किया गया है। अब यह संपूर्ण समाधान दिवस 03 नवंबर 2025 (सोमवार) को पूर्व निर्धारित रोस्टर के अनुसार अधिकारियों की अध्यक्षता में पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक आयोजित होगा। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा 01 और 02 नवंबर 2025 को आयोजित होने वाली परीक्षा के दृष्टिगत शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में संपूर्ण समाधान दिवस के आयोजन के लिए निर्धारित दिवस में परिवर्तन किया गया है।

## रामलीला मंचन समिति ने कलाकारों व पत्रकारों का किया सम्मान

**गुन्नौर,संभल।** गांव रजावली में चल रही श्रीरामलीला के मंचन में भाग लेने वाले कलाकारों एवं पत्रकारों को गुरुवार की रात्रि सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रामलीला मंचन समिति की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों, समिति पदाधिकारियों एवं पत्रकारों को शाल ओढ़ाकर तथा प्रतीक चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अजयवीर सिंह यादव ने की। उन्होंने सभी सम्मानित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रामलीला के मंचन से समाज में आदर्श जीवन मूल्यों के साथ-साथ धर्म, सत्य और न्याय की भावना का प्रसार होता है।सम्मान प्राप्त करने वालों में वरिष्ठ पत्रकार संजीव वार्ष्णेय, विभोर अग्रवाल, कपिल वार्ष्णेय, मनोज यादव, संजय कुमार, महेश गिरि, शिवांकर शर्मा, दानवीर कुशवाह, मंजूलता एडवोकेट, डिंपल राघव, यशवीर यादव, शाहबुद्दीन सहित अन्य को प्रतीक चिह्न व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे जिन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

## नगर पालिका में मनाई गई सरदार पटेल जयंती

**बदायूं।** नगर पालिका परिषद में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष फात्मा रज़ा ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में पालिकाध्यक्ष फात्मा रजा ने सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता के लिए जो योगदान दिया, वह सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। सभी को उनके आदर्शों और सिद्धांतों पर चलकर देश की एकता और विकास में योगदान देना चाहिए।कार्यक्रम में जलकल अभियंता नितिन सक्सेना, कर निर्धारण अधिकारी चन्द्र भूषण, जेई निर्माण सूर्य प्रताप सिंह, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मोहम्मद तय्यब, कार्यालय अधीक्षक खालिद अली, खाद्य निरीक्षक केशव गंगवार, निर्माण लिपिक सचिन सक्सेना, नवैद इक़बाल गनी, सूर्य प्रकाश सक्सेना, रजनेश चन्द्र, शरीफ अहमद, लवी, राजेन्द्र सिंह, विनोद सोनकर, सुमित सिंह, महेश बाबू, मनोज सोनकर, इमरान, गजेन्द्र समेत अनेक पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बिल्सी थाने में मनाई गई सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती

**बदायूं।** पूर्व गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल लोह पुरुष के व्यक्तित्व की उनके सोच की अग्रसरित करते हुए उनके जयंती के अवसर पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक बिल्सी एवं गण मान्य लोगों ने प्रतिभा किया।

## विश्व शांति महायज्ञ के तीसरे दिन जैन मुनि वसुनंदी के प्रवचनों से भावबिभोर हुए श्रोता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जैन मुनि वासु नंदी महाराज के प्रवचनों में तीसरे और अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त किया। इस अवसर पर सिद्ध चक्र महामहोत्सव और विश्व शांति महायज्ञ का आयो जन किया गया, जिसमें जैन समुदाय के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विश्व शांति और आध्यात्मिक उन्नति को बढ़ावा देना था। जैन मुनि वासु नंदी महाराज ने अपने प्रवचनों में जैन धर्म के मूल सिद्धांतों और आध्या त्मिक ज्ञान के बारे में विस्तार से बताया।कार्यक्रम के दौरान भक्ति गीतों और शांतिधारा के साथ वातावरण भक्ति-मय हो उठा। मुनि श्री ने अपने प्रवचन में कहा कि सिद्धचक्र पूजा आत्मशुद्धि और आंतरिक शांति का प्रतीक है। जब मनुष्य अपने भीतर झाँककर आत्मा की शक्ति को पहचानता है, तभी सच्चा धर्म और शांति प्राप्त होती है। उन्होंने जीवन में अहिंसा, सत्य और संयम को अपनाने का संदेश दिया तथा सभी से समाज में प्रेम, सद्भाव और सेवा की भावना को प्रबल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पूर्व महाप्रबंधक शैखुपुर चीनी मिल बदायूँ तथा पूर्व बाढ़ खंड अधिकारी डी0के0 जैन सहित स्थानीय लोगों में जैन समाज के विकास जैन महावीर जैन गौरव जैन रोहित जैन पार्थ जैन मनीष जैन शालिनी जैन सौरभ जैन मधु जैन पूजा जैन तृप्ति जैन संजय जैन तथा उनके पुत्र वरदान जैन इत्यादि अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और मुनि श्री के प्रवचनों का लाभउठाया। कार्यक्रम के दौरान भक्ति गीतों और शांतिधारा के साथ वातावरण भक्ति- मय हो उठा। इस अवसर पर जैन समुदाय के लोगों ने एकत्रित होकर विश्व शांति और आध्यात्मिक उन्नति के लिए प्रार्थना की और जैन धर्म के मूल सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प लिया।

## धान खरीद व कृषक पंजीकरण की धीमी प्रगति पर डीएम नाराज़, तेजी लाने के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में धान खरीद की समीक्षा करते हुए कम खरीद एवं कृषक पंजीकरण पर अपनी कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देशित किया गया कि आगामी एक सप्ताह में विगत वर्ष में इस अवधि तक हुई धान खरीद से तथा मण्डल के औसत खरीद से अधिक हो।

शुक्रवार को डीएम ने समीक्षा के दौरान पाया कि जनपद में अबतक 319 पंजीकृत कृषकों से 2235.41 मी0टन की धान खरीद हुई है तथा 533.168 लाख रुपए देय भुगतान के सापेक्ष 356.757 लाख रुपए का भुगतान कृषकों को कर दिया गया है। क्रय संस्था पी0सी0एफ0, पी0सी0यू0 एवं यू0पी0एस0एस0 के 19 क्रय केन्द्रों में से 12 क्रय केन्द्रों पर गुरुवार को 300 कु0 से कम खरीद की गयी है,

**डीएम ने समीक्षा के दौरान पाया कि जनपद में अबतक 319 पंजीकृत कृषकों से 2235.41 मी0टन की धान खरीद हुई है, तथा 533.168 लाख रुपए देय भुगतान के सापेक्ष 356.757 लाख रुपए का भुगतान कृषकों को कर दिया गया**

07 धान क्रय केन्द्रों पर 300 खरीद हुई है।डीएम ने क्रय संस्था पी0सी0एफ0 एवं पी0सी0यू0 के 02 क्रय केन्द्रों पर अभी तक खरीद प्रारम्भ न होने पर सम्बन्धित क्रय संस्था के जिला प्रबन्धकों को कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देशित किया गया कि जिस क्रय संस्था के धान क्रय केन्द्रों पर अभी तक खरीद प्रारम्भ नहीं हुई है उन केन्द्रों पर तत्काल खरीद प्रारम्भ कराते हुए शून्य हटायें तथा समस्त क्रय केन्द्रों पर कम से कम 200 कु0 प्रतिदिन से खरीद कराना सुनिश्चित करें।उन्होंने यह भी निर्देशित किया गया कि विगत वर्ष जनपद में इस अवधि तक हुए पंजीकरण से अधिक हो। समस्त जिला प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया कि जनपद में प्रत्येक केन्द्र प्रभारी 05 पंजीकरण प्रतिदिन करायेंगे। तथा विगत वर्ष के सापेक्ष धान खरीद एवं कृषक पंजीकरण में प्रगति कराना सुनिश्चित करें। प्रत्येक केन्द्र प्रभारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी कृषक को अपना धान विक्रय करने में कोई असुविधा न हो। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/जिला खरीद अधिकारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी, बदायूँ, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता बदायूँ तथा समस्त क्रय संस्था के जिला प्रबन्धक आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनायी गयी लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल, बहजोई। लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150 वीं जयंती जनपद में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। जनपद में राष्ट्रीय एकता के संदेश को फैलाने के लिए सभी वर्गों के सहयोग से रन फॉर यूनिटी का भी आयोजन किया गया।

बस स्टैंड पजाया बहजोई पर जनपद स्तरीय रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मा. माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी जी रहीं। रन फॉर यूनिटी के अन्तर्गत बस स्टैंड पजाया बहजोई से एसडी रिसोर्ट चंदौसी रोड़ बहजोई तक राष्ट्रीय एकता के लिए दौड़ का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि मा. मंत्री जी द्वारा दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा मा. मंत्री जी तथा जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई तथा मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं

**रन फॉर यूनिटी के अन्तर्गत दौड़ को मुख्य अतिथि मंत्री गुलाब देवी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**पुलिस अधीक्षक द्वारा राष्ट्रीय एकता की दिलायी गयी शपथ**

सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक भाटी, भाजपा के जिलाध्यक्ष हरेन्द्र सिंह रिंकू तथा पूर्व एमएलसी परमेश्वर लाल सैनी,क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ प्रदीप कुमार सिंह,क्षेत्राधिकारी यातायात दीपक तिवारी, जिला विकास अधिकारी राम आशीष,जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार ,खण्ड विकास अधिकारी बहजोई ओमवीर सिंह तथा अन्य अधिकारी गण एवं जनप्रतिनिधि गण तथा सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एस बी एम जूड़ो एकेडमी, बहजोई इण्टर कॉलेज तथा हीरा देवी तोताराम कन्या इण्टर कॉलेज, भगत जी इंटरनेशनल स्कूल तथा वार्ष्णेय इण्टर कॉलेज के छात्र एवं छात्राओं एवं अध्यापकों आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

एसडी रिसोर्ट बहजोई में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सर्व प्रथम पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई द्वारा उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गयी। इसके उपरांत सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक भाटी द्वारा साइबर अपराध पर जागरुकता के संबंध में प्रस्तुतिकरण किया गया। जिसमें साइबर अपराध से बचाव के तरीके बताये गये तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित प्रयोग, साइबर अपराध की रिपोर्टिंग, हेल्पलाइन नंबर 1930 आदि के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने अपने सम्बोधन में कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी द्वारा देश की एकता और अखंडता के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया गया। उन्होंने 565 देशी रियासतों को एकत्र कर देश को भारतवर्ष बनाया।

## श्रद्धा एवं गरिमा के साथ मनाई गई पटेल जी की जयंती

बबराला। भारत के लौहपुरुष एवं स्वतंत्र भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती बुधवार को नगर में श्रद्धा एवं गरिमा के साथ राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर नगर पंचायत परिसर में आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय तथा अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी की अध्यक्षता रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उपस्थित जनों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और समरसता की भावना को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने कहा कि सरदार पटेल ने देश की सैकड़ों रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर आधुनिक भारत की नींव रखी। उनके अदम्य साहस, दूरदृष्टि और राष्ट्रनिष्ठा से आज का अखंड भारत संभव हो सका है।अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस का उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति और एकजुटता की भावना को दृढ़ करना है।

## डीएम-एसएसपी ने कार्तिक मेले के व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद, अनूपशहर। कार्तिक मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएम तथा एसएसपी ने भौगोलिक निरीक्षण के बाद सभी विभागों के अधिकारियों से बिंदुवार चर्चा कर ईमानदारी से ड्यूटी का आह्वान किया।शुक्रवार को जिलाधिकारी श्रुति वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ पुल के नीचे जाकर मेला के मुख्य पड़ाव स्थल का बारीकी से भौगोलिक निरीक्षण कर एसडीएम तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को दिशा निर्देश दिए। मेला क्षेत्र में आवागमन के मार्ग को दुरुस्त करने के साथ विशेष जोर देते हुए कहा कि गंगा में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा में किसी प्रकार की त्रुटि नहीं रहनी चाहिए।मेला स्थल का निरीक्षण करने के बाद मेला से संबंधित पीडब्ल्यूडी, विद्युत, पालिका, स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा, अग्निशमन, सिंचाई, जल निगम, परिवहन, खाद्य सुरक्षा आदि जनपद स्तरीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठन आदि के साथ एलडीएवी इंटर कालेज सभागार में बिंदुवार वार्ता की। डीएम ने कहा कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान कराना प्राथमिकता है। प्रतिबंधित घाटों को बंद करने, स्नान घाटों पर बैरिकेडिंग लगाने, नावों में गोताखोरों को तैनात करने, मेला से पूर्व आने वाले श्रद्धालुओं को पुल के निकट ठहराने की व्यवस्था, सुरक्षा, चिकित्सा, शौच, पेयजल, अग्निशमन, सफाई, पथ प्रकाश, स्नान के बाद महिलाओं को कपड़े बदलने की व्यवस्था, मेला के दौरान अतिरिक्त रोडवेज बस चलाने, पार्किंग आदि व्यवस्थाओं को दुरस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की इस बार कार्तिक मेला सीसीटीवी की जद में रहेगा। जिससे जिला मुख्यालय पर भी देखा जा सकता है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग से मार्ग में हो रहे गड्ढों को जल्दी से भरने, विद्युत विभाग से अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने व दुर्घटनाओं को रोकने के लिए विद्युत पोलों पर पालीथीन लगाने का निर्देश दिया। एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने अनूपशहर, डिबाई, स्याना के सीओ को मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, जाम से निपटने के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी गांव में जाकर श्रद्धालुओं से ट्रैक्टर-ट्रॉली में यात्रा न करने के लिए बैठक करें। इस मौके पर एडीएम प्रशासन प्रमोद कुमार पांडे, एसपी देहात डा.तेजवीर सिंह, एसडीएम प्रियंका गोयल, एसडीएम डिबाई मनीष कुमार, स्याना एसडीएम रविन्द्र प्रताप सिंह, सीओ रामकरन सिंह, तहसीलदार संजय कुमार, नायब तहसीलदार खुशबू सिंह, चेयरमैन बृजेश गोयल, पालिका ईओ गार्गी त्यागी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# फोरेक्स ठगी मामले को केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री ने लिया संज्ञान , कार्रवाई का आश्वासन

**बोले–जब गोंडा की बदनामी होती है, तो हमारा सिर शर्म से झुक जाता है**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने सात राज्यों में फोरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर सौ करोड़ रुपये से अधिक की धो खाधड़ी के मामले का संज्ञान लिया है।

उन्होंने अबूधाबी में बैठे मुख्य आरोपी लविश चौधरी उर्फ नवाब और देवीपाटन मंडल में बैठे उसके राजदार राहुल के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री की तिवर्धन सिंह ने बताया कि उन्होंने इस विषय प र सुबह ही बात की है और पूरे मामले की विस्तृ त जानकारी मांगी है।उन्होंने कहा कि संबंधित अथॉरिटी से सोमवार को बात की जाएगी और लोगों से अपील की कि यदि उनके पास कोई और जानकारी हो तो वे उन तक पहुंचाएं। उन्हों ने गोंडा के सम्मान का जिक्र करते हुए कहा, गोंडा हम सब लोगों की शान और गौरव है।

बोले- गोंडा की बदनामी पर झुक जाता है सिर जब गोंडा की बदनामी होती है,तो हमारा सिर शर्म से झुक जाता है। ऐसी घटनाओं को रोकने की हम सबकी जिम्मेदारी है।'' मंत्री ने विश्वास दिलाया कि सोमवार को ही इस पूरे मामले में कार्रवाई कर लोगों को अवगत कराया जाएगा। करोड़ों की ठगी कर देवीपाटन मंडल में शरण लेने और हर माह अबू धाबी जाने के आरोपों पर केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री ने कहा इसकी पूरी जांच कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि यह पता लगाया जाएगा कि इन लोगों के पास पैसा कहां से आ रहा है।उन्होंने जोर देकर कहा''हम इसके नीचे तक जाएंगे।जब दिल्ली से इस पूरे मामले में जांच होगी, तो एक-एक चीज और हर एक स्तर पर जांच की जाएगी।मंत्री ने लोगों से सोम वार तक का समय मांगा और कहा कि यदि कोई और तथ्य हो तो वे उन्हें उपलब्ध कराएं।कीर्तिवर्धन सिंह ने दृढ़ता से कहा, ''हम इस पूरे मामले में लगे हैं और कठोर कार्रवाई करेंगे। ह म गोंडा को ठगों और लुटेरों का अड्डा नहीं बनने देंगे।'' इस बीच, देवीपाटन मंडल में बैठे राहुल की पहचान अभी तक उजागर नहीं हो पाई है। अभी यह भी स्पष्ट नहीं है कि वह कहां का रह ने वाला है।अब तक केवल 'राहुल' नाम ही साम ने आया है,जिसको लेकर तरह -तरह की अट कलें लगाई जा रही हैं।

दरअसल भ्रष्टाचार और फ्रॉड को लेकर के हमेशा केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया सख्त रहे हैं और इस बार भी उन्होंने कड़ा रुख अपनाया है इस पूरे मामले में सख्त कार्रवाई की बात क ही है।दरअसल बीते तीन दिनों से लविश चौध री और देवीपाटन मंडल में बैठा उसका राजदार राहुल मीडिया की सुर्ख़ियों बना हुआ है।सूत्रों की माने तो देवीपाटन मंडल में बैठा राहुल लवि श गिरोह की अहम कड़ी है। राहुल के खिलाफ इंटरपोल ब्लू नोटिस भी जारी हुई है और यह अब यह जांच एजेंसियों के रडार पर है।लेकिन आखिर वह राहुल कौन है इस बात का खुलासा भी नहीं हो रहा है।

# तरबगंज पुलिस ने नए कानून को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च बांटे पेम्पलेट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के के निर्देश पर तरबगंज पुलिस ने तीन नये कानू न भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम बीएसए) संबंधी पम्पलेट बांटकर पुलिस ने लोगां को जागरूक किया।तरबगंज थाना प्रभारी निरीक्षक कमला कंत त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम के द्वारा कस्बा तरबगंज में पैदल मार्च किया गया जिस में कस्बा तरबगंज के व्यापारियों व आम जनता को पुराने कानूनों में संशोधित कर बनाये गये न ये कानून से सम्बन्धित बुकलेट व पम्पलेट को वितरित कर जागरुक किया गया,पुलिस ने लो गों को बताया कि नए कानून के तहत जीरो एफआईआर की शुरुआत हो जाएगी।संज्ञेय अपराध के मामले में पीड़ित किसी भी थाना क्षेत्र में शिकायत दर्ज करवा सकेगा।इसके बाद जांच के लिए संबंधित थाना में एफआईआर को स्थानांतरित कर दिया जाएगा।इसका उद्देश्य है कि अपराधों में महिलाओं व बच्चों को एक पुलिस स्टेशन से दूसरे पुलिस स्टेशन जाए बिना थाने में जल्दी रिपोर्ट दर्ज होने का लाभ मिलेगा।जीरो एफआईआर की प्रति शिकायत कर्ता को दी जाएगी।इस दौरान जवान भी मौ जूद रहे।तरबगंज पुलिस ने नए कानून संबंधी जानकारी दिया।

# एसडीएम मोनालिसा जौहरी की अगुवाई में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस

**कार्यक्रम का शुभारंभ उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाकर किया गया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। भारत के लौह पुरुष, स्वतंत्र भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर तहसील नानपारा सभागार में राष्ट्रीय एकता दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाकर किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं समस्त तहसील स्टाफ मौजूद रहे।आरंभ में अधिकारियों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसके पश्चात उपस्थितजनों ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने तथा विविधता में एकता के आदर्शों को अपनाने की शपथ ली। अपने प्रेरक उद्बोधन में एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कहा कि सरदार पटेल ने अपने अदम्य साहस और प्रशासनिक दक्षता से भारत की 562 रियासतों को एक सूत्र में बांधकर राष्ट्र की एकता और अखंडता की मजबूत नींव रखी। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे पटेल जी के आदर्शों को आत्मसात कर देश की एकता और सुरक्षा के प्रति सदैव सजग रहें। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ हुआ। पूरा आयोजन देशभक्ति, अनुशासन और सौहार्द की भावना से ओतप्रोत रहा। इस अवसर पर एसडीएम मोनालिसा जौहरी द्वारा सरदार पटेल के आदर्शों और राष्ट्रीय एकता के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने का सार्थक प्रयास किया गया।

## कृषक प्रक्षेत्रों पर बुवाई के लिये उपलब्ध है विभिन्न प्रकार की सब्जियों के बीज

बहराइच । जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि उद्यान विभाग बहराइच में 4401 उद्यान एवं आलू योजनान्तर्गत कृषक प्रक्षेत्रों पर बुवाई हेतु मटर, मेंथी, मूली, धनिया, पालक, राजमा एवं आलू प्रजाति कुफरी चिप्सोना एफ-2 का बीज राजकीय दर पर विक्रय हेतु उपलब्ध है। वर्तमान में इनकी बुवाई का समय चल रहा है एवं अन्य फसलों की अपेक्षा शाकभाजी एवं बागवानी फसलें कृषकों की आय वृद्धि में सहायक है।

इच्छुक कृषक बन्धु कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, बहराइच से कार्यालयावधि में अच्छी किश्मों के उक्त बीज नकद मूल्य पर प्राप्त कर अपने प्रक्षेत्रों पर बुवाई कर सकते हैं। अधिक जानकारी हेतु अखण्ड प्रताप सिंह, प्रभारी 4401 उद्यान एवं आलू योजना, के मोबाइल नम्बर 9198278842 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# इंटरनेशनल जादूगर मि. इंडिया को मिला आयरन मैन सरदार वल्लभ भाई पटेल अवॉर्ड

**यह सम्मान संगम एकेडमी पब्लिकेशन, कोटा (राजस्थान) द्वारा प्रदान किया गया**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। सामाजिक समरसता और राष्ट्रभक्ति की भावना को नई दिशा देने वाले ख्याति प्राप्त इंटरनेशनल जादूगर मि.इंडिया (परसपुर, गोण्डा)को प्रतिष्ठित ल्लआयरन मैन सरदार वल्लभ भाई पटेल अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया है।

जादूगर मि. इंडिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सम्मान संगम एकेडमी पब्लिकेशन, कोटा (राजस्थान) द्वारा प्रदान किया गया। संस्था के निदेशक ओम प्रकाश लोववंशी ने कहा कि मि. इंडिया ने अपने कलाऽकौशल और सामाजिक योगदान के माध्यम से समाज में एकता, सद्भाव और सेवा की भावना को सशक्त बनाया है।आपके असाधारण योगदान जो सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देता है, आपकी देशभक्ति और सेवा की भावना समाज के लिए एक नई प्रेरणा है।गौरतलब है कि यह सम्मान प्रति वर्ष उन व्यक्तित्वों को दिया जाता है, जो अपने कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं और सरदार पटेल के आदर्शों को जीवित रखते हैं।जनपद गोण्डा अंतर्गत विकास खण्ड परसपुर के ग्राम हरदिहा सपौर के एक साधारण परिवार में जन्मे जादूगर मि. इंडिया ने लगातार मेहनत, लगन और कला के प्रति समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है। अब तक वे दो सौ से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त कर अपने जनपद और प्रदेश का नाम गौरवान्वित कर चुके हैं।

# रन फॉर यूनिटी' रैली के साथ केवीके पर मनाई गई लौह पुरुष की जयंती



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच । कृषि विज्ञान केंद्र, नानपारा पर भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर केंद्र के वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने उनके चित्र पर फूल-माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम डॉ. संदीप कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष के दिशा निर्देशन मे कराया गया। इस दौरान उपस्थित सभी कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई, जिसमें देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने का संकल्प लिया गया। जयंती अवसर पर ल्लरन फॉर यूनिटीङ्क रैली का भी आयोजन किया गया, जिसमें केंद्र के वैज्ञानिकों, कर्मचारियों एवं किसानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के माध्यम से लोगों को सरदार पटेल के आदर्शों, राष्ट्र की एकता और सहयोग की भावना को अपनाने का संदेश दिया गया, कार्यक्रम में श्रीमती रेनू आर्या, सुनील कुमार, उमेश कुमार, संदीप कुमार गौतम, डॉ. एस. बी. सिंह एवं उपेंद्र सिंह सहित केंद्र वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं किसान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# रन फॉर यूनिटी : सरदार पटेल की जयंती पर डीएम और विधायक ने लगाई दौड़

**जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर 'रन फॉर यूनिटी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में किलोमीटर लंबी दौड़ को अंबे डकर चौराहे से क्षेत्रीय भाजपा अध्यक्ष अवधेश कमलेश मिश्रा,जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह दौड़ अंबे डकर चौराहे से शुरू होकर गांधी पार्क में समा प्त हुई।

कार्यक्रम के समापन पर वंदे मातरम का गायन किया गया और प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्षेत्रीय भाजपा अध्यक्ष,सदर विधायक जिलाधि कारी द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान क्षेत्रीय भाजपा अध्यक्ष,जिलाधिका री और विधायक स्वयं भी दौड़ में शामिल हुए हाथों में तिरंगा झंडा लेकर इन लोगों ने भी दौड़ लगाई है।हल्की बारिश के बावजूद स्कूली बच्चों सहित आम लोगों ने भी इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई है जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का सपना तभी साकार होगा जब हम सरदार वल्लभ भाई पटेल के दिखाए मार्ग पर चलेंगे। उन्होंने बताया कि गुजरात के एक छोटे से गांव में जन्मे सरदार पटेल भारत के पहले उप प्रधानमंत्री बने और देश के लिए कई ऐति हासिक कार्य किए।वहीं,क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश कमलेश मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि 2014 के बाद भाजपा सरकार आने से लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत हुई है।

उन्होंने जोर दिया कि ऐसे कार्यक्रम देश के विकास, एकता और भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए प्रेरित करते हैं।मिश्रा ने सभी से स्वदेशी अपना ने का संकल्प लेने का आह्वान किया,जिसे अमृ त काल' की घोषणा के साथ जोड़ा गया है,वही एसआईआर का विरोध किए जाने पर क्षेत्रीय भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जब लोगों को लगा कि देश विकास की रफ्तार में पड़ रहा है लोग एकजुट हो रहे हैं राष्ट्र के लिए काम कर रहे हैं। तो विरोध करने वाले लोगों की खिचड़ी नहीं पक पा रही है जो राष्ट्र विरोधी लोग थे उनकी सरकारी आ नहीं पा रही हैं तो स्वाभाविक रूप से उनका विरोध करना काम है।उनके परिवार के लोग मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री और मंत्री नहीं ब न पा रहे हैं इसीलिए उनके पेट में दर्द होना स्वा भाविक है।

## सूचना विभाग द्वारा लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी




बहराइच । स्वतंत्र 19 भारत के वास्तुकार लौह पुरूष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जयन्ती ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' जिले में धूम-धाम के साथ मनाया गया। राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिला सूचना कार्यालय बहराइच द्वारा कार्यालय भवन में चित्र प्रदर्शनी भी लगायी। लौह पुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल की इस प्रदर्शनी को देखने के लिये जनपद के सम्मानित लोगों समेत मीडिया प्रतिनिधियों के लोगों ने भी इसका अवलोकन किया।

# कृषि विभाग में हुई परिचर्चा : जैविक खेती को बढ़ावा, धरती और स्वास्थ्य बचाने पर जोर

**गोष्ठी में प्राकृतिक व जैविक खेती हेतु चर्चा परिचर्चा आयोजित करने के लिए कार्य योजना भी बनाई**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। जनपद के प्रगतिशील किसान व पर्यावरणविदो ने कृषि विभाग से जुड़े अधिकारियों से मिलकर जनपद के ग्रामीणांचल इलाको में विष मुक्त, खेती नशा मुक्त गाँव अभियान चलाए जाने का आवाहन किया।

कृषि विभाग से जुड़े अधिकारियों व अन्य सहयोगी विभाग व कृषि वैज्ञानिकों के साथ मिलकर ग्रामीणांचल इलाको में चिन्हित स्थलों पर कृषक गोष्ठी आयोजन कर प्राकृतिक व जैविक खेती हेतु चर्चा परिचर्चा आयोजित करने के लिए कार्ययोजना भी बनाई। कृषि विभाग में आयोजित परिचर्चा व क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम में उपस्थित प्रगतिशील किसान व पर्यावरणविदो को संबोधित करते हुए उपनिदेशक कृषि विनय कुमार वर्मा ने कहा कि रासायनिक उर्वरक व कीटनाशक दवाइयों के ज्यादा उपयोग के चलते धरती के बांझ होने का खतरा बना हुआ है साथ ही उत्पादित अनाज के उपभोग से जन सामान्य तमाम बीमारियों से ग्रषित हो रहे है ऐसे में अब आवश्यक है कि किसान चरणबद्ध तरीको से जैविक, हरित, कम्पोस्ट व परंपरागत खादों का उपयोग करे ताकि हमारा स्वास्थ्य व समृद्धि बेहतर बनी रह सके और धरती भी उपजाऊ बनी रहे।किसान परिषद प्रदेश संयोजक पर्यावरणविद संजीव श्रीवास्तव ने कृषि अधिकारियों को अवगत कराया की अंधाधुंध रासायनिक उर्वरक व कीटनाशक दवाइयों के उपयोग के चलते तराई की धरती बांझ हो रही है और लोग असाध्य बीमारियों की चपेट में आकर पैसा और स्वास्थ्य बर्बाद कर रहे है । तराई इलाको में लगातार बढ़ रहे रासायनिक दवाइयों व उर्वरकों के प्रयोग से खेती व किसानी की दुर्दशा शुरू हो गई है हालात भयावह है इनपर प्रभावी नियंत्रण के लिए जन जागरण अभियान चला कर किसानों को विष मुक्त खेती अभियान से जोड़ा जाना ही परिवार समाज व राष्ट्र के लिए बेहतर होगा।परिचर्चा का संचालन किसान परिषद जिला संयोजक शिव पूजन सिंह ने किया तथा अध्यक्षता वरिष्ठ भाजपा नेता परशुराम कुशवाहा ने किया।

आयोजित परिचर्चा में प्रमुख रूप से जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ,उप जिला कृषि अधिकारी शिशिर वर्मा ,रूल ऑफ लॉ सोसाइटी अध्यक्ष अनिल मिश्रा, समाजसेवी विनोद पाठक, पर्यवारणविद डॉ पंकज श्रीवास्तव, योगाचार्य सुशील बाजपई,जिला कृषि रक्षा अधिकारी आदि लोग उपस्थित रहे। समापन अवसर पर उपनिदेशक कृषि व जिला उद्यान अधिकारी ने साग-भाजी व सब्जी, खेती का प्रगतिशील कृषको को अवलोकन करवाया।

# पटेल की जयंती पर ऑनलाइन रील, क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**छह दिसंबर तक चलेगा कार्यक्रम, गोण्डा लोकसभा क्षेत्र में भी होंगे विभिन्न आयोजन**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर ऑनलाइन रील, क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता का होगा आयोजन।युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा माय भारत सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर सरदार 150 कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों की शुरूआत की गई है।

ये गतिविधियां मुख्य रूप से युवाओं को एकता, सेवा विकसित भारत के निर्माण पर आधारित है। इस क्रम में गोंडा जनपद में भी ऑनलाइन रील, क्विज एवं निबंध प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। भारत सरकार से प्राप्त निर्देश के अनुसार प्रस्तावित कार्यक्रम माय भारत पोर्टल के माध्यम से जिला एवं राष्ट्रीय स्तर पर 6 दिसंबर तक आयोजित होंगे। इसी क्रम में 6 अक्टूबर को भारत सरकार ने सरदार अप्ल्लद्वप्भ द्वथन्दद्ध की शुरुआत की गयी है। यह भारत सरकार और माय भारत की पहल है, जो लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती को समर्पित है। इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, युवाओं में देशभक्ति, कर्तव्य भावना को जागृत करना है। सरदार पटेल ने भारत को जिस तरह बिखरे हुए भारत को एक भारत बनाया, उसी भावना से पदयात्रा आगे बढ़ाएगी। इस अभियान के जरिए युवाओं को एक भारत आत्मनिर्भर भारत के आदर्श अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा?। इस अभियान के प्रथम चरण में जिला स्तरीय पदयात्रा, जिला स्तरीय पदयात्रा 31 अक्टूबर से 25 नवंबर 2025 तक हर संसदीय क्षेत्र के सभी जिलों में तीन दिन तक 8 से 10 किलोमीटर दूरी की पद यात्रा होगी। इस दौरान योग एवं हेल्थ शिविरों के साथ क्षेत्र में स्वच्छता अभियान का भी आयोजन होगा? पदयात्रा के दौरान सरदार पटेल की प्रतिमा/ चित्र श्रद्धांजलि, आत्मनिर्भर भारत पर शपथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक स्थानीय प्रशासन माय भारत, एनसीसी, एनएसएस के सहयोग से किया जा रहा है। द्वितीय चरण में राष्ट्रीय पदयात्रा 26 नवंबर से 6 दिसंबर के मध्य कर्मसद से स्टैचू ऑफ यूनिटी केवड़िया गुजरात तक निकाली जाएगी। उपरोक्त कार्यक्रम में माय भारत, एनसीसी, एनएसएस और युवा लीडर भाग लेंगे। इस अभियान में देशभर के युवाओं से आग्रह है कि वह ऐतिहासिक पहल से जुड़ें और सक्रिय भागीदारी करें। मेरा युवा भारत गोण्डा के प्रशिक्षक विनय श्रीवास्तव, यूथ लीडर अर्पित श्रीवास्तव, योगेश तिवारी, सांसद प्रतिनिधि राजेश सिंह, कमलेश पाण्डेय, रमाशंकर मिश्रा के साथ ही विद्याभूषण द्विवेदी, संदीप पांडेय, मनोज मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## गोण्डा से होगा भू–माफियाओं का सफाया : कीर्तिवर्धन सिंह

गोण्डा। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को जय महल में केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया वर्चुअल प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने लौह पुरूष के जीवन पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने जिले में भू-माफियाओं की सक्रियता पर चिंता जताई और कहा कि यह किसी भी दशा में स्वीकार नहीं किया जाएगा। केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि गोण्डा को भू-माफियाओं से मुक्त करने का उन्होंने संकल्प ले रखा है। इसके लिए वे जिलाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों से बात करेंगे और कार्रवाई कराएंगे। दरअसल, प्रेस वार्ता के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के समक्ष करनैलगंज तहसील क्षेत्र के कादीपुर में 60 बीघे जमीन का कूटरचित तरीके से बैनामा करा लेने का मामला उठाया गया था। इसे उन्होंने बहुत गंभीर बताते हुए कहा कि कल ही इस मामले में अधिकारियों से बात करके कार्रवाई कराएंगे। राजा भैया ने कहा कि गोण्डा को सभी तरह के माफिया से मुक्त करने का उन्होंने संकल्प ले रखा है। इसमें सभी का सहयोग चाहिए। वे हमेशा गोण्डा के जन-जन के साथ हैं। उनके दुख-सुख में हमेशा साथ थे और रहेंगे। केंद्रीय मंत्री के सामने अन्य कई मुद्दे उठाए गए जिस पर उन्होंने कार्रवाई कराने का भरोसा दिया।

# जो व्यक्ति दुख सहता है वही सुख भोगता है : आचार्य शान्तनु जी महाराज

## गौरीगंज विधायक के आवास मंगलम भवन पर चल रही श्रीराम कथा में उमड़ी श्रोताओं की भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह के आवास मंगलम भवन पर चल रही श्रीराम कथा के नवम दिवस पर कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने अरण्य कंाड की कथा प्रारम्भ किया एवं जयंत के मानभंग की कथा सुनाई नारद जी के समझाने पर वह भगवान के पास आकर क्षमा मांगी है और भगवान ने उसे क्षमा किया है,यह से प्रभु अत्रि अनुसुइया जी के आश्रम में आये है दोनों अत्यंत प्रसन्न हुए है माता अनुसुइया जी ने सीता जी को स्त्रीधर्म की बहुत सी बातें सिखलाई है यह से प्रभु आगे बढ़े है और ऋषियों ने प्रभु को अस्थियो के ढेर को दिखाया और भगवान ने भुजाये उठाकर प्रतिज्ञा की कि मैं इस धरती को निसिचर हीन करुंगा।कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने सुपर्णखा के गूढ़ एवं विनोदपूर्ण प्रसंग को सुनाया एवं गिद्धराज जटायु के मार्मिक प्रसंग को सुनाया।माता शबरी के प्रसंग को सुनाते हुये कथा व्यास ने कहा कि शबरी सम्पूर्ण मानस में धैर्य व प्रतीक्षा की साक्षात प्रतिमूर्ति है एवं भगवान द्वारा शबरी को दिये गये नवधा भक्ति के उपदेश को सुनाया ततपश्चात हनुमान जी के माध्यम से सुग्रीव से भेंट हुई है। भगवान के द्वारा रावण का उद्धार किया गया विभीषण को लंका का राजपद दिया है एवं माता सीता को लेकर लखन जी सहित पुष्पक विमान से अयोध्या पुनः आगमन हुआ है सारी अयोध्या भगवान का स्वागत कर रही है पूरी अयोध्या रोशनी से जगमगा रही है भगवान ने भारत जी को अपने हाथों से नहलाया है वशिष्ठ जी ने भगवान का राज तिलक किया है सभी ब्राह्मणों ने आशीष दिया है पूरी कथा में भगवान के राजतिलक की बधाइयां गाये जाने लगी सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ व्यास पीठ का पूजन कर कथा व्यास का माल्यार्पण कर स्वागत किया।इस मौके पर राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह,अयोध्या धाम के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, सुल्तानपुर के सदर विधायक राज बाबू उपाध्याय, कालपी जालौन के विधायक विनोद चतुर्वेदी, ब्लाक प्रमुख तिलोई मुन्ना सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ।

# 37.63 करोड़ की लागत से बनेगा दो लेन का नया पुल

## विधायक विनोद सिंह ने किया शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। आधुनिक भारत के निर्माता सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर जनपद सुलतानपुर को बड़ा तोहफ़ा मिला है। इस विशेष दिन पर गोमती नदी के गोलाघाट पर बनने वाले दो लेन पुल का भूमि पूजन और शिलान्यास भव्य कार्यक्रम के साथ किया गया।

कार्यक्रम में शहर विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह ने जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी और नगर पालिका परिषद चेयरमैन प्रवीण कुमार अग्रवाल के साथ फीता काटकर व शिलापट का अनावरण करते हुए निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस पुल के निर्माण पर ?3763.10 लाख (?37.63 करोड़) की लागत आएगी। विधायक विनोद सिंह ने इस अवसर पर कहा कि जैसे सरदार पटेल ने भारत को एकता के सूत्र में पिरोया था, वैसे ही यह पुल सुलतानपुर के विकास को जोड़ने वाला सेतु बनेगा। यह केवल सड़क नहीं, बल्कि नए सुलतानपुर की मजबूत नींव है। उन्होंने बताया कि पुल बनने से अयोध्या, प्रयागराज और लखनऊ जाने वाले यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी और शहर से सीधी कनेक्टिविटी स्थापित होगी। इससे व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में नई संभावनाएँ खुलेंगी। शहरवासियों ने इसे सरकार की बड़ी उपलब्धि बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में सुलतानपुर निरंतर विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा निषाद, जिला महामंत्री घनश्याम चौहान, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. आर. ए. वर्मा, कोषाध्यक्ष पूजा कसौधन, उपाध्यक्ष आनंद द्विवेदी, नगर अध्यक्ष रीना जायसवाल, बीजेपी नेता डॉ. डी. एस. मिश्रा, कूरेभार ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत सिंह सोनू, मोतिगरपुर ब्लॉक प्रमुख चंद्र सिंह सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता, विभागीय अधिकारी और आमजन उपस्थित रहे।

# डिस्लेक्सिया जागरूकता के तहत बच्चों, अभिभावको को किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुलतानपुर उपेन्द्र गुप्ता के निर्देशानुसार चल रहे। डिस्लेक्सिया जागरूकता माह के अंतर्गत जनपद के विद्यालयों में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को जागरूक करने हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शुक्रवार को कूरेभार विकास क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय अकौढी में प्रधानाध्यापिका ऊषा सिंह के नेतृत्व में सहायक अध्यापक समरजीत वर्मा, राममहेश सिंह, रीना सिंह, अंजू सिंह, सोनू वर्मा एवं स्पेशल एजुकेटर शत्रुघ्न वर्मा के सहयोग से जागरूकता रैली निकालने के बाद विद्यालय प्रांगण में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से डिस्लेक्सिया से संबंधित जानकारी दी गई और विद्यार्थियों में इस विषय को लेकर संवेदनशीलता बढ़ाने का प्रयास किया गया। इसी क्रम में अखण्डनगर के कम्पोजिट विद्यालय अखण्डनगर में स्पेशल एजुकेटर संदीप कुमार के नेतृत्व में रैली निकालकर बच्चों, अभिभावकों और अध्यापकों को डिस्लेक्सिया की पहचान एवं सहायता के उपायों के बारे में बताया गया। स्पेशल एजुक्टरों ने बताया डिस्लेक्सिया एक सीखने से जुड़ी विशेष स्थिति है जिसमें बच्चे को पढ़ने,शब्दों को पहचानने में कठिनाई होती है, जबकि उसकी बुद्धिमत्ता सामान्य रहती है। यह कोई मानसिक या बौद्धिक कमी नहीं है, बल्कि सीखने का एक अलग तरीका है। उचित पहचान, समझ और सहयोग से ऐसे बच्चे अपनी क्षमताओं का बेहतर विकास कर सकते हैं। शिक्षकों ने बताया कि ऐसे बच्चों को अतिरिक्त धैर्य, प्रोत्साहन और सही शिक्षण पद्धति की जरूरत होती है। अभिभावकों को भी बच्चों के प्रति संवेदनशील रहते हुए उनकी ताकतों को पहचानना चाहिए।

## कांपा में मनाई गई सरदार पटेल की जयंती और इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि

बल्दीराय/सुल्तानपुर। बल्दीराय तहसील क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कांपा बल्दीराय में शुक्रवार को लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं आयरन लेडी इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापक ने छात्रों को सरदार पटेल के जीवन, योगदान और देश की एकता के प्रति उनके प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के आदर्श आज भी देश की अखंडता और भाईचारे के प्रतीक हैं।सभी अध्यापकों और बच्चों ने एक स्वर में राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ ली। कार्यक्रम में सहायक अध्यापक लवलेश कुमार के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी का आयोजन भी किया गया,जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम के अंत में अध्यापकों ने देश की एकता,समरसता और सांप्रदायिक सद्भाव को बनाए रखने का संकल्प लिया।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में दिलायी राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता की शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**जनपद में रन फार यूनिटी कार्यक्रम को डीएम और एसपी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया**

**जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों को वितरित किया फल**

अमेठी । भारत रत्न लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती शुक्रवार को जनपद में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नवीन कलेक्ट्रेट परिसर एवं नवीन पुलिस लाइन में ‟रन फॉर यूनिटी" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी संजय चौहान एवं पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने हरी झंडी दिखाकर किया। रन फॉर यूनिटी में जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिसकर्मियों, विद्यालयों के छात्र छात्राओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता के संदेश के साथ दौड़ लगाई। इसके उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और जनसामान्य को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने के लिये स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा।जिलाधिकारी ने सरदार पटेल की जयंती पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरदार पटेल ने अपने अदम्य साहस, दूरदृष्टि और राष्ट्रनिष्ठा से देश की रियासतों का एकीकरण कर भारत की अखंडता को सशक्त किया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा है कि विविधता में एकता ही भारत की पहचान है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि समाज में सौहार्द, एकजुटता और भाईचारे की भावना को सशक्त करने के लिए निरंतर प्रयास करना ही सरदार पटेल के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर जिला अस्पताल गौरीगंज पहुंचकर भर्ती मरीजों को फल वितरित किए, उनसे वार्ता की और अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान अपर जिलाधिकारी अर्पित गुप्ता, अनिल चतुर्वेदी, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह,सीएमओ डॉ. अंशुमान सिंह, डॉ. बी.पी. अग्रवाल, वीरभानु सिंह, बीएसए संजय तिवारी, डीआईओएस डॉ. राजेश द्विवेदी, एसडीएम प्रीति तिवारी सहित अन्य अधिकारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## पूरनपुर ब्लाक सभागार में 3 नवंबर को ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में मीटिंग होगी संपन्न

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। दिनांक 10.10.2025 के द्वारा निर्धारित की क्षेत्र पंचायत की बैठक की तिथि 29.10.2025 में अपरिहार्य कारणों से ऑशिक संसोधन किया जाता है। बैठक पूर्व निर्धारित एजेण्डा एवं निम्नांकित बिन्दुओं गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि,बाल विकास विभाग से सम्बन्धित योजनाओं पर विचार,बाल विकास विभाग से सम्बन्धित योजनाओं पर विचार,पेयजल योजना के संचालन पर विचार, कृषि एवं सहकारिता विभाग से संचालित योजनाओं पर विचार,स्वास्थ्य एवं पशुचिकित्साविभाग की योजनाओं पर विचार,स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं एनआरएलएम योजना पर विचार, महात्मा गांधी नरेगा के क्रियान्वयन पर विचार, प्रधानमंत्री आवास योजना व मुख्यमंत्री आवास योजना सहित अन्य विन्दु पर विचार विमर्श किया जायेगा। उक्त बैठक दिनांक 03.11.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे ब्लाक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह की अध्यक्षता में विकासखण्ड पूरनपुर के सभागार में आयोजित की जायेगी।

## एडीएम ने सिधियांवा के फैसल खान को छह माह के लिये किया जिलाबदर

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिन व्यक्तियों का आसपास के क्षेत्रों में आतंक व भय व्याप्त है और उनके विरूद्ध कोई भी व्यक्ति कुछ बोलने अथवा साक्ष्य देने का साहस नही करता है, ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध कड़ा रूख अपनाते हुये अपर जिला मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता ने गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुये उन्हें जनपद की सीमा से छह माह के लिये निष्कासित कर दिया है।अपर जिला मजिस्ट्रेट ने फैसल खान पुत्र मोहम्मद अनीस निवासी ग्राम सिधियांवा थाना जगदीशपुर को आदेशित तिथि छह अक्टूबर से छह माह की अवधि के लिये जनपद की सीमा से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है। इसके साथ ही जिला मजिस्ट्रेट अमेठी ने जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय गुण्डा तत्व एवं आपराधिक कार्य में संलिप्त लोगों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिये हैं।जनपद के किसी भी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत कोई भी असामाजिक तत्वों द्वारा यदि लोकशांति व लोक सुरक्षा को भंग करने का प्रयास किया जाएगा तो उसके विरुद्ध तत्काल निरोधात्मक कार्यवाही किए जाने हेतु पुलिस को कड़े निर्देश दिये गये हैं।

## सपा कार्यालय पर मनाई गई सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता।राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार सपा कार्यालय में आधुनिक भारत के निर्माता भारत रत्न से सम्मानित लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी एवं महान समाजवादी नेता एवं विचारक आचार्य नरेंद्र देव की जयंती मनाई गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने अपने संबोधन में कहा सरदार वल्लभ भाई पटेल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक महान नेता राष्ट्रीय निर्माता और स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री थे उन्हें प्यार से लौह पुरुष कहा जाता है। वल्लभभाई पटेल एक साधारण कृषक परिवार से थे, वल्लभ भाई पटेल ने इंग्लैंड जाकर वकालत की पढ़ाई पूरी कर वकील बने ,वहां से लौट के बाद अहमदाबाद में वकालत शुरू की, और बहुत सफल वकील बने वल्लभभाई पटेल महात्मा गांधी से प्रेरित होकर स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया खेड़ा सत्याग्रह और बारडोली सत्याग्रह में किसानों का नेतृत्व किया और ब्रिटिश सरकार को झुकने पर मजबूर कर दिया था।इस मौके मुख्य रूप से सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर,सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर,सपा युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, धनपति वर्मा एडवोकेट,सपा जिला उपाध्यक्ष हाजी अकबर अहमद अंसारी, सपा जिला उपाध्यक्ष काशीराम सरोज,अमित पाठक एडवोकेट,सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष निरंजन कुमार गंगवार,बरखेड़ा महासचिव नरेश कुमार सागर,प्रशांत अवस्थी, डॉ. राममूर्ति गंगवार,महेश पटेल,महेश कश्यप,शुभम पटेल,रामू,अर्जुन भारती,धनपत मौर्य, जहीर, शेरा,मुनेंद्र पाल,सत्यपाल,महेश कुमार वर्मा,भगवानदास आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे।

## 1900 बूथों पर एकता दिवस के रूप में मनाई गई सरदार पटेल की 150 वीं जयंती

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी ने लौह पुरुष सरदार पटेल की 150 वीं जयंती एकता दिवस के रूप में मनाई।1900 से अधिक बूथों पर समारोह पूर्वक भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। शहर में सरदार पटेल की मूर्ति से 'रन फार यूनिटी' के तहत कैश मनी क्रास कंट्री रेस आयोजित हुई। इस मौके पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि शंकर गिरि ने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरदार पटेल के एक भारत-श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार कर रहे हैं। यदि सरदार पटेल भारत के प्रधानमंत्री होते तो पाकिस्तान और बांग्लादेश भारत का अभिन्न अंग होता।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर नीचे गिरी, एक की मौत पांच घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय/सुल्तानपुर। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर गुरुवार रात तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर ड्राइवर को नींद आ जाने से, अनियंत्रित होकर लगभग दस फीट नीचे गिर गई। जिसमे एक युवक की मौत हो गई तो वहीं अन्य पांच लोग घायल हो गए तथा दो माह की बच्ची बाल बाल बच गई।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र से गुजरी पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन 96.8 चकटेरी गांव के पास आजमगढ़ से एक ही परिवार के सात लोग छठ पूजा मनाकर, फॉर्च्यूनर कार संख्या यूपी 50 एएन 0007 से लखनऊ लौट रहे थे कि गुरुवार रात लगभग पौने दस बजे चालक को एकाएक नींद आ जाने से कार अनियंत्रित होकर रेलिंग तोड़ते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के लगभग दस फीट नीचे पानी में जा गिरी। जिसमें चालाक शुभम यादव पुत्र कैलाश यादव उम्र लगभग (25वर्ष) निवासी सरांयखुर्द जनपद आजमगढ़ की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और कार में सवार गीता देवी पत्नी कैलाश यादव उम्र लगभग (52 वर्ष), नीतू यादव पुत्री कैलाश यादव उम्र लगभग( 24 वर्ष), रवि यादव पुत्र गोलू यादव (22 वर्ष), विशाल यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव उम्र लगभग (26 वर्ष) ,काजल यादव पुत्री कैलाश यादव (16 वर्ष) निवासी सरांयखुर्द थाना जहां गंज जनपद आजमगढ़ गंभीर रूप से घायल हो गए । सूचना पर पहुंची बल्दीराय पुलिस ने यूपीडा बचाव दल के सहयोग से एम्बुलेंस द्वारा इलाज हेतु समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कूरेभार भिजवाया गया जहां प्राथमिक उपचार बाद हालात गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने इलाज हेतु लखनऊ के लिए रिफर कर दिया गया। वहीं हादसे में दो माह की बच्ची बाल बाल बच गई। इस संबंध में थाना प्रभारी नारदमुनि सिंह ने बताया कि घायलों व मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। मृतक शुभम यादव के शव को विधिक कार्यवाही बाद पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

# बीएसए कार्यालय पर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने लौह पुरुष सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी हैं।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित की सभी स्टाफ ने सरदार पटेल जी के आदर्शों और उनके देश की एकता और अखंडता के लिए किए गए योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया है।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने उनके बताए रास्ते पर चलने की सभी स्टाफ को उनके शपथ दिलाई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि लौह पुरुष सरदार पटेल के आदर्शों और उनके कार्यों को याद करना और उनके द्वारा दिए गए एकता और अखंडता के संदेश को आगे बढ़ाना हैं।

# परिषदीय विद्यालय में मनाई गई पटेल जयंती बच्चों ने निकाली स्कूल चलो अभियान रैली



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।विकासखंड की ग्राम पंचायत आनंदपुर उर्फ भगवंतपुर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बच्चों ने स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया। बच्चों ने स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकालकर ग्रामीणों को जागरूक किया।ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।विद्यालय के शिक्षक सूर्य प्रकाश गंगवार अध्यक्ष उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ पूरनपुर के अलावा विद्यालय का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिक्षक सूर्य प्रकाश गंगवार ने कहा कि महान बनने के लिए महान विचारों का होना आवश्यक है। क्योंकि विचार ही व्यक्ति की पहचान होते हैं।ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का प्रसार करना और बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करना हैं।विद्यालय स्टाफ ने सरदार पटेल जी के आदर्शों और उनके कार्यों को याद करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया है।

# जिला स्तर पर 'पदयात्रा एवं एकता दौड़' का भव्य आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत। सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर मेरा युवा भारत पीलीभीत द्वारा, युवा कल्याण विभाग के समन्वय में तथा जिला प्रशासन पीलीभीत के सहयोग से एक भव्य जिला स्तरीय पदयात्रा एवं एकता दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक सूचना प्रौद्योगिकी एवं वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद द्वारा गांधी स्टेडियम में सरदार वल्लभभाई पटेल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया।इसके उपरांत सभी उपस्थित लोगों द्वारा ‟एकता शपथ" ली गई। शपथ में देश की एकता, अखंडता और भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया गया। इसके बाद एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न विद्यालयों एवं युवा संगठनों ने राष्ट्र एकता पर आधारित प्रस्तुतियाँ दीं। केन्द्रीय मंत्री ने कहा सरदार वल्लभभाई पटेल जी ने भारत की एकता और अखंडता को सर्वोपरि रखा। उनके आदर्श, त्याग और दूरदृष्टि के कारण ही आज हम एक मजबूत, संगठित और समृद्ध भारत के गर्वित नागरिक हैं। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।इसके पश्चात मुख्य अतिथि जितिन प्रसाद ने एकता दौड़ एवं पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह यात्रा गांधी स्टेडियम से प्रारंभ होकर सुंगधी चौक से छतरी चौक होते हुए पुनः गांधी स्टेडियम तक संपन्न हुई। इस अवसर पर लगभग 1200 प्रतिभागियों ने देशभक्ति और उत्साह के साथ सहभागिता की। पदयात्रा के उपरांत, जिला मजिस्ट्रेट पीलीभीत ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर छात्र/छात्राओं के द्वारा बनाए गए स्लोगन संकलन किए गए। आयोजित कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,नगर पालिका अध्यक्ष आस्था अग्रवाल,डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर, जिला विद्यालय निरीक्षक राजीव कुमार, बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि,अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# उम्मीदों पर पानी

आखिरकार, लंबे समय से दिल्ली को प्रदूषण से मुक्त कराने के लिए विकल्प के बड़े दावे के रूप में प्रचारित कृत्रिम बारिश का प्रयोग सिरे नहीं चढ़ सका है। अन्ततः दिल्ली में यह बहु-प्रचारित प्रयोग स्थगित करना पड़ा। बल्कि बारिश की फुहारों के बजाय राजनीतिक घमासान और सवालों की बारिश के रूप में इसकी परिणति हुई। राष्ट्रीय राजधानी के आकाश में छाये जहरीले धुएं को धोने के लिए जो करीब सवा तीन करोड़ रुपये खर्च किए गए, वे बूंदाबांदी भी नहीं नहीं ला सके। इसके बाद न केवल आसमान सूखा रहा बल्कि दिल्ली की उम्मीदें भी सूखी रहीं। इसके इतर प्रदूषण के समाधान के लिए बहुप्रचारित इस प्रयोग के असफल होने के तुरंत बाद आम आदमी पार्टी और सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी में राजनीतिक घमासान शुरू हो गया। इसमें दो राय नहीं कि वैज्ञानिक परीक्षण तार्किकता और अनुकूल परिवेश में ही सिरे चढ़ता है। इसी तरह क्लाउड सीडिंग के लिए जरूरी अनुकूल परिस्थितियों के न होने के तथ्य को गंभीरता से नहीं लिया गया। दरअसल, कृत्रिम बारिश केवल उन्ही परिस्थितियों में फलीभूत होती है जब वातावरण में पर्याप्त नमी हो, आसमान में घने बादल छाए हों तथा हवा का रुख स्थिर बना रहे। दुनिया के कई देशों, मसलन चीन, थाईलैंड और संयुक्त अरब अमीरात में कृत्रिम बारिश के प्रयोग इसलिए सफल हो सके क्योंकि उन्होंने इस प्रयोग को सिरे चढ़ाने के लिये सही समय को चुना था। दिल्ली के शासन-प्रशासन ने इस प्रयोग को अमली जामा पहनाने से पहले इस बात को नजरअंदाज किया कि दिल्ली का आसमान शुष्क है और वातावरण में नमी की कमी है। ऐसे में पर्याप्त आर्द्रता यानी बादलों के पर्याप्त घनत्व के बिना सिल्वर आयोडाइड की लपटें बारिश पैदा नहीं कर सकतीं। ऐसा नहीं हो सकता कि इस विकल्प को सिरे चढ़ाने वाले योजनाकारों को विज्ञान की यह सीमा ज्ञात नहीं थी। फिर भी यदि सरकार आगे बढ़ी तो निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि सरकार की प्राथमिकता परिणामों के बजाय इससे मिलने वाले प्रचार को लेकर ज्यादा रही। ऐसे में एक सवाल यह भी उठता है कि क्या दिल्ली सरकार समस्या के वास्तविक समाधानों की अनदेखी करते हुए कृत्रिम बारिश को सिरे चढ़ाने वाले महंगे विकल्पों पर दांव लगा सकती है? वास्तव में हमें प्रदूषण की जड़ों पर प्रहार करने की जरूरत है। कृत्रिम बारिश एक फौरी विकल्प तो हो सकता है,लेकिन समस्या का अंतिम समाधान नहीं हो सकता। वास्तव में आज जरूरत प्रदूषण उत्सर्जन के स्रोतों को बंद करने की है। दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को दुरुस्त करने की आवश्यकता है ताकि लोग निजी वाहनों का उपयोग कम करें। सरकार की प्राथमिकता वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को कम करने, साल भर चलने वाले निर्माण कार्य से उत्पन्न धूल को नियंत्रित करने तथा पर्यावरण अनुकूल मानदंडों को सख्ती से लागू करने की होनी चाहिए। सरकार को चाहिए था कि खर्चीली कृत्रिम बारिश की योजना को सिरे चढ़ाने के बजाय हवा को अधिक प्रभावी ढंग से साफ करने को तरजीह दी जाती। निर्विवाद रूप से यह असफल प्रयोग सत्ताधीशों की एक बड़ी बीमारी को भी दर्शाता है, जो प्रदूषण नियंत्रण को बतौर कारगर नीति लागू करने के बजाय उसके समाधान के प्रयासों को प्रचारित करने की प्रवृत्ति से ग्रसित हैं। दिल्ली की कई सरकारों के कार्यकाल में प्रदूषण नियंत्रण कार्य में प्रगति कम हुई है और विज्ञापनों पर करोड़ों रुपये खर्च करके लोकलुभावनी योजनाओं का ज्यादा प्रचार होता रहा है। ऐसी नीतियों को सिरे चढ़ाने में सख्त अनुशासन की जरूरत है। इसमें दो राय नहीं कि प्रदूषण के संकट का समाधान हेलीकॉप्टरों के जरिये आकाश में रसायन बिखेरने से नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर सुशासन, निरंतर योजना को क्रियानवित करने और वैज्ञानिक उपायों को सिरे चढ़ाने में दृढ़ता दिखाने से होगा। कृत्रिम बारिश के इस प्रयोग की विफलता के बावजूद भविष्य में ऐसे प्रयोगों से हाथ पीछे खींचना भी उचित नहीं होगा। भले ही इस बार बादलों ने साथ नहीं दिया, लेकिन भविष्य में अनुकूल परिस्थितियां बन सकती हैं। इस प्रयोग का सबक है कि दिल्ली के लाखों लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिये वैज्ञानिक संस्थानों और नागरिक एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय के साथ ऐसी योजनाओं को सिरे चढ़ाना चाहिए।

# 'रेवड़ी संस्कृति' : लोकतंत्र का आधार या प्रलोभन की डगर?

**बिहार का यह चुनाव इसलिए खास नहीं है क्योंकि इससे दो दशकों से राज्य का चेहरा रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भविष्य तय होना है–यह खास इसलिये है क्योंकि दोनों गठबंधनों की तरफ से एक जैसी राजनीति चल रही है–लोकलुभावन घोषणाओं की। महागठबंधन ने दो दिन पहले 'तेजस्वी –संकल्प' घोषित किया। कांग्रेस, आरजेडी और दूसरे सहयोगी दलों ने बीते दिनों में जो चुनावी वादे किए हैं, उन्हें ही इसमें शामिल किया गया है। दूसरी ओर एनडीए के वादों की लिस्ट भी बेहद लंबी है। शुरुआत में नीतीश सरकार की तरफ से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 10 हजार रुपये, 125 यूनिट फ्री बिजली, एक करोड़ नौकरियों का वादा, महिलाओं को नौकरी में आरक्षण, बढ़ी पेंशन–नीतीश ने चुनावी अभियान इस तरह शुरू किया। महागठबंधन ने जवाब में 200 यूनिट फ्री बिजली, हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, महिलाओं को हर महीने ढाई हजार, और भी बहुत कुछ देने का वादा किया है। दोनों की गठबंधन की आसमानी घोषणाएं लुभा रही है, जनता को गुमराह कर रही है, सीधे–सीधे रूप में यह वोटों को खरीदने की साजिश है।**

बिहार की राजनीति एक बार फिर चुनावी रंग में रंग चुकी है। हर चुनावी सभा में, गली-मोहल्ले से लेकर सोशल मीडिया तक मुफ्त रेवडियों की घोषणाओं और वादों की बाढ़ आई हुई है। यह चुनावी मौसम पहले की तरह इस बार भी 'रेवड़ी संस्कृति' से सराबोर दिखाई देता है। महागठबंधन हो या एनडीए-दोनों गठबंधन एक-दूसरे से आगे निकलने की होड़ में ऐसे-ऐसे वादे कर रहे हैं जो सुनने में आकर्षक लगते हैं, पर उनकी व्यवहारिकता और आर्थिक सम्भावना पर गंभीर प्रश्न उठते हैं। ये चुनावी वादें कैसे पूरे होंगे या जनता के साथ विश्वासघात होगा? हर दल मतदाताओं को लुभाने के लिए घोषणाओं की झड़ी लगा रहा है, लेकिन शायद ही किसी ने यह सोचा हो कि इन लोकलुभावन योजनाओं के लिए फंड कहां से आएगा, कैसे उनकी पूर्ति होगी और क्या यह राज्य की कमजोर आर्थिक स्थिति पर और बोझ नहीं बनेगा। बिहार का यह चुनाव इसलिए खास नहीं है क्योंकि इससे दो दशकों से राज्य का चेहरा रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भविष्य तय होना है-यह खास इसलिये है क्योंकि दोनों गठबंधनों की तरफ से एक जैसी राजनीति चल रही है-लोकलुभावन घोषणाओं की। महागठबंधन ने दो दिन पहले 'तेजस्वी -संकल्प' घोषित किया। कांग्रेस, आरजेडी और दूसरे सहयोगी दलों ने बीते दिनों में जो चुनावी वादे किए हैं, उन्हें ही इसमें शामिल किया गया है। दूसरी ओर एनडीए के वादों की लिस्ट भी बेहद लंबी है। शुरुआत में नीतीश सरकार की तरफ से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 10 हजार रुपये, 125 यूनिट फ्री बिजली, एक करोड़ नौकरियों का वादा, महिलाओं को नौकरी में आरक्षण, बढ़ी पेंशन-नीतीश ने चुनावी अभियान इस तरह शुरू किया। महागठबंधन ने जवाब में 200 यूनिट फ्री बिजली, हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, महिलाओं को हर महीने ढाई हजार, और भी बहुत कुछ देने का वादा किया है। दोनों की गठबंधन की आसमानी घोषणाएं लुभा रही है, जनता को गुमराह कर रही है, सीधे-सीधे रूप में यह वोटों को खरीदने की साजिश है। नीति आयोग के आंकड़े बताते हैं कि देश की जनसंख्या में बिहार का हिस्सा 9 प्रतिशत से ज्यादा है, पर जीडीपी में योगदान 2021-22 में घटकर 2.8 प्रतिशत रह गया। बिहार की प्रति व्यक्ति आय देश की औसत प्रति व्यक्ति आय का केवल 30 प्रतिशत है, जबकि बेरोजगारी ज्यादा है। 2022-23 में राज्य की जीडीपी की तुलना में ऋण का अनुपात 39.6 प्रतिशत था। बिहार के सामने सबसे बड़ी समस्या है आय के साधन जुटाने की। कुल कमाई में उसका अपना टैक्स रेवेन्यू केवल 23 प्रतिशत है और केंद्र की तरफ से अनुदान का हिस्सा 21 प्रतिशत। जन सुराज का दावा है कि मुफ्त की योजनाओं को पूरा करने के लिए 33 हजार करोड़ चाहिए होंगे। इस आंकड़े को सच मान लें तो राज्य के कुल बजट में से रोजमर्रा के कामकाज व योजनाओं का खर्च निकालने के बाद करीब 40 हजार करोड़ रुपये बचते हैं। क्या मुफ्त रेवड़ियों की घोषणाओं के वादा इससे पूरे होंगे? एनडीए और महागठबंधन, दोनों ही एक-दूसरे की घोषणाओं पर सवाल उठा रहे हैं। हालांकि हकीकत में दोनों को बताना चाहिए कि वे किस तरह इन वादों को पूरा करेंगे। बेरोजगारों को भत्ता, महिलाओं को नकद सहायता, युवाओं को लैपटॉप, किसानों के लिए ऋणमाफी-इन घोषणाओं की बाढ़ ने लोकतंत्र को मजबूती देने के बजाय उसे लोकलुभावन जाल में फंसा दिया है। यह स्थिति केवल बिहार की नहीं, पूरे देश की राजनीति में एक नई प्रवृत्ति के रूप में उभर रही है, जहां सत्ता की कुर्सी तक पहुंचने का रास्ता जनता की विवेकशीलता से नहीं, बल्कि प्रलोभनों की मिठास से तय किया जा रहा है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं, क्योंकि यह मतदाता को उपभोक्ता में बदल देती है और राजनीति को नीति से भटकाकर लाभ की गणित में फंसा देती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कही गई 'रेवड़ी संस्कृति' की अवधारणा आज बिहार की राजनीति में पूर्णरूपेण साकार होती दिख रही है। मुफ्त बिजली, राशन, यात्रा या सहायता योजनाएं अब चुनावी घोषणाओं की अनिवार्य शर्त बन गई हैं। जनकल्याण का उद्देश्य पीछे छूट गया है, सामने है तो केवल वोटों की गिनती। इन घोषणाओं के माध्यम से मतदाता को प्रभावित करना एक तरह का सॉफ्ट करप्शन है, जहां खरीदी खुलकर नहीं होती, पर मानसिक रूप से मतदाता को बंधक बना लिया जाता है। यह प्रवृत्ति लोकतंत्र की आत्मा पर आघात है, क्योंकि यह नीतियों और सिद्धांतों को कमजोर करती है और राजनीति को केवल सत्ता प्राप्ति का खेल बना देती है। लोकतंत्र तभी सशक्त होगा जब चुनाव नैतिक और नीति-सम्मत हों। चुनाव का अर्थ केवल जीत और हार नहीं, बल्कि समाज के चरित्र और दिशा का निर्धारण है। नैतिक राजनीति वही है जिसमें जनहित को सर्वोपरि माना जाए, न कि तत्कालिक लाभ को। यदि राजनीतिक दल अपने घोषणापत्र में केवल आकर्षक वादे ही भरते जाएं और उनके पीछे कोई आर्थिक या सामाजिक दृष्टि न हो, तो यह लोकतंत्र की आत्मा के साथ खिलवाड़ है। मतदाता को चाहिए कि वह ऐसी घोषणाओं से प्रभावित न हो, बल्कि यह देखे कि कौन-सी पार्टी या नेता दीर्घकालिक सुधार, रोजगार सृजन, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुशासन की बात कर रहा है। लोकतंत्र उपहार नहीं, उत्तरदायित्व है, इसे समझना और निभाना नागरिक का धर्म है। वोट किसी के द्वारा दी जा रही मुफ्त सुविधाओं के लिए नहीं, बल्कि भविष्य की स्थिरता, सुशासन और सच्चे विकास के लिए दिया जाना चाहिए। मतदाता का विवेक ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है। अगर जनता भावनाओं या लालच में निर्णय लेगी, तो राजनीति और शासन दोनों भ्रष्ट हो जाएंगे। इसी तरह दलों को भी आत्मसंयम रखना चाहिए और यह समझना चाहिए कि सत्ता की प्राप्ति साधन नहीं, सेवा का अवसर है। आज सबसे बड़ी जरूरत है कि चुनावी घोषणाओं पर एक नियंत्रण तंत्र बने, चुनाव आयोग और नीति आयोग मिलकर इस पर नियम तय करें कि कोई भी दल अपने घोषणापत्र में ऐसे वादे न करे जिनका कोई आर्थिक आधार न हो। मीडिया को भी केवल वादों को प्रचारित करने में नहीं, बल्कि उनकी समीक्षा करने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। जनता के बीच मतदाता शिक्षण अभियान चलाए जाने चाहिए ताकि लोग यह समझ सकें कि वोट किसी प्रलोभन का प्रत्युत्तर नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। वैसे तो दोनों ही गठबंधन एक-दूसरे की घोषणाओं पर सवाल खड़े कर रहे हैं। भाजपा-जद(यू) गठबंधन तेजस्वी की छवि को एक गैर जिम्मेदार सपने बेचने वाले नेता के रूप में गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं। जाहिर है कि जब तक वादों को ठोस नीति में नहीं बदला जाएगा, वे केवल भाषणों की सजावट बने रहेंगे। महागठबंधन को चाहिए कि वह अपने घोषणापत्र को भावनात्मक अपील की बजाय आर्थिक व्यवहार्यता के साथ तैयार करे। यही रणनीति जनता में भरोसा जगाएगी और विपक्ष के हमलों को कमजोर करेगी। तेजस्वी यादव का करिश्मा, संवाद शैली और युवाओं से जुड़ाव उन्हें बिहार की राजनीति में एक बड़ा चेहरा बनाते हैं लेकिन उनकी पूरी चुनावी रणनीति धुआंधार वादों के इर्द-गिर्द घूम रही है। राजनीति में कोई भी वादा तब ताकत बनता है जब उसमें विश्वसनीयता, यथार्थता और क्रियान्वयन की संभावना हो। लोकतंत्र की पवित्रता तभी बचेगी जब राजनीति नीति से संचालित होगी, जब सत्ता सेवा का माध्यम बनेगी और जब मतदाता अपने विवेक से निर्णय लेगा। बिहार जैसे प्रबुद्ध राज्य को चाहिए कि वह रेवड़ी संस्कृति से ऊपर उठकर विकास, रोजगार, शिक्षा, नैतिकता और सुशासन पर आधारित राजनीति का चयन करे। तभी लोकतंत्र अपने वास्तविक अर्थ में जीवित रहेगा और आने वाली पीढ़ियां गर्व से कह सकेंगी-ल्हमने वोट से अपना भविष्य खरीदा नहीं, बनाया है। **–ललित गर्ग**



# कनाडा की सुरक्षा व्यवस्था पंगु हो गई है

**मनिंदर सिंह गिल**

**निजी लालच में आकर, ये राजनेता सरकार को एक कठोर सच्चाई से अवगत कराने में विफल रहे हैं रू 'शांतिपूर्ण सक्रियता' की आड़ में खालिस्तान समर्थक तत्वों ने कनाडाई समाज में गहरी घुसपैठ कर ली है। वे भविष्य के खतरों की नींव रख रहे हैं, जो तेजी से संगठित आतंकवाद के रूप में विकसित हो रहे हैं।**

कनाडा में, खासकर सरे और आसपास के इलाकों में, गोलीबारी और फिरौती के लिए अपहरण की घटनाएं अब आम हो गई हैं। नतीजतन, जो प्रवासी समुदाय कभी बेहतर जीवन के सपने लेकर कनाडा आया था, वह अब लगातार डर के साए में जी रहा है। पिछले कई महीनों से लगातार हो रही गोलीबारी ने साफ तौर पर साबित कर दिया है कि कनाडा का सुरक्षा तंत्र पंगु हो गया है।  हालांकि, सबसे शर्मनाक बात पंजाबी मूल के राजनेताओं, खासकर निर्वाचित प्रतिनिधियों का रवैया उदासीन है, जिन्होंने कभी चुनावों के दौरान अपने समुदाय के साथ खड़े रहने की कसम खाई थी लेकिन अब पंजाबी समुदाय के सामने जान-माल के गंभीर खतरे के बावजूद संदिग्ध रूप से चुप रहने का फैसला किया है। निजी लालच में आकर, ये राजनेता सरकार को एक कठोर सच्चाई से अवगत कराने में विफल रहे हैं रू 'शांतिपूर्ण सक्रियता' की आड़ में खालिस्तान समर्थक तत्वों ने कनाडाई समाज में गहरी घुसपैठ कर ली है। वे भविष्य के खतरों की नींव रख रहे हैं, जो तेजी से संगठित आतंकवाद के रूप में विकसित हो रहे हैं। हाल की गोलीबारी की घटनाएं किसी बड़ी घटना का पूर्वाभ्यास मात्र हैं। एबॉट्सफोर्ड के शांतिप्रिय व्यवसायी दर्शन सांशी की दिनदहाड़े हत्या के बाद पंजाबी समुदाय में भय और गहरा गया है। इस बीच, रविवार को सरे में हुई नवीनतम गोलीबारी ने पहले से ही तनावपूर्ण माहौल में एक नया आयाम जोड़ दिया है। सरे पुलिस सेवा द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, अधिकारियों ने तड़के लगभग 2.43 बजे 124 स्ट्रीट के 7800 ब्लॉक स्थित एक आवास पर गोलीबारी की सूचना पर कार्रवाई की। रिपोर्टों से पता चलता है कि यह घर कथित तौर पर खालिस्तानी गायक चन्नी नट का है, जो अपने गीतों में हिंसा और नशीली दवाओं की तस्करी का महिमामंडन करने के लिए जाना जाता है। चन्नी नट खालिस्तानी गुरुद्वारा दशमेश दरबार के सदस्य सुरजीत सिंह नट का बेटा है। सूत्रों का दावा है कि यह घटना खालिस्तानी-संबंधित समूहों के बीच चल रहे नशीली दवाओं के युद्ध का हिस्सा है। चन्नी कथित तौर पर चरमपंथी पेरी डुल्ले से जुड़ा है, जिसका नाम कनाडा की नो-फ्लाई सूची में है। यह भी उल्लेखनीय है कि खालिस्तानी गुट अक्सर गैर-लाभकारी चौरिटी फंडों पर नियंत्रण को लेकर विवादों में उलझे रहते हैं। कनाडा सरकार की रिपोर्टें पहले ही उजागर कर चुकी हैं कि कैसे खालिस्तानी चौरिटी का दुरुपयोग चरमपंथी गतिविधियों के वित्तपोषण के लिए किया जा रहा है। आगे की रिपोर्टों से पता चलता है कि एयर इंडिया कनिष्क बम विस्फोट के मास्टरमाइंड तलविंदर सिंह परमार के बेटे नूरिंदर सिंह परमार को आई.एस.आई. समर्थित खालिस्तानी गुर्गों द्वारा गैर-लाभकारी क्षेत्र में रखा गया है, ताकि चौरिटी फंड को अवैध गतिविधियों में लगाया जा सके। इसी तरह, प्रतिबंधित इंटरनैशनल सिख यूथ फैडरेशन (अब 'सिख यूथ फैडरेशन') के अंतर्गत संचालित मोनिंदर बोयल भी इन गैरकानूनी गतिविधियों में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरा है। फिर भी, कनाडा की सरकारी मशीनरी या तो इन घटनाक्रमों से अनजान है, या अंधे होने का नाटक कर रही है।

## सेहत मंत्र

# सेहत के लिए बहुत खतरनाक है प्लॉस्टिक

हमारी जिंदगी में हर जगह प्लास्टिक की घुसपैठ है। सिर्फ किचन की बात करें तो नमक, घी, तेल, आटा, चीनी, ब्रेड, बटर, जैम और सॉस, सब कुछ प्लास्टिक में पैक होता है। तमाम चीजें भी प्लास्टिक के कंटेनर्स में ही रखी जाती हैं। सस्ते, हलके और लाने-ले जाने में आसान होने की वजह से लोग प्लास्टिक कंटेनर्स को पसंद करते हैं। खाने-पीने की चीजों में इस्तेमाल किया जाने वाला प्लास्टिक नुकसानदायक हो सकता है। आज हम आपको बता रहे हैं कि प्लॉस्टिक कितना नुकसानदायक होता है। एक रिसर्च के मुताबिक, पानी में न घुल पाने और बायोकेमिकल ऐक्टिव न होने की वजह से प्योर प्लास्टिक कम जहरीला होता है लेकिन जब इसमें दूसरे तरह के प्लास्टिक और कलर्स मिला दिए जाते हैं तो यह नुकसानदेह साबित हो सकता है। गर्मी के मौसम में ये केमिकल्स खिलौने या दूसरे प्रोडक्ट्स में से पिघलकर बाहर निकल सकते हैं। इस खतरे को ध्यान में रखते हुए अमेरिका ने बच्चों के खिलौनों और चाइल्ड केयर प्रोडक्ट्स में इस तरह के प्लास्टिक के इस्तेमाल को सीमित कर दिया है। यूरोप ने साल 2005 में ही इस पर बैन लगा दिया था तो जापान समेत 9 दूसरे देशों ने भी बाद में इस पर पाबंदी लगा दी। यूं तो हम सभी लोग पानी के लिए बोतल या खाना रखने के लिए प्लास्टिक लंच बॉक्स का इस्तेमाल करते हैं लेकिन क्या कभी हमने उन्हें पलटकर देखा है कि उनके पीछे क्या लिखा है? क्या इस पर कोई सिंबल तो नहीं बना हुआ है? दरअसल, अच्छी क्वॉलिटी के प्रोडक्ट पर सिंबल्स का होना जरूरी है।  यह मार्क ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड जारी करता है और इससे पता लगता है कि प्रोडक्ट की क्वॉलिटी अच्छी है। इन सिंबल्स (क्लॉकवाइज ऐरो के ट्राइएंगल्स) को रीजन आइडेंटिफिकेशन कोड सिस्टम कहते हैं। इन ट्राइएंगल्स के बीच में कुछ नंबर्स भी होते हैं।

## धर्म मंत्र

# भोलेनाथ ने खोली रामकथा की गुत्थी, नारद मुनि का श्राप बना श्रीरामावतार का कारण!

जिस प्रकार भगवती गंगा जी की पावन धारा निरंतर अमृत बरसाती हुई धरती को जीवन प्रदान करती है, उसी प्रकार भोलेनाथ के श्रीमुख से भी श्रीरामकथा का अविरल प्रवाह सदैव झरता रहता है। वह कथा केवल पार्वती जी के ही श्रवण हेतु नहीं, अपितु सम्पूर्ण चराचर जगत के कल्याण के लिए होती है। जलन्धर राक्षस के उद्धार तथा तुलसी के अमरत्व की लीला का रसपान करने के पश्चात् जब पार्वती जी का मन शांत हुआ, तब उन्होंने कौतूहलवश पूछा– प्रभो! श्रीरामावतार की लीला में क्या किसी और का भी योग रहा? भोलेनाथ स्नेहसहित बोले– देवि! श्रीरामावतार के कारणों में एक प्रसंग ऐसा भी है, जो नारद मुनि से जुड़ा हुआ है। और उन्होंने दोहा सुनाया–

'नारद श्राप दीन्ह एक बारा। कलप एक तेहि लगि अवतारा।।
गिरिजा चकित भईं सुनि बानी। नारद बिष्णु भगत पुनि ग्यानी।।'

यह सुनकर गिरिराज कन्या पार्वती चकित रह गईं। उन्होंने विनम्र भाव से कहा – प्रभो! जो नारदजी विष्णुभक्तों में श्रेष्ठ हैं, वे स्वयं श्रीहरि को शाप कैसे दे सकते हैं? ऐसा महान योगी मोहवश होकर क्यों भरमित हुआ? कृपा कर वह रहस्य मुझे बताइए। भोलेनाथ बोले–हे गिरिजे! एक बार नारद मुनि भक्ति प्रचार करते–करते हिमालय के एक दिव्य प्रदेश में पहुँचे। वहाँ हिमगिरि की गोद में एक पवित्र गुफा थी, जिसके समीप श्रीगंगा जी कल–कल करती हुई प्रवाहित हो रही थीं। चारों ओर हरियाली छाई थी, पुष्पों की सुगंध से वातावरण मधुर हो रहा था, पक्षी अपने स्वरों से प्रभात राग गा रहे थे, और समीर मंद–मंद बहकर प्रकृति को आलोकित कर रही थी।

पर्यटन



# बोट से बैकवाटर के रोमांचक नज़रों को देखना हो तो केरल आएं

केरल का नाम सुनते ही हमारे दिल में विश्व में प्रसिद्ध बैकवाटर में घूमने की इच्छा जाग्रत होने लगती हैं। यहाँ के समुद्री तट के साथ-साथ झील, नहरे, और लैगून आदि के आकर्षक नज़ारे हैं। केरल यात्रा पर हो और बोट में बैठ कर बैकवाटर में घूमने का मज़ा नहीं लिया तो क्या किया! बैकवाटर में हाउस बोट में घुमते हुए केले के पत्ते पर भोजन करना और नारियल पानी पीना और उसकी मलाई को खुरच कर खाना वाकई दिलचस्प हैं। बैकवाटर में घूमना एक सपने के सच होने जैसा महसूस होता हैं। हाउसबोट क्रूज़ पर जाना और दिल खोलकर मस्ती करना केरला की यात्रा पर आने वाले पर्यटकों को अपनी ओर खींचता हैं। मीठे पानी का सबसे प्रमुख स्रोत बैकवाटर हैं जो कि समुद्री वनस्पति और जीवों का एक विशाल और आकर्षक स्थान बन गया हैं। केरल में हाउसबोट्स, डोंगी नावें और एसडब्ल्यूटीडी द्वारा सार्वजनिक घाट आदि हैं। हाउसबोट कासरगोड, कोट्टायम, अलाप्पुझा, कोल्लम, त्रिशूर और एर्नाकुलम में उपलब्ध हैं। हाउसबोट लगभग 4-5 पर्यटकों की मेजबानी कर सकती है। इसके अलावा इनमें लगने वाला शुल्क मौसम और सीजन के अनुसार कम-ज्यादा होता रहता हैं। लेकिन औसत शुल्क लगभग 6000 से 45000 के मध्य होता है। कैनो बोट्स या केट्टुवलम के माध्यम से आप गांव की यात्रा पर जा सकते हैं। डोंगी में 5-6 लोग सवार हो सकते हैं और 3-4 घंटे की धीमी यात्रा कर सकते हैं। डोंगी का किराया लगभग 400-1000 रूपए प्रति व्यक्ति होता है। केरल राज्य जल परिवहन विभाग द्वारा नाव घाट और (नाव जेट्टी) से नियमित अंतराल पर नौकाएँ चलाई जाती हैं। इनका किराया भी काफी कम होता है। केरल के अलेप्पी और इससे जुड़े बैकवाटर सर्वाधिक चर्चित हैं। बैकवाटर झीलों की भूलभुलैया और मीठे पानी की नदियों के इस शहर अलेप्पी को ''पूरब का वेनिस'' भी कहा जाता है। अलेप्पी भारत के प्रमुख पर्यटक स्थलों में से एक है। इसका नाम आलप्पुझा भी है।

# राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए अफसरों ने लगाई दौड़

## हैदरगढ़ में रन ऑफ यूनिटी के साथ गूंजा एकता का संदेश

**सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर प्रशासन, पुलिस, छात्र और नागरिक एक साथ दौड़े**

**मिशन शक्ति के तहत छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा**





कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी : लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर पूरे क्षेत्र में एकता, अखंडता और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। उपजिलाधिकारी राजेश विश्वकर्मा एवं पुलिस उपाधीक्षक समीर कुमार सिंह की अगुवाई में ‟रन ऑफ यूनिटी" का आयोजन किया गया, जिसमें कस्बे के अलावा आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। सुबह-सुबह अवसानेश्वर मार्ग से शुरू हुई यह दौड़ देशभक्ति गीतों की धुनों पर झूमते युवाओं और अधिकारियों के जोश के साथ आगे बढ़ी। लोगों ने रास्ते भर ‟एकता अमर रहे", ‟भारत माता की जय" और ‟वंदे मातरम्" के नारे लगाए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु मल्ल, अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक शैलेश यादव, कपिल देव यादव, स्कूलों के छात्र-छात्राएँ, पुलिस कर्मी एवं राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी कदम से कदम मिलाकर दौड़े।

सरदार वल्लभ भाई पटेल ने पूरे भारत को एक सूत्र में पिरोने का जो कार्य किया, वह अद्वितीय है। आज का रन ऑफ यूनिटी हमें यह याद दिलाता है कि जब तक समाज में एकता और अनुशासन रहेगा, देश तरक्की की राह पर आगे बढ़ता रहेगा।

**श्री राजेश विश्वकर्मा**
**उपजिलाधिकारी**
**हैदरगढ़ बाराबंकी**

यह केवल दौड़ नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता का प्रतीक है। हमें सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर प्रशासनिक व्यवस्था में ईमानदारी और निष्ठा बनाए रखनी चाहिए। हर नागरिक में यह भावना हो कि देश सबसे पहले है।

**श्री समीर कुमार सिंह**
**पुलिस उपाधीक्षक**
**हैदरगढ़ बाराबंकी**

मिशन शक्ति के तहत छात्राओं की प्रतिभा का सम्मान
रन ऑफ यूनिटी के बाद पुलिस विभाग द्वारा मिशन शक्ति के तहत जीजीआईसी इंटर कॉलेज, रायबरेली रोड पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
प्रतियोगिता का विषय था — महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा।
इसमें प्रथम स्थान मुबासरा बानो, द्वितीय स्थान लकी पांडेय, और तृतीय स्थान अलसबा बानो ने प्राप्त किया। तीनों विजेता छात्राओं को महिला उपनिरीक्षक दीपिका ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया।
इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम कन्नौजिया, अमित सिंह, मृदुला, मोहिनी, पूनम यादव, मीना, आंचल पांडेय, शालू अवस्थी, जयंती, स्वती सिंह, स्वाती, अनुराधा, एवं अनुराधा पांडेय सहित विद्यालय परिवार एवं पुलिस टीम मौजूद रही।मिशन शक्ति महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के साथ उनके आत्मसम्मान का अभियान है। पुलिस की जिम्मेदारी सिर्फ सुरक्षा नहीं, बल्कि हर बेटी में आत्मविश्वास जगाना भी है।

**अभिमन्यु मल्ल**
**(प्रभारी निरीक्षक हैदरगढ़ )**

विद्यालय स्तर पर मिशन शक्ति जैसी प्रतियोगिताएँ छात्राओं को न सिर्फ आत्मनिर्भर बनाती हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच भी पैदा करती हैं। यह पहल नई पीढ़ी की सोच बदलने की दिशा में बड़ा कदम है।

**श्रीमती पूनम कन्नौजिया (प्रधानाचार्या, जीजीआईसी)**
**हैदरगढ़ बाराबंकी**

हर बालिका को यह महसूस होना चाहिए कि कानून उसके साथ है। मिशन शक्ति का यही उद्देश्य है — निडर भारत, सशक्त नारी। हमें यह सुनिश्चित करना है कि हर लड़की सुरक्षित और सम्मानपूर्वक आगे बढ़ सके।

सुश्री दीपिका
महिला उपनिरीक्षक
हैदरगढ़ बाराबंकी



## सीओ गरिमा पंत के नेतृत्व में रामनगर में रन फॉर यूनिटी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर गूंजे भारत माता के जयकारे**

रामनगर बाराबंकी लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर पूरे क्षेत्र में राष्ट्रीय एकता दिवस उल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इसी क्रम में थाना रामनगर में शुक्रवार की सुबह सीओ गरिमा पंत के नेतृत्व में रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक, स्वास्थ्यकर्मी, एनसीसी कैडेट और स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर राष्ट्र की एकता और अखंडता का संदेश दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सीओ गरिमा पंत ने की। उनके मार्गदर्शन में कोतवाल अनिल कुमार पांडेय, इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. कमलेश सिंह, स्वास्थ्यकर्मी, शिक्षक और विद्यार्थियों ने थाना परिसर से पीजी कॉलेज तक लगभग एक किलोमीटर की दौड़ लगाई।दौड़ के दौरान प्रतिभागियों ने हाथों में तिरंगा लहराते हुए ''भारत माता की जय'' और ''वंदे मातरम'' के नारों से पूरा नगर गुंजायमान कर दिया।कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल के साथ एंबुलेंस और अन्य वाहन भी साथ-साथ चलते रहे ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस मौके पर इंस्पेक्टर सुभाष कुमार यादव, उप निरीक्षक वीरपाल सिंह, अखिलेश सिंह, उमेश यादव, राज कनौजिया, कांस्टेबल सुजीत कुमार, मानवेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी, शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे।इसी क्रम में यूनियन इंटर कॉलेज रामनगर में भी सरदार पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। प्रधानाचार्य डॉ. कमलेश सिंह ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उपस्थित शिक्षकों व विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पण की शपथ दिलाई।उन्होंने कहा कि ''सरदार पटेल न केवल भारत की एकता के प्रतीक थे, बल्कि उन्होंने बिखरी हुई रियासतों को जोड़कर एक सशक्त भारत की नींव रखी। आज हमें भी उनके आदर्शों पर चलते हुए समाज और राष्ट्र की अखंडता को सशक्त बनाना होगा।

# दंड से न्याय की ओर’ जागरूकता, निबंध प्रतियोगिता प्रतिभागी पुष्कृत

कैनविज टाइम्स संवाददाता





जैदपुर/ सिरौली गौसपुर बाराबंकी। द मॉडर्न एकड़मी इंटर कॉलेज ज़ैदपुर मे विद्यार्थियों क़ो नए भारत की नए कानून (दंड से न्याय की ओर )अभियान के तहत ''निबंध प्रतियोगिता'''' का आयोजन कर जन जागरण किया गया। जानकारी के अनुसार द मॉडर्न एकड़मी इंटर कॉलेज ज़ैदपुर मे विद्यार्थियों क़ो नए भारत की नए कानून (दंड से न्याय की ओर )अभियान के तहत जागरूक कर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया, छात्रा आराध्या प्रथम स्थान स्वाति द्वितीय स्थान भूमि पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों प्रतिभागियों को क्रमश,2000 व 1500 तथा 1000 नगद तथा शील्ड देकर सम्मानित कर बच्चों का उत्सावर्धन किया गया। कोतवाल संतोष कुमार सिंह कस्बा इंचार्ज विनय कुमार सिंह पंकज राठौर सहित अन्य लोग भी मौजूद थे। सिरौली गौसपुर से सचिन गुप्ता ने बताया कि सुंदरलाल इंटर कॉलेज सैदनपुर मे सफदरगंज पुलिस द्वारा शुक्रवार को ‘दंड से न्याय की ओर’ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे उपस्थित छात्र छात्राओं को नए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) कानून के बारे में जानकारी दी गई। सहायक अभियोजन अधिकारी सोलंकी यादव की मौजूदगी में हुए कार्यक्रम में बताया गया कि महिला हेल्प डेस्क अब 24 घंटे थाने पर संचालित है, जहां पर महिलाएं महिला मित्र पुलिसकर्मी से अपनी पूरी बात बता सकती हैं। नये बीएनएस कानून उनकी आवाज को मजबूत और न्याय पाने का आसान जरिया साबित होंगे। थानाध्यक्ष अमर कुमार चौरसिया ने मौजूद लोगों को बताया कि किस प्रकार से किसी पीड़ित को न्याय मिल सकता है उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस स्तर से संचालित समस्त योजनाओं व प्रबंधनो की जानकारी दी छात्राओं द्वारा नए कानून पर निबंध लेखन एवं कला प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करनेव्वाले छात्राओं को उत्साहवर्धन हेतु पुरस्कृत किया । वरिष्ठ उपनिरीक्षक यमुना प्रसाद पांडेय , चौकी प्रभारी सैदनपुर विभूति द्विवेदी, महिला आरक्षी प्रीती तिवारी ने बालिकाओ को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा जीरो एफआईआर , ईएफआईआर, समयबद्ध न्याय प्रौद्योगिकी एवं फॉरेंसिक उपयोग , महिला एवं बाल संरक्षण , नये अपराध एवं

## भारत राष्ट्र के प्रथम गृहमंत्री लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल 150 वीं जयंती पर जिले भर में विविध आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। भारत राष्ट्र के प्रथम गृहमंत्री लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल 150 वीं जयंती पर जिले भर में विविध आयोजन हुए। '' सिरौलीगौसपुर'' तहसील सभागार, ब्लाक सभागार ग्राम पंचायतों व सरकारी व निजी स्कूलों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।तहसील में उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह और तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा ने सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।ब्लाक सिरौलीगौसपुर सभागार में खण्ड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धाजलि दी और उनके जीवन पर चर्चा करते हुए उनके योगदान की सराहना की गई। कोतवाली बदोसरांय के कोतवाल अजित विद्यार्थी के नेतृव में पुलिसकर्मियों ने ‘रन फॉर यूनिटी‘ दौड़ का आयोजन किया। जिसमें सभी पुलिसकर्मियों ने भाग लिया।इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग ने भी अपनी मोबाइल यूनिट के साथ सहयोग किया। चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय बरदरी ,सीता देवी महाविद्यालय बरौलिया तथा जेबीएस कालेज दुल्हदेपुर में भी पटेल जयंती पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। '' सिद्धौर नगर पंचायत सिद्धौर कार्यालय पर चेयरमैन प्रतिनिधि लल्लू रावत, अधिशासी अधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव, वरिष्ठ लिपिक शिरीष मिश्रा सहित नगर के सभासदों ने सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।और राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। विकास खंड कार्यालय में खंड विकास अधिकारी पूजा सिंह की गरिमा मई उपस्थिति में , एडीओ पंचायत कौशल कुमार, एडीओ आईएसबी राधेश्याम, एपीओ अमित कुमार आदि कर्मचारियों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। भरथाई चौराहा स्थित महारानी अवंती बाई मेमोरियल एकेडमी विद्यालय में भी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। '' रामसनेहीघाट'' तहसील क्षेत्र के जेबीएस इंस्टिट्यूट, मालिनपुर में भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं सरदार पटेल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी अंगद कुमार सिंह ने सरदार पटेल के जीवन,उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर एमएलसी के द्वारा एकता और अखंडता की शपथ दिलाई गई। संस्थान के प्रबंधक पूनम सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र की एकता और अखंडता को सुदृढ़ करने का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी रामकिशोर वर्मा, प्राचार्या नीरज सिंह, फार्मेसी निदेशक डा.अनिल कुमार सहित सभी कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# लौह पुरुष को कृतज्ञ अधिवक्ताओं की भावपूर्ण श्रद्धांजलि




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जिला बार एसोसिएशन सभागार में देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री वा गृह मंत्री रहे लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती मनाई गई। जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता तथा वरिष्ट अधिवक्ता अनूप कल्याणी के संचालन में इस अवसर पर पटेल जी के व्यक्तित्व/कृतित्व पर गोष्टी आयोजित की गई। गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए अधिवक्ता परिषद जिला इकाई के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल स्वतंत्रता सेनानी,कुशल राजनेता वा प्रसिद्ध अधिवक्ता थे।पटेल जी दृढ़ निश्चयी थे,उन्होंने 562 रियासतों को कूटनीतिज्ञ तरीके से मिलाकर अखण्ड भारत के निर्माण में सर्वाधिक भूमिका निभाई। यही नहीं उन्होंने संस्कृति की दिशा में बड़ा काम कर सोमनाथ मन्दिर का पुनर्निर्माण कराया। जिला बार एसो के पूर्व वरिष्ट उपाध्यक्ष सी बी सिंह व रमन द्विवेदी ने सरदार पटेल जी द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया।वरिष्ट अधिवक्ता अमित शुक्ला,सुरेश गौतम वा आर पी गौतम तथा जिला बार के पूर्व महामंत्री सुनीत अवस्थी ने सरदार पटेल को बहु आयामी प्रतिभा का धनी बताया। और कहा की पूरा देश आज इस लौह पुरुष को याद कर रहा नमन कर रहा है।युवा अधिवक्ता शेखर वर्मा ने एक बड़ा फ्रेम चित्र जिला बार सभागार में लगाने हेतु अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा को भेंट किया। इस अवसर पर रमेश मिश्रा,महामंत्री राम राज यादव,प्रशासन मंत्री देवाराम यादव,उपाध्यक्ष पवन मिश्रा, मनो कान्ति आदि कई अधिवक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। अंत में जिला बार एसो अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल किसी एक जाति के नहीं बल्कि सर्व समाज के जन जन के प्रिय थे,उनके विचार हम सभी अधिवक्ताओं के लिए अनुकरणीय हैं।

# सरदार पटेल के आदर्शों संग निकली ‘एक भारत’ की पदयात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। राष्ट्र एकता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जनपद बाराबंकी में ‟सरदार@150 यूनिटी मार्च" के तहत जिला-स्तरीय पदयात्रा का भव्य आयोजन किया गया। ‟आइए, एकता के लिए चलें ऽ राष्ट्र के उत्थान के लिए जगें" के प्रेरक संदेश के साथ यह मार्च मुख्य अतिथि द्वारा पटेल तिराहा पर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की मूर्ति पर पुष्पांजलि के उपरांत

हरी झंडी दिखाकर प्रारंभ हुआ, और राजकीय इंटर कॉलेज, बाराबंकी के ऑडिटोरियम तक पहुँचा। यह यात्रा एकता, अखंडता और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का जीवंत प्रतीक बनी।

**कार्यक्रम का शुभारंभ और मुख्य अतिथि का उद्बोधन**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री बृज बहादुर रहे। मुख्य अतिथि ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि सरदार पटेल ने जिस भारत के एकीकरण का सपना देखा था, उसे सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की जिम्मेदारी आज हम सबकी है। एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने यहां उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता और अखंडता की शपथ भी दिलाई।

**''जारी रहेगी आयोजन श्रंखला'' – शशांक**

जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने लौह पुरुष सरदार पटेल के योगदान को नमन करते हुए यूनिटी मार्च के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों और प्रतिभागियों की सराहना की। आगामी 25 तारीख तक सरदार वल्लभभाई पटेल पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला जारी रहेगी। सभी अधिकारी और प्रतिभागी अपनी जिम्मेदारियां शत-प्रतिशत निभाते हुए इस अभियान को सफल बनाएं।

## बस की चपेट में मासूम की मौत

रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर चौकी हथौंधा अंतर्गत कोटवासडक में अज्ञात वहां की चपेट में आकर आठ वर्षीय मासूम आस्था की दर्दनाक मौत हुई।बस चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। परिजनों का कहना है कि मृतक आस्था अपने मां और बहनों के साथ घर गांव निवास मिर्ज़ा पुर थाना असंद्रा से अपने मामा के घर मसूदपुर जा रही थी और कोटवा सड़क के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पार करते समय यह हादसा हुआ। पुलिस द्वारा आसपास के सीसीटीवी फुटेज ? खंगाले जा रहे हैं।

## डीएम के निरीक्षण में मिले 40 कार्मिक अनुपस्थित का वेतन बाधित, कड़े निर्देश

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी का निरीक्षण अभियान लगातार जारी है। शुक्रवार को जिलाधिकारी ने प्रातः 10:20 बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित विभिन्न अनुभागों(कार्यालयों) की उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया जिसमें 40 कार्मिक अनुपस्थित मिले। जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी अनुपस्थित कार्मिकों का एक दिन का वेतन काटने के साथ स्पष्टीकरण जारी करने का आदेश दिया है। इन विभागों में कार्मिक रहे अनुपस्थित जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी के निरीक्षण में संयुक्त कार्यालय से 20 कार्मिक, सदर नजारत कार्यालय से 09 कार्मिक,खाद्य एवम औषधि प्रशाधन कार्यालय के 01, न्यायालय उप संचालक चकबंदी के 01, कार्यालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी के 09 कार्मिक अनुपस्थित रहे। इससे पूर्व भी जिलाधिकारी ने 04 बार निरीक्षण किया था और सभी कार्मिकों को ससमय कार्यालय आने की चेतावनी दी थी उसके बाद भी कई कार्मिकों में सुधार न आने पर आज वेतन काटने व स्पष्टीकरण जारी करने की कार्यवाही की गई।

## सरकार को लाखों का प्रतिदिन, चूना लगा रहे हैं अवैध वाहन संचालक

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले में हावी डग्गामार मार माफिया अनाधिकृत टैक्सी संचालक, खाकी संरक्षण में परिवहन निगम को प्रतिदिन कई कई लाख चूना लगा रहे हैं। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम मुख दर्शक बना है।
जिला मुख्यालय से लेकर जनपद के विभिन्न तहसील मुख्यालयों पर डग्गा मार वाहनों जिसमें कालातीत चार पहिया गाडियां भी सम्मिलित हैं,की भरमार है। नगर मुख्यालय में जिला अधिकारी आवास से पल्लवी चौराहे तक तीन से चार अवैध टैक्सी स्टैण्ड संचालित है। काबिले गौर है कि जज कंपाउंड के समीप व बाराबंकी डिपो की नाक नीचे अवैध टैक्सी स्टैंड बेखौफ संचालित किए जा रहे है। मनबढ टैक्सी चालक बस डिपो परिसर में घुसकर सवारियां रामनगर चिनहट के लिए भरते हैं। बड़ी बात यह है कि अवैध वाहनों के ठहराव से बस डिपो से लेकर पटेल तिराहा तक दिन भर जाम की स्थिति बनी रहती है। ट्रैफिक व खाकी पुलिस निहारती रहती है।
''जमुरिया पुल के पास चलता है अवैध टैक्सी स्टैंड''
जिलाधिकारी आवास से लेकर नाका सतरिख तक अवैध चौपहिया वाहनों का अनियंत्रित ठहराव जाम की बड़ी समस्या बना है। यही जज कंपाउंड की चारदीवारी से लगी शराब दुकानों के आसपास भी अवैध वाहनों का ठहराव देखने को मिलता है। डग्गामार वाहनों का फैलाव पटेल चौराहे जाम की समस्या खड़ा करता है। ऐसा नहीं कि यहां यातायात या खाकी पुलिस नहीं रहती पुरी संख्या में पुलिसकर्मी चौराहे पर रहते हैं लेकिन उनकी नजर में आम जनमानस और उनकी गाड़ियां ही रहती हैं जिनका वे यदाकदा चालान भी भरते हैं। परंतु उनकी दृष्टि अवैध वाहनों पर नहीं पड़ती।
रामनगर चौराहा पर बना सरकारी बस स्टेशन, अधिकारियों की लापरवाही के चलते शोपीस बना है। परिवहन विभाग का परिसर वीरान पड़ा रहता है और वहीं से निजी वाहनों का यानी टैक्सी वाहनों का संचालन हो रहा है।यहां पर केवल ई रिक्शा, तथा प्राइवेट वाहनों का जमावड़ा रहता है। देखा जाए तो यहां से गोंडा ,बहराइच, बलरामपुर ,नेपाल ,लखनऊ, बाराबंकी ,कानपुर ,उन्नाव, झांसी, दिल्ली जाने वालों का आवागमन रहता है। लॉन्ग रूट की बसें मुख्य रोड से ही निकल जाती है। जानकार सूत्र बताते हैं कि टैक्सी यूनियन संचालक रोडवेज के चालकों तथा स्थानीय पुलिस से पूरी सेटिंग रखते हैं। बस रुकने से निजी टैक्सी वाहनों का धंधा चौपट हो सकता है। सवालों में परिवहन निगम अधिकारियों की खामोशी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार सड़क परिवहन निगम जो की राज्य सरकार का संस्थान है, के जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका को लेकर तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं। वरिष्ठ पत्रकार पंकज चतुर्वेदी का कहना है कि जहां सरकारी बस स्टेशन है उनके पास पड़ोस में निजी टैक्सी स्टैंड का संचालन अवैध है। बाराबंकी के अधिकारी नियम को लेकर आखिर क्यों खामोश है। वही बेहतर बता सकते हैं लेकिन उनकी भूमिका पर स्वतः ही सवाल उठ रहे हैं।

## मजहब की दीवार तोड़ मुस्लिम युवती ने अपनाया हिंदू धर्म युवक से रचाई शादी, मंदिर में लिए 7 फ़ेरे

रामसनेही घाट बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता । कहते हैं कि अगर किसी को भी पूरी शिद्दत से चाहो तो वह मिल ही जाता है. ऐसी ही एक शादी यूपी के बाराबंकी अंतर्गत रामसनेही घाट में लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई. जी हां दो धर्मों के प्रेमियों के बीच मिलन के बीच में कई बाधाएं आई. फिर भी इन्हें दूर न कर सकी. लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे इन दोनों प्रेमी-प्रेमिकाओं ने शादी कर अपने जीवन की शुरुआत कर दी. एक मुस्लिम युवती ने पहले सनातन धर्म अपनाया. फिर हिंदू युवक से मंदिर में शादी कर ली. दोनों ने पूरे हिंदू रीति रिवाज से मंदिर में शादी रचाई। यह पूरा मामला रामसनेही घाट क्षेत्र के गांव का है. इसने पूरे इलाके का माहौल गरमा दिया है. मुस्लिम समाज से ताल्लुक रखने वाली युवती ने हिंदू धर्म अपनाकर युवक से बाबा रामसनेही मंदिर में विवाह कर लिया. शादी के बाद युवती ने खुद सोशल मीडिया पर भी अपने फैसले की पुष्टि की. युवती ने वीडियो में साफ कहा है कि वह स्वेच्छा से सनातन धर्म अपना रही है . उसने बताया कि धर्म परिवर्तन और विवाह उसने पूरी तरह अपनी इच्छा से किया है. युवती ने समाज और परिवार पर किसी भी तरह के दबाव को नकारते हुए कहा कि उसका निर्णय पूरी तरह स्वतंत्र है. इस मौके पर हिंदी संगठनों के अलावा साधु समाज व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को चार विकेट से हराया

एजेंसी

मेलबर्न। जॉश हेजलवुड (तीन विकेट), जेवियर बार्टलेट और नेथन एलिस के (दो-दो विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद कप्तान मिचेल मार्श (46) और ट्रैविस हेड (28) की विस्फोटक बल्लेबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में 40 गेंदें शेष रहते भारत को चार विकेट से हरा दिया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं। 126 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तान मिचेल मार्श और ट्रैविस हेड की जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 51 रन जोड़े। पांचवें ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने ट्रैविस हेड को आउटकर भारत को पहली सफलता दिलाई। ट्रैविस हेड ने 15 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 28 रन बनाये। इसके बाद आठवें ओवर में



कुलदीप यादव ने मिचेल मार्श को अपना शिकार बना लिया। मिचेल मार्श ने 26 गेंदों में दो चौके और चार छक्के लगाते हुए 46 रनों की पारी खेली। टिम डेविड (एक) को वुरुण चक्रवर्ती ने तथा जॉश इंग्लिस (20) को कुलदीप यादव ने आउट किया। जीत से दो रन दूर ऑस्ट्रेलिया को जसप्रीत बुमराह ने मिचेल ओवेन (14) और अगली ही गेंद पर मैथ्यू शॉर्ट (शून्य) को आउटकर भारतीय खेम में खुशी का लहर दी। 14वें ओवर की दूसरी गेंद पर मार्कस स्टॉयनिस ने दो रन लेकर स्कोर छह विकेट पर 126 कर मैच ऑस्ट्रेलिया की झोली में डाल दिया। मार्कस स्टॉयनिस छह रन बनाकर नाबाद रहे। जॉश हेजलवुड को उनकी शानदार गेंदबाजी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। भारत के लिए कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह और वरूण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिये।

इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचले मार्श ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में 20 रन के स्कोर पर शुभमन गिल (पांच) का विकेट गंवा दिया। उन्हें जॉश हेजलवुड ने मिचेल मार्श के हाथों कैच आउट कराया। अगले ही ओवर में नेथन एलिस ने संजू सैमसन (दो) को पगबाधा आउटकर पवेलियन भेज दिया। पांचवें ओवर में हेजलवुड ने तीसरी गेंद पर कप्तान सूर्यकुमार यादव (एक) और उसके बाद इसी ओवर की पांचवीं तिलक वर्मा (शून्य) का शिकार कर लिया। अक्षर पटेल पटेल ने अभिषेक शर्मा के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। इसी दौरान आठवें ओवर में वह रन लेने के प्रयास में वह रनआउट हो गये। उन्होंने सात रन बनाये। ऐसे संकट के समय में बल्लेबाजी करने आये हर्षित राणा ने अभिषेक शर्मा के साथ पारी को संभाला।

# भारत, आस्ट्रेलिया के क्रिकेटरों ने बेन आस्टिन के सम्मान में बांह पर काली पट्टी बांधी

एजेंसी



मेलबर्न। भारत और आस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों ने शुक्रवार को दूसरे टी20 क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलिया के 17 वर्ष के क्रिकेटर बेन आस्टिन को श्रद्धांजलि देने के लिये बांह पर काली पट्टी बांधी। आस्टिन की यहां मंगलवार को अभ्यास के दौरान गले में गेंद लगने से मौत हो गई थी। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। उन्हें फर्नट्री गली में अभ्यास के दौरान गेंद गले और सिर में लगी थी। वह टी20 मैच से पहले नेट अभ्यास कर रहे थे। उन्हें हादसे के बाद वेंटिलेटर पर रखा गया लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। फर्नट्री गली क्रिकेट क्लब ने बृहस्पतिवार को उनकी मौत की पुष्टि की। बीसीसीआई ने एक्स पर एक तस्वीर के साथ लिखा ,'' आस्ट्रेलिया और भारतीय टीम ने उदीयमान क्रिकेटर बेन आस्टिन को श्रद्धांजलि देने के लिये बांह पर काली पट्टी बांधी है। आस्टिन की नेट अभ्यास के दौरान गेंद लगने से मौत हो गई थी। इससे पहले नवी मुंबई में महिला वनडे विश्व कप सेमीफाइनल में भारत और आस्ट्रेलिया की महिला टीमों ने भी बाजू पर काली पट्टी बांधकर खेला था। आस्टिन ने अभ्यास के वक्त उन्होंने हेलमेट पहना था लेकिन 'नेकगार्ड ' नहीं। इस हादसे ने आस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज फिलिप ह्यूज की यादें ताजा करा दीं। नवंबर 2014 को सिडनी में आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर फिल ह्यूज ने दम तोड़ा था जब एक प्रथम श्रेणी मैच के दौरान उन्हें बल्लेबाजी करते समय बाउंसर कान के पास लगा था।

## संक्षिप्त समाचार

### मेरा एक ही संदेश था कि अच्छे से 'फिनिश' करना : भारतीय महिला टीम के कोच अमोल मजूमदार

नवी मुंबई। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बावजूद कभी भारत के लिये नहीं खेल सके भारतीय महिला टीम के कोच अमोल मजूमदार ने कहा कि सात बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में अपनी टीम को उनका एक ही संदेश था कि अच्छे से 'फिनिश' करना है और हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली टीम ने वही किया। जीत के लिये रिकॉर्ड 339 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जेमिमा रौड्रिग्स के नाबाद 127 रन और हरमनप्रीत की 89 रन की पारी और तीसरे विकेट के लिये 167 रन की साझेदारी की मदद से भारत ने आस्ट्रेलिया को पांच विकेट से हराकर तीसरी बार महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया। मजूमदार ने जीत के बाद कहा ,'' कोई बड़ा संदेश नहीं था। हम हमेशा एक दूसरे से कहते रहते हैं कि फिनिश अच्छे से करना है। हम आम तौर पर शुरूआत अच्छी करते हैं लेकिन फिनिशिंग पर काम करने की जरूरत रहती है। आज वही दिन था। ग्रुप चरण में आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका से मिली हार के बाद टीम के प्रदर्शन पर ऊंगलियां उठी थी लेकिन मजूमदार अपने लक्ष्य को लेकर स्पष्ट थे। आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल से पहले उन्होंने व्हाइटबोर्ड पर एक ही बात लिखी ,'' हमें फाइनल में पहुंचने के लिये बस एक रन अधिक बनाना है। उन्होंने युवा क्रांति गौड़ और श्री चरणी पर भरोसा रखा जो काम आया। मजूमदार ने कहा ,'' क्रांति ने पदार्पण के बाद से शानदार प्रदर्शन किया है। वह प्रतिदिन सीख रही है। रेणुका ठाकुर उसका बखूबी साथ दे रही है। उन्होंने जेमिमा पर भी पूरा भरोसा रखा और उसे तीसरे नंबर पर भेजने का फैसला मास्टर स्ट्रोक रहा। उन्होंने कहा ,'' मुझे हमेशा से लगता था कि जेमिमा हालात के अनुरूप अपने खेल में बदलाव का माद्दा रखती है और इस एक फैसले से काफी फर्क पड़ा। उन्होंने कहा ,'' हरमन सारे समय शांतचित्त होकर खेली और मुस्कुराती रही। दीप्ति ने सभी की हौसलाअफजाई की और स्मृति भी जोश से भरी रहती है। सभी को अपनी भूमिका पता है और इससे मदद मिलती है।

### हमें लगा था कि आस्ट्रेलिया 380 रन के आसपास बनायेगा : अमनजोत

**नवी मुंबई।** भारतीय टीम की हरफनमौला अमनजोत कौर ने कहा कि उनकी टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ 380 रन के लक्ष्य का अनुमान लगा रही थी लेकिन फीबी लिचफील्ड के विकेट और स्पिनर श्री चरणी की शानदार गेंदबाजी से महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल का नतीजा भारत के पक्ष में रहा। भारत ने महिला वनडे में 339 रन के रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए पांच विकेट से जीत दर्ज की जिसमे जेमिमा रौड्रिग्स ने नाबाद 127 रन बनाये। आस्ट्रेलियाई टीम तेजी से रन बना रही थी जब लिचफील्ड (93 गेंद में 119 रन ) फील्ड पर थी। उन्हे 28वें ओवर में अमनजोत ने आउट किया जब स्कोर 180 रन था। आस्ट्रेलियाई टीम 338 रन पर आउट हो गई। अमनजोत ने कहा ,'' मैं रन रोकने की हरसंभव कोशिश कर रही थी क्योंकि लिचफील्ड काफी आक्रामक बल्लेबाज हैं। मुझे पता था कि कुछ गेंदें खाली जाने के बाद वह कुछ अलग करने का प्रयास करेंगी। मैं सिर्फ स्टम्प पर गेंद डालने की कोशिश कर रही थी। श्री चरणी ने अपने तीसरे स्पैल में तीन ओवर में नौ रन देकर दो विकेट लिये। उन्होंने बेथ मूनी (24) और अनाबेल सदरलैंड (तीन) को आउट किया। अमनजोत ने कहा ,'' हमे लगा था कि लक्ष्य 380 के आसपास होगा लेकिन विकेट बहुत अच्छा था। लिचफील्ड के आउट होने के बाद मैच का रूख हमारे पक्ष में हो गया और श्री चरणी ने उम्दा गेंदबाजी की। उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलिया को हराने की खुशी ही अलग होती है। उन्होंने कहा ,'' यह काफी महत्वपूर्ण था क्योंकि यह इतना बड़ा टूर्नामेंट है। कुछ मैचों के नतीजे हमारे अनुकूल नहीं रहे और आस्ट्रेलिया को हराने की तो खुशी ही अलग है। विश्व कप कौन नहीं जीतना चाहता। हरमनप्रीत , स्मृति और पूरा देश जीतना चाहता है। हम जीतने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे।

### अमित शाह 10 नवंबर को 'कोऑपरेटिव कुम्भ 2025' का करेंगे उद्घाटन

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह शहरी सहकारी बैंकों के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 'कोऑपरेटिव कुम्भ 2025' का 10 नवंबर को उद्घाटन करेंगे। अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में शहरी सहकारी बैंकों के सम्मेलन का नयी दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में 10-11 नवंबर को आयोजन होने वाला है। इसे 'कोऑपरेटिव कुम्भ 2025' का नाम दिया गया है। नेशनल फ़ेडरेशन ऑफ अर्बन कोआपरेटिव बैंक एंड क्रेडिट सोसाइटीज के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय सहकारिता मंत्री करेंगे। वहीं, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के समापन समारोह में शामिल होने की संभावना है। नेशनल फ़ेडरेशन ऑफ अर्बन कोआपरेटिव बैंक एंड क्रेडिट सोसाइटीज के अध्यक्ष लक्ष्मी दास ने एक बयान में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत और दूसरे देशों के शहरी सहकारी बैंकों के 1200 चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के हिस्सा लेने की उम्मीद है। इस दो-दिवसीय समेल्लन में ओपन बैंकिंग, डिजिटल ऋण, बैंकों में कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल, ऋण वृद्धि, प्रौद्योगिकी संबंधी आधुनिकीकरण और भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं की सफलता में शहरी सहकारी बैंकों की भूमिका पर चर्चा की जाएगी।

### एयर इंडिया को जरूरत पड़ने पर विशेषज्ञता सहायता देगी सिंगापुर एयरलाइंस

**नयी दिल्ली।** सिंगापुर एयरलाइंस ने शुक्रवार को कहा कि एक महत्वपूर्ण अल्पांश शेयरधारक होने के नाते वह एयर इंडिया को जरूरत के हिसाब से अपनी विशेषज्ञता और मदद मुहैया कराएगी। यह टिप्पणी उन रिपोर्ट के बीच आई है जिनमें कहा गया है कि एयर इंडिया ने टाटा संस और सिंगापुर एयरलाइंस से 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की मांग रखी है। घाटे में चल रही एयर इंडिया का स्वामित्व टाटा संस और सिंगापुर एयरलाइंस के पास है। एयरलाइन को हाल के दिनों में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। सबसे भीषण हवाई दुर्घटनाओं में से एक में एयर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान 12 जून को दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें 260 लोग मारे गए। सिंगापुर एयरलाइंस के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, "एयर इंडिया में महत्वपूर्ण अल्पांश शेयरधारक होने के नाते सिंगापुर एयरलाइंस (एसआईए) एयर इंडिया के कायाकल्प कार्यक्रम का समर्थन करने के लिए अपने सहयोगी टाटा संस के साथ मिलकर काम कर रही है। इसमें जरूरत पड़ने पर एयर इंडिया को अपनी विशेषज्ञता और सहायता देना भी शामिल है। यह बयान एयर इंडिया को धन उपलब्ध कराने की खबरों से संबंधित एक सवाल के जवाब में दिया गया था। प्रवक्ता ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी न देते हुए कहा कि एयर इंडिया के परिचालन और वित्तीय जरूरतों के बारे में किसी खास जानकारी के लिए एयर इंडिया से ही संपर्क करना चाहिए।

# भारत की उम्मीदों के लिए अहम प्रज्ञानानंदा, अर्जुन और विश्व चैंपियन गुकेश

एजेंसी

पणजी (गोवा)। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा शनिवार से शुरू हो रहे फिडे विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दोहराने की कोशिश करेंगे जिसमें दुनिया की शीर्ष तीन रैंकिंग में काबिज खिलाड़ी अनुपस्थित रहेंगे। नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन के अलावा अमेरिका के हिकारू नाकामुरा और फैबियानो कारूआना की जोड़ी इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेगी। विश्व चैंपियन डी गुकेश और अर्जुन एरिगेसी 20 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे। पर सबसे अहम चीज यह है कि इस टूर्नामेंट से 2026 फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए तीन क्वालीफिकेशन स्थान सुनिश्चित होंगे। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से अगले साल होने वाले विश्व चैंपियनशिप मैच का खिलाड़ी तय होगा। गोवा में अगले चार हफ्तों तक 80 देशों के 206 शीर्ष शतरंज खिलाड़ी आठ दौर वाले एकल



एलिमिनेशन नॉकआउट टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। प्रत्येक मैच में निश्चित समय में दो क्लासिकल बाजियां होंगी। अगर क्लासिकल बाजियों के बाद स्कोर बराबर रहता है तो खिलाड़ी तीसरे दिन रैपिड और ब्लिट्ज टाई-ब्रेक की एक श्रृंखला खेलेंगे जिससे यह तय होगा कि कौन आगे बढ़ेगा। भारत के शीर्ष तीन खिलाड़ियों में गुकेश विश्व चैंपियन हैं और उन्हें अगले साल के अंत में विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने के लिए कैंडिडेट्स चक्र से गुजरने की जरूरत नहीं है, जिससे उन पर दबाव कम होगा। प्रज्ञानानंदा की अगले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह लगभग पक्की है जबकि एरिगेसी अगले साल की शुरुआत में होने वाले इस टूर्नामेंट में जगह बनाने की कोशिश में जुटे हैं। कैंडिडेट्स से तय होगा कि अगले विश्व चैंपियनशिप मैच में गुकेश को कौन चुनौती देगा। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के तीन स्थान दांव पर लगे हैं तो ऐसे में अनुभवी विदित गुजराती और पी हरिकृष्णा के भी कट बनाने की अच्छी संभावना है। इसके अलावा युवा निहाल सरीन और अरविंद चितंबरम भी इस प्रतियोगिता में प्रबल दावेदार होंगे। पहली बार टूर्नामेंट में 24 भारतीय खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। शीर्ष 50 खिलाड़ियों को दूसरे दौर में सीधे प्रवेश दिया गया है जबकि शेष 156 खिलाड़ी पहले दौर से ही प्रतिस्पर्धा करेंगे। भारतीय खिलाड़ियों ने हाल में शानदार प्रदर्शन किया है जिसमें ओलंपियाड (ओपन और महिला दोनों वर्गों में) जीतना, गुकेश का विश्व चैम्पियनशिप का खिताब जीतना और दिव्या देशमुख का महिला विश्व कप पर कब्जा करना शामिल है। यह घरेलू खिलाड़ियों के लिए अपने कौशल का प्रदर्शन करने का एक शानदार मौका होगा। विदेश की शानदार प्रतिभाएं टूर्नामेंट में होंगी। इनमें नीदरलैंड के अनीश गिरी भी शामिल होंगे। उन्होंने पिछला ग्रैंड स्विस जीतकर कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाई। जर्मनी के विन्सेंट कीमर ने विश्व कप से ठीक पहले फॉर्म हासिल कर ली है और उनके साथ उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव पर भी नजरें लगी होंगी।

# ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पूर्व भारतीय हॉकी खिलाड़ी मैनुअल फ्रेडरिक का निधन

नई दिल्ली। केरल के पहले ओलंपिक पदक विजेता मैनुअल फ्रेडरिक का शुक्रवार को बेंगलुरु के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे। फ्रेडरिक भारतीय हॉकी टीम के गोलकीपर थे, जब भारत ने 1972 के म्यूनिख ओलंपिक में नीदरलैंड्स को हराकर कांस्य पदक जीता था। वे 1978 में अर्जेंटीना में हुए हॉकी विश्व कप में भी भारतीय टीम के गोलकीपर रहे। कन्नूर जिले के बनास्सेरी के निवासी फ्रेडरिक को खेलों में उनके योगदान के लिए वर्ष 2019 में ध्यानचंद पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने राष्ट्रीय चैंपियनशिप के 16 फाइनल्स में टाई-ब्रेक में सफलतापूर्वक रक्षा करने का रिकॉर्ड बनाया था। स्कूल के दिनों में उन्होंने अपनी खेल यात्रा की शुरुआत बीईएम स्कूल, कन्नूर में एक फुटबॉल स्ट्राइकर के रूप में की थी।

# सर्राफा बाजार में गिरावट का रुख सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी

नई दिल्ली। सिर्फ एक दिन की तेजी के बाद घरेलू सर्राफा बाजार में सोने और चांदी के भाव में आज फिर गिरावट का रुख है। आज के कारोबार में सोना 870 रुपये से लेकर 9400 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी 1,200 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई है। माना जा रहा है कि अमेरिका और चीन के बीच परस्पर व्यापार को लेकर बना तनाव कम होने के बाद डॉलर में आई मजबूती से सोना और चांदी के भाव में गिरावट आई है। सोना और चांदी की कीमत में आई इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,21,470 रुपये से लेकर 1,21,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,11,340 रुपये से लेकर 1,11,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के



बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,50,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,21,620 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,11,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,21,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,11,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,21,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,11,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,21,470 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,11,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,21,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,11,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,21,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,11,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,21,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,11,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# जेमिमा की मानसिक दृढता शानदार थी, हमने आस्ट्रेलिया की तरह नहीं खेला : हीली

नवी मुंबई। आस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली ने भारतीय स्टार जेमिमा रौड्रिग्स की बेमिसाल मानसिक दृढता की तारीफ की और कहा कि महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में उनकी टीम आस्ट्रेलियाई तेवरों के साथ नहीं खेल सकी। हीली ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' हम चार या पांच ओवर बाकी रहते मैच में थे लेकिन क्रिकेट में मजेदार चीजें होती रहती है। अगर आप विरोधी टीम पर पर्याप्त दबाव नहीं बना सकते तो ऐसा होता है। जेमिमा ने शानदार पारी खेली। उन्होंने कहा कि आस्ट्रेलियाई टीम ने कई गलतियां की जो आम तौर पर टीम नहीं करती है। उन्होंने कहा ,'' हमने कई बार ज़रूरत से ज्यादा खराब गेंदें फेंकी और शायद हमने जो मौके बनाए, उनका फायदा नहीं उठा पाये। हम आम तौर पर जितने आक्रामक होते हैं, उतने आक्रामक नहीं थे और यह आस्ट्रेलियाई टीम जैसा प्रदर्शन नहीं था। यह जानते हुए कि हमने इस विश्व कप में कितना अच्छा खेला है, मुझे निराशा हो रही है। उन्होंने कहा ,'' हमने उसे कुछ मौके दिये जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा। उसने शानदार पारी खेली। उसकी मानसिक दृढता बेमिसाल थी और उसे इसका पूरा श्रेय जाता है। हीली ने कहा कि उनकी टीम ने जो कैच टपकाये , उससे मैच की तस्वीर बदल गई। उन्होंने कहा ,'' इससे मैच की दिशा ही बदल गई। शायद सेमीफाइनल का दबाव था या एकाग्रता की कमी या कुछ और। मैं नहीं जानती। हरमनप्रीत कौर और जेमिमा के बीच 167 रन की साझेदारी के बारे में उन्होंने कहा ,'' दोनों बेहतरीन क्रिकेटर हैं और लंबे समय से भारत के लिये खेल रहे हैं। यह अच्छी विकेट थी और बल्लेबाजों को मदद मिल रही थी। हमने अपनी ताकत पर नहीं खेला और उनको मैच में दबाव बनाने का मौका दे दिया। हीली ने इस बात का स्वागत किया कि अब रविवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच फाइनल से एक नया वनडे चैम्पियन निकलेगा लेकिन यह भी कहा कि कैलेंडर में और वनडे मैच होने चाहिये।

# सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च हुआ लेंसकार्ट का आईपीओ, 4 नवंबर को होगी क्लोजिंग

एजेंसी

नई दिल्ली। आईवियर रिटेलर लेंसकार्ट सॉल्यूशंस लिमिटेड का 7,278.02 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 4 नवंबर तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद 6 नवंबर को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि 7 नवंबर को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर 10 नवंबर को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 382 रुपये से लेकर 402 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 37 शेयर का है। लेंसकार्ट सॉल्यूशंस लिमिटेड के इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम 1 लॉट यानी 37 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,874 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 2 रुपये फ़ेस वैल्यू वाले कुल 18,10,45,160 शेयर जारी हो रहे हैं। इनमें 2,150 करोड़ रुपये के 5,34,82,587 नए शेयर और 5,128.02 करोड़ रुपये के 12,75,62,573 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे जा रहे हैं। आईपीओ खुलने से एक कारोबारी दिन पहले 30 अक्टूबर गुरुवार को लेंसकार्ट सॉल्यूशंस लिमिटेड ने 147 एंकर इनवेस्टर्स से 3,268.36 करोड़ रुपये जुटाए। इन एंकर इनवेस्टर्स में एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड सबसे बड़े इनवेस्टर रहे। इन तीनों एंकर इनवेस्टर्स ने कंपनी से अलग-अलग 12,43,755 शेयर खरीदे। इसके अलावा, जेपी मोर्गन इंडिया फंड, कंपैक्ट स्ट्रक्चर फंड, मोतीलाल ओसवाल डिजिटल इंडिया फंड और व्हाइट ओक कैपिटल मल्टीकैप फंड जैसे प्रमुख नाम भी एंकर बुक में शामिल हुए हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स




(क्यूआईबी) के लिए 74.84 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए 9.98 प्रतिशत हिस्सा, नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए 14.97 प्रतिशत हिस्सा और एंप्लॉयीज के लिए 0.22 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। कंपनी की वित्तीय स्थिति की बात करें तो प्रॉस्पेक्टस में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी को 63.76 करोड़ रुपये का शुद्ध नुकसान हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2023-24 में घट कर 10.15 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2024-25 में कंपनी मुनाफ़े में आ गई। इस साल कंपनी को 297.34 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही यानी अप्रैल से जून 2025 में कंपनी को 61.17 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हो चुका है। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी लगातार बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में इसे 3,927.97 करोड़ का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़ कर 5,609.87 करोड़ और वित्त वर्ष 2024-25 में उछल कर 7,009.28 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही यानी अप्रैल से जून 2025 में कंपनी को 1,946.10 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है। इस अवधि में कंपनी के कर्ज में भी लगातार कमी आई। वित्त वर्ष 2022-23 के अंत में कंपनी पर 917.21 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो वित्त वर्ष 2023-24 में घट कर 497.15 करोड़ रुपये और वित्त वर्ष 2024-25 में फिसल कर 345.94 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही यानी अप्रैल से जून 2025 की बात करें, तो इस दौरान कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ 335.48 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इस अवधि में कंपनी के रिजर्व और सरप्लस में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2022-23 में ये 5,411.96 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो 2023-24 में बढ़ कर 5,466.50 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह 2024-25 में कंपनी का रिजर्व और सरप्लस 5,795 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही यानी अप्रैल से जून 2025 तक ये 5,855.43 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इसी तरह ईबीआईटीडीए (अर्निंग बिफोर इंट्रेस्ट, टैक्सेज, डिप्रेशिएशंस एंड एमॉर्टाइजेशन) 2022-23 में 259.71 करोड़ रुपये के स्तर पर था, जो 2023-24 में बढ़ कर 672.09 करोड़ रुपये हो गया। इसी तरह 2024-25 में कंपनी का ईबीआईटीडीए 971.06 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही यानी अप्रैल से जून 2025 तक ये 336.63 करोड़ रुपये के स्तर पर रहा।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दुलारचंद यादव की हत्या गोली लगने से नहीं

एजेंसी

पटना । बिहार में चुनावी सरगर्मी के बीच कुख्यात अपराधी दुलारचंद यादव हत्याकांड में अब नया मोड़ आ गया है। डॉक्टरों के अनुसार, दुलारचंद यादव की मौत गोली से नहीं हुई है। पोस्टमार्टम करने वाली तीन डॉक्टरों की टीम ने बताया कि गोली उनके पैर में, एंकल जॉइंट के पास लगी थी, जो आर-पार निकल गई थी। इस तरह की गोली से किसी व्यक्ति की मौत होना संभव नहीं है।

पोस्टमार्टम टीम के सदस्य डॉ अजय कुमार ने मीडिया को बताया, ल्लदुलारचंद यादव को गोली एंकल



ज्वाइंट के पास लगी थी, जो आर-पार हो गई। इस तरह की चोट से मौत नहीं होती। उनके शरीर पर कई और घाव मिले हैं, जिनकी प्रकृति की जांच की जा रही है।

फाइनल रिपोर्ट से पता चलेगा स्पष्ट कारण डॉक्टरों के अनुसार, शरीर पर छिलने और मारपीट जैसे निशान भी पाए गए हैं। यह संकेत देता है कि गोली चलने से पहले या बाद में किसी प्रकार की हिंसक झड़प या पिटाई हुई हो सकती है। डॉक्टरों ने बताया कि फाइनल पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसमें मौत का असली कारण स्पष्ट होगा।

यह खुलासा पुलिस के लिए पूरी जांच की दिशा बदलने वाला साबित हो सकता है। अब पुलिस केवल गोली चलाने वालों की नहीं, बल्कि उन लोगों की भी जांच कर रही है जिनके हाथों से बाकी चोटें आई हों। मोकामा थाना पुलिस ने पहले ही इस मामले में जदयू उम्मीदवार अनंत सिंह, उनके भतीजों रणवीर और कर्मवीर सिंह समेत कई अन्य लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

# दिल्ली में जल संगम से जन संगम एकता का उत्सव का भव्य आयोजन, मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हुआ 'यूनिटी मार्च'

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ल्लएक भारत, श्रेष्ठ भारतङ्क के संकल्प और उनके दूरदर्शी विज़न से प्रेरित होकर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में शुक्रवार को राजधानी में ल्लसरदार अ150ङ्क अभियान के अंतर्गत ल्लजल संगम से जन संगमऽएकता का उत्सवङ्क भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री पबित्र मार्गरीटा, सांसद बांसुरी स्वराज, दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद सहित विभिन स्कूल से आए विद्यार्थी, एनएसएस स्वयंसेवक, माय भारत संगठन के युवा तथा शिक्षकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पटेल चौक से हुआ, जहां देश की 25 प्रमुख नदियों से एकत्र किए गए पवित्र जल से भारत के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा का जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सरदार पटेल के चरणों का अभिषेक किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अभिषेक केवल श्रद्धा का प्रतीक नहीं बल्कि यह एकता, अखंडता और समर्पण की उस भावना का प्रतीक है, जिसे सरदार पटेल ने देश की आत्मा में प्रवाहित किया था। उन्होंने बताया कि दिल्ली के विद्यार्थियों ने देश की 25 पवित्र नदियों जैसे झेलम, ब्रह्मपुत्र, नर्मदा, गोदावरी आदि से जल एकत्र किया, जो भारत की विविध सांस्कृतिक धाराओं और एकात्म चेतना का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत केवल भूमि का टुकड़ा नहीं, बल्कि एक जीवंत राष्ट्रपुरुष है, जिसकी चेतना हमारी नदियों में प्रवाहित होती है। मुख्यमंत्री ने इसके बाद 'यूनिटी मार्च' का नेतृत्व किया, जो पटेल चौक से नेशनल वॉर मेमोरियल तक आयोजित हुई। इस मार्च में विद्यार्थियों, एनएसएस स्वयंसेवकों, माय भारत के युवाओं और शिक्षकों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मार्च मात्र एक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की विविधता में निहित एकता के उस विचार का जीवंत प्रदर्शन थी, जिसे सरदार पटेल ने अपने जीवन से साकार किया।

# पेज एक का शेष

## बिहार चुनाव ...

का राशन लूटेंगे, व्यापारियों को डराएंगे, लेकिन राजग यह नहीं होने देगा। उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि हमारे बुलडोजर जब चलते हैं, तो माफिया की अवैध संपत्तियां ढहती हैं और उन्हीं जमीनों पर गरीबों के लिए मकान बनते हैं। उत्तर प्रदेश अब विरासत और विकास दोनों का मॉडल है। यहां न माफिया बचता है, न भ्रष्टाचार पनपता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महागठबंधन यहां कंग्रेस, माले और राजद के नाम पर आया है, ताकि गरीबों के राशन पर डकैती डाला जा सके। इसमें उनका पुराना अनुभव है। पहले गरीबों को राशन तो मिलता नहीं था, उलटे पशुओं का चारा भी खा लिया जाता था। ये लोग बात गरीबों की करेंगे, लेकिन काम गरीबों की गरदन दबाने का करेंगे। नौकरी नहीं देंगे, नौकरी के नाम पर जमीनों को हड़पेंगे। किसानों को पलायन के लिए मजबूर करेंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में माफियाराज लाकर व्यापारियों, बहन-बेटियों और नौजवानों के सामने पहचान, सुरक्षा और सम्मान का संकट खड़ा कर दिया गया था। आज बिहार में नौकरी है, निवेश है, विकास है, आर्थिक स्वावलंबन का मार्ग भी प्रशस्त हो रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने काशी की चर्चा करते हुए कहा कि पहले काशी विश्वनाथ मंदिर बहुत संकरा था, मगर अब 50 हजार लोग एक साथ दर्शन कर सकते हैं। 10 लाख श्रद्धालु एक साथ काशी और अयोध्या में दर्शन करते हैं। कंग्रेस कहती थी कि राम हुए ही नहीं। राजद के लोग राम मंदिर का रथ रोकते थे। सपा वाले रामभक्तों पर गोलियां चलाते थे और कम्युनिस्ट तो किसी दूसरे लोक के बारे में ही सोचते हैं।

उन्होंने कहा कि जो राम का नहीं, वो हमारे किसी काम का नहीं। जो राम का विरोध कर रहा है, वो राष्ट्र का विरोध कर रहा है, जो राष्ट्र का विरोध कर रहा है, वो हमारे किसी काम का नहीं, उसे राष्ट्र से बाहर का रास्ता दिखाना है।

## आरएसएस...

को बदलने का प्रयास कर रही है। हाल ही में एनसीईआरटी की तीन किताबों में से गांधी जीए गोडसेए आरएसएस और 2002 के गुजरात दंगों से जुड़े अध्याय हटा दिए गए हैं। भाजपा सरकार सच्चाई को छिपाना चाहती हैए जो बहुत बुरी बात है लेकिन उसे समझ लेना चाहिए कि सच छिप नहीं सकता है। हालांकि मोदी सरकार हमेशा झूठ को सच बनाने की कोशिश में लगी रहती है और इससे उनकी मंशा समझ में आती है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि 9 जुलाई 2024 को मोदी सरकार ने आरएसएस की शाखाओं में सरकारी कर्मचारियों के शामिल होने पर लगा 58 साल पुराना प्रतिबंध हटा दिया । यह प्रतिबंध भी फिर से लगाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा ष्आज का दिन जहां बहुत महत्वपूर्ण है वहीं बहुत दुखद भी है। हम एक तरफ सरदार पटेल की जयंती मना रहे हैंए वहीं दुखद बात है कि आज इंदिरा गांधी का शहादत दिवस है। इन दोनों हस्तियों ने देश के लिए बहुत काम किया है। इनमें एक श्लौह पुरुषश हैं और एक श्आयरन लेडीश। जहां सरदार पटेल ने देश को एक रखने का काम किया थाए वहीं इंदिरा गांधी ने देश की एकता बनाए रखने के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। ये कंग्रेस का इतिहास है. देश के लिए कंग्रेस का योगदान है।ष

कंग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपाए आरएसएस हमेशा पंडित जवाहर लाल नेहरू तथा सरकार वल्लभभाई पटेल के बीच हमेशा मतभेद होने की बात करते हैं। इन दोनों महान नेताओं के रिश्तों में गड़बड़ी होने का प्रचार किया जाता है लेकिन वास्तविकता ये है कि दोनों के बीच बहुत अच्छे रिश्ते थे और दोनों एक दूसरे का सम्मान करते थे। कंग्रेस अध्यक्ष ने कहा ष्भाजपा के नेता भले ही नेहरू और पटेल के बीच मतभेदों की बातें करते हैं लेकिन सच यह है कि नेहरू ने खुद सरदार पटेल को श्भारत की एकता के शिल्पीश बताया था। वहीं पटेल ने नेहरू को श्देश के आदर्श और जनता के नेताश कहा था। सरदार पटेल ने कहा था.पिछले दो कठिन वर्षों में नेहरू जी ने देश के लिए जो अथक परिश्रम किया हैए वो मुझसे अधिक अच्छी तरह कोई नहीं जानता है। देश के आदर्शए जनता के नेताए राष्ट्र के प्रधानमंत्री और सबके लाडले जवाहरलाल के महान कृतित्व का भव्य इतिहास सबके सामने खुली किताब है।

## आतंकी...

चौखा में पकड़ा मौलवी जोधपुर के चोखा क्षेत्र में रहने वाले मौलवी अयूब को संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त होने के शक में शुक्रवार सुबह हिरासत में लिया गया। जानकारी के अनुसार, एजेंसी के अधिकारियों ने तड़के मौलवी अयूब के निवास स्थान पर दबिश दी और उनके कमरे को सील कर दिया। जांच के दौरान अधिकारियों को कमरे से कई अहम दस्तावेज और कागजात मिले हैं, जिनकी जांच फिलहाल जारी है। मौलवी अयूब पिछले दस वर्षों से स्थानीय मदरसे में पढ़ा रहा था। मौलवी के परिवार ने आरोपों को खारिज करते हुए उन्हें बेगुनाह बताया है। परिवार का कहना है कि मौलवी अयूब हमेशा से सामाजिक और धार्मिक कार्यों में जुड़े रहे हैं और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि से उनका कोई संबंध नहीं है। सुरक्षा एजेंसियां फिलहाल बरामद दस्तावेजों की गहराई से जांच कर रही हैं और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं पर भी नजर रखी जा रही है। इस कार्रवाई के बाद चोखा क्षेत्र में हलचल तेज हो गई है और लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

## ईएसटीआईसी...

तंत्र का उत्सव है, जो यह दर्शाता है कि विज्ञान और तकनीक मिलकर एक स्वस्थ और सतत भविष्य का निर्माण कैसे कर सकते हैं। आयुष मंत्रालय 'हेल्थ एंड मेडिकल टेक्नोलॉजी' विषय क्षेत्र में भागीदारी करेगा जो भारत के पारंपरिक स्वास्थ्य ज्ञान और अत्याधुनिक आधुनिक तकनीक के सुंदर संगम का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि ल्लबायोमेडिकल इंजीनियरिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता-आधारित निदान और सटीक चिकित्सा के क्षेत्र में प्रगति जहाँ आधुनिक स्वास्थ्य सेवा को नया स्वरूप दे रही है, वहीं विश्व समुदाय पुनः आयुर्वेद और अन्य आयुष पद्धतियों की ओर निवारक और समग्र स्वास्थ्य कल्याण के लिए आकर्षित हो रहा है। दोनों दृष्टिकोण मिलकर भारत और विश्व के स्वास्थ्य परिदृश्य को पुनर्परिभाषित कर सकते हैं आयुष मंत्रालय की भागीदारी डॉ. ए. रघु, सलाहकार (आयु.), ने कहा कि यह सम्मेलन भारत-केंद्रित नवाचारों, पॉइंट-ऑफ-केयर डायग्नोस्टिक्स, बायोमेडिकल प्रौद्योगिकियों और एकीकृत स्वास्थ्य समाधान प्रस्तुत करने का एक राष्ट्रीय मंच है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन मंत्रालय की ल्लनवाचार-चालित, आत्मनिर्भर और वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य व्यवस्थाङ्क के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। मंत्रालय का आयुष पविलियन और तकनीकी सत्र पारंपरिक चिकित्सा और आधुनिक वैज्ञानिक नवाचार के संगम पर आधारित अनुसंधान मॉडलों एवं सहयोगी परियोजनाओं को प्रदर्शित करेगा।

आयुष मंत्रालय, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का सहभागी मंत्रालय है।

मंत्रालय का विशेष सत्र 4 नवम्बर 2025 को भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होगा, जिसकी सह-अध्यक्षता वैद्य राजेश कोटेचा, सचिव (आयुष) एवं डॉ. राजीव बहल, सचिव (स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग) और महानिदेशक (आईसीएमआर ) द्वारा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि ईएसटीआईसी 2025 का आयोजन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के कार्यालय के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। यह सम्मेलन 3 से 5 नवम्बर 2025 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होगा। इसका उद्देश्य सरकार, शिक्षाविदों, उद्योग, स्टार्ट-अप्स और नागरिक समाज के बीच साझेदारी को सशक्त बनाना है, ताकि भारत की नवाचार-प्रधान वृद्धि को गति मिल सके और विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार किया जा सके।

## नियुक्ति...

किशोर को उसके द्वारा किए गए अपराध के लिए दोषी ठहराया भी जाता है, तो भी उसकी दोषसिद्धि को अयोग्यता नहीं माना जाएगा। यह आदेश हाईकोर्ट ने पुण्डरीकाक्ष की याचिका पर दिया है। कर्मचारी ने विभाग द्वारा संचालित भर्ती अभियान, 2019 में पीजीटी पद हेतु आवेदन कर प्रतिभाग किया। सफल होने पर उन्हें जवाहर नवोदय विद्यालय, गौरीगंज, अमेठी द्वारा नियुक्ति पत्र जारी किया गया। दो माह पश्चात नियुक्ति हेतु आवेदन करते समय आपराधिक इतिहास छिपाने के सम्बन्ध में उनके विरुद्ध शिकायत दर्ज की गई तथा उनसे जवाब-तलब किया गया। विस्तृत जाँच के बाद, उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया।

बर्खास्तगी के विरुद्ध, कर्मचारी ने केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण, इलाहाबाद पीठ में अपील की, जहाँ उसका आवेदन स्वीकार कर लिया गया और विभाग को अवतार सिंह बनाम भारत संघ एवं अन्य में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार नए सिरे से जांच करने का निर्देश दिया गया।

इस आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। न्यायालय ने कहा कि यद्यपि 2000 के अधिनियम को निरस्त कर दिया गया है, परन्तु 2015 के अधिनियम की धारा 111 में यह प्रावधान है कि 2000 के अधिनियम के तहत की गई कोई भी कार्रवाई 2015 के अधिनियम के संगत प्रावधानों के तहत की गई मानी जाएगी। यह देखते हुए कि अपराध 18 अप्रैल 2011 को किया गया था और एफआईआर भी 2015 अधिनियम के लागू होने से पहले 2011 में दर्ज की गई थी।

भारत संघ एवं अन्य बनाम रमेश बिश्नोई मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का हवाला देते हुए न्यायालय ने कहा कि कर्मचारी से किशोर के रूप में किए गए अपराध का खुलासा करने के लिए कहना निजता के अधिकार और प्रतिष्ठा के अधिकार का उल्लंघन है। न्यायालय ने कहा कि एक बार जब न्यायाधिकरण ने कर्मचारी की नाबालिगता के बारे में निष्कर्ष दर्ज कर लिया था, तो उसे नए सिरे से जांच का निर्देश नहीं देना चाहिए था। न्यायाधिकरण के आदेश को रद्द करते हुए, न्यायालय ने कर्मचारी को सभी परिणामी लाभों के साथ सेवा में बहाल करने का निर्देश दिया।

## बिहार...

वर्ग की विभिन्न जातियों के सामाजिक और आर्थिक स्थिति का आकलन करके इन जातियों के सशक्तिकरण के लिए न्यायोचित कदम उठाने के लिए सरकार को सुझाव देगी।

कर्पूरी ठाकुर किसान सम्मान निधि की शुरुआत की जाएगी। किसानों को हर वर्ष 9000 का लाभ दिया जाएगा। एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर में एक लाख करोड़ का निवेश किया जाएगा, पंचायत स्तर पर सभी प्रमुख फसलों (धान, गेहू, दलहन, मक्का) की एमएसपी पर खरीद की जाएगी। बिहार मत्स्य मिशन की शुरुआत करके हर प्रखण्ड में चिलिङ्ग और प्रोसेसिंग सेंटर्स स्थापित किए जाएंगे।

उन्होंने घोषणा की कि साथ नए एक्सप्रेस वे बनाए जाएंगे। 3600 किलोमीटर रेल ट्रैक का आधुनिकीकरण करेंगे। अमृत भरत एक्सप्रेस व नामों रैपिड रेल सेवा का विस्तार करेंगे। 4 नए शहरों में मेट्रो सेवा शुरू होगी। न्यू पटना में ग्रीन फील्ड शहर, प्रमुख शहरों में सेटेलाइट टाउनशिप।

उन्होंने कहा कि माँ जानकी कि पवित्र जन्मस्थली को विश्वस्तरीय आध्यात्मिक नगरी सीतापुरम के रूप में विकसित करेंगे। पटना के समीप ग्रीन फील्ड अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट। दरभंगा, पूर्णिमा एवं भागलपुर में अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट। 10 नए शहरों से घरेलू उड़ान मिलेगी।

विकसित बिहार औद्योगिक मिशन के अंतर्गत एक लाख करोड़ के निवेश से औद्योगिक क्रांति लाएंगे। विकसित बिहार इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट मास्टर प्लान बनाएंगे, जो औधोगिकीकरण व लाखों नौकरियों की नींव रखेगा। प्रत्येक जिले में अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट व 10 नए औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। अगले पाँच वर्षों में बिहार में एक न्यू एज इकोनोमी का निर्माण करेंगे जिसके अंतर्गत बिहार को एक वैश्विक बैक एंड हब और ग्लोबल वर्क प्लेस के रूप में स्थापित की जाएगी। 50 लाख करोड़ का निवेश आकर्षित करेंगे।

उन्होंने बताया कि मुफ़्त राशन 125 यूनिट मुफ़्त बिजली। 5 लाख तक मुफ़्त इलाज। 50 लाख नए पक्के मकान। सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिए जाएंगे। सभी गरीब परिवारों के छात्रों को मुफ़्त गुणवक्ततापूर्ण शिक्षा, मिड डे मिल के साथ पौष्टिक नाश्ता व स्कूलों में आधुनिक स्किल लैब की सुविधा देंगे। मेड इन बिहार पर जोर दिया जाएगा। 5 मेगा फूड पार्क स्थापित करेंगे। कृषि निर्यात दोगुना करेंगे। 2030 तक दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता प्राप्त करेंगे। बिहार को मखाना, मछली एवं अन्य उत्पादों के ग्लोबल एक्सपोर्ट सेंटर के रूप में विकसित करेंगे। मिथिला मेगा टेक्सटाइल एवं डिजाइन पार्क व यंग मेगा सिल्क पार्क से बिहार को दक्षिण एशिया का टेक्सटाइल और सिल्क हब बनाया जाएगा।

डिफेंस कॉरीडोर, सेमीकंडक्टर उत्पादन पार्क, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स, मेगा टेक सिटी फिनटेक सिटी की स्थापना की जाएगी। 100 एमएसएमई पार्क, 50000 से अधिक कुटीर उद्योगों से वॉकल फोर लोकल को बढ़ावा देंगे।

वर्ल्ड क्लास एजुकेशन सिटी, 5000 करोड़ से प्रमुख जिला स्कूलों का कायाकल्प करेंगे। बिहार को एआई हब बनाया जाएगा। विश्वस्तरीय मेडीसिटी का निर्माण कराया जाएगा। बिहार स्पोर्ट्स सिटी की स्थापना होगी।

उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्यायनरत सभी अनुसूचित जाती के विद्यार्थियों को प्रतिमाह 2000 रुपये दिए जाएंगे। असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को वित्तीय सहायता और कौशल प्रशिक्षण। ऑटो टैक्सी ई रिक्शा चालकों को 4 लाख का निवान बीमा। गिग वर्कस ऑटो रिक्शा चालकों को कॉलेटरल फ्री वाहन ऋण न्यूनतम ब्याज पर दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि माँ जानकी मंदिर और विष्णुपद महाबोधि कॉरीडोर का निर्माण। रामायण, जैन, बौद्ध, गंगा सर्किट का विकास किया जाएगा। शारदा सिन्हा कला एवं संस्कृति विश्वविद्यालय की स्थापना होगी। इसके साथ ही अगले पाँच वर्षों में बाढ़ मुक्त बिहार बनाने की योजना। फ्लड मेनेजमेंट बोर्ड की स्थापना एवं फ्लड टू फॉर्चून मोडेल के अंतर्गत नदी जोड़ परियोजना, तटबंध, नहरों का शीघ्र निर्माण करके कृषि एवं मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जाएगा।

## चार...

जोश और उत्साह के साथ अर्धसैनिक बलों की विभिन्न टुकड़ियों ने भव्य परेड की। प्रधानमंत्री मोदी ने स्टेच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह की शुरुआत की। 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को सुदृढ़ करते हुए उन्होंने कहा कि एकता राष्ट्र और समाज के अस्तित्व की मूलभूत शक्ति है, जब तक समाज में एकता है, तब तक राष्ट्र की अखंडता सुरक्षित है। विकसित भारत के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए हमें एकता तोड़ने वाले हर षड्यंत्र को एकता की शक्ति से विफल करना होगा। उन्होंने कहा कि भारत की एकता के चार मजबूत आधारस्तंभ हैं–पहला सांस्कृतिक एकता, जो हजारों वर्षों से बदलते राजनीतिक परिदृश्यों के बावजूद भारत को एक चेतन राष्ट्र के रूप में बनाए रखती है।

दूसरा स्तंभ है भाषाई एकता, जहाँ सैकड़ों भाषाएँ और बोलियाँ भारत की विविधता, सृजनशीलता और गौरव का जीवंत प्रतीक हैं। किसी भी समुदाय, शासन या समूह ने कभी भी किसी भाषा को थोपने का प्रयास नहीं किया।

तीसरा स्तंभ है भेदभाव-मुक्त विकास। गरीबी और असमानता समाज की सबसे बड़ी कमजोरी हैं। सरदार पटेल गरीबी उन्मूलन के लिए दीर्घकालीन नीति बनाना चाहते थे। वे कहते थे कि अगर भारत को आज़ादी 10 साल पहले मिली होती, तो 1947 तक देश अन्न संकट से मुक्त हो गया होता। जिस तरह उन्होंने रियासतों के विलय की जटिल चुनौती को सुलझाया, वैसे ही वे खाद्य संकट का समाधान भी कर लेते। आज उनकी अधूरी इच्छा को इस सरकार ने पूरा किया है।पिछले एक दशक में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है। चौथा और अंतिम स्तंभ है कनेक्टिविटीऽ दिलों का जुड़ाव, जो आधुनिक भारत को विश्व के केंद्र में ला रहा है। रेकॉर्ड हाइवे, एक्सप्रेसवे, वंदे भारत और नमो भारत जैसी ट्रेनों द्वारा रेलवे में परिवर्तन कर, छोटे शहरों को एयरपोर्ट से जोड़ते हुए उत्तर-दक्षिण, पूर्व-पश्चिम की दूरी को कम किया गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरदार पटेल इतिहास लिखने में नहीं, इतिहास बनाने में विश्वास रखते थे। उन्होंने नीतियों और दृढ़ निर्णयों के बल पर आज़ादी के बाद 550 से अधिक रियासतों को एक सूत्र में बांधा। 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का विचार उनके लिए सर्वोच्च था। आज केंद्र सरकार की कार्यनीति में भी यही दृष्टिकोण मुख्य है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस एकता का महापर्व है। जैसे हम 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस गर्व से मनाते हैं, वैसे ही यह दिन प्रेरणा, गर्व और संकल्प का पवित्र अवसर है। आज पूरे देश में करोड़ों लोगों ने एकता की शपथ ली है, जो राष्ट्र की एकता को सुदृढ़ करने का प्रतीक है।

एकतानगर में एकता मॉल और एकता गार्डन जैसे प्रयासों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें उन विचारों और प्रवृत्तियों से दूर रहना चाहिए जो देश की एकता को नुकसान पहुंचाती हैं। यह केवल राष्ट्रीय कर्तव्य ही नहीं बल्कि सरदार पटेल को सच्ची श्रद्धांजलि भी है। भारत माता की भक्ति हर नागरिक के लिए सर्वोच्च पूजा है और आज यह हर भारतीय के लिए प्रेरणा और कर्तव्यपथ का मार्गदर्शन है। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल देश की संप्रभुता को सर्वोपरि मानते थे। उनके निधन के बाद की सरकारों में यह गंभीरता और दृढ़ता कम हो गई। कश्मीर में की गई गलतियाँ, पूर्वोत्तर की समस्याएँ और देश में फैला नक्सल-माओवादी आतंक भारत की अखंडता के लिए चुनौती बने। तत्कालीन सरकारों ने सरदार पटेल की नीतियों का अनुसरण करने के बजाय राष्ट्रहित से समझौता किया। परिणामस्वरूप हिंसा, रक्तपात और विभाजन जैसी त्रासदियाँ देश ने देखीं।

उन्होंने कहा कि अगर सरदार पटेल के कश्मीर संबंधी सुझावों को स्वीकार किया गया होता, तो आज पूरा कश्मीर भारत का अभिन्न अंग होता। लेकिन तत्कालीन सरकारों ने उन्हें अनदेखा किया। कश्मीर को अलग विधान और प्रतीक देकर विभाजित किया गया, जिससे पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद को बढ़ावा मिला और देश ने इसकी भारी कीमत चुकाई।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कंग्रेस ने सरदार पटेल के ल्लएक भारतङ्क के विज़न को भुला दिया था, लेकिन 2014 के बाद देश ने फिर से उस अडिग इच्छाशक्ति को अनुभव किया है। अनुच्छेद 370 को हटाकर कश्मीर को मुख्यधारा में लाया गया है। ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया को दिखा दिया कि भारत पर आंख उठाने वालों को कड़ा जवाब मिलेगा। यह लौहपुरुष सरदार पटेल का भारत है– जो अपनी सुरक्षा और सम्मान से कभी समझौता नहीं करता।

उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में सरकार ने नक्सल-माओवादी आतंक की कमर तोड़ दी है। 2014 से पहले नक्सली अपने कानून चलाते थे, संविधान लागू नहीं होता था, पुलिस और प्रशासन बेबस था, स्कूलों-सड़कों-अस्पतालों पर हमले होते थे। लेकिन इस सरकार ने निर्णायक कार्रवाई की, अर्बन नक्सलियों और उनके समर्थकों को करारा जवाब दिया, वैचारिक युद्ध जीता और नक्सल क्षेत्रों को विकास के रास्ते पर लाया। उन्होंने सरदार पटेल की प्रतिमा की छाया में दृढ़ निश्चय के साथ कहा– ल्लजब तक देश नक्सलवाद-माओवादी आतंक से पूरी तरह मुक्त नहीं हो जाता, तब तक यह सरकार चैन से नहीं बैठेगी।

उन्होंने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा घुसपैठिए हैं, जो वर्षों से हमारे संसाधनों पर कब्जा कर देश की जनसांख्यिकी को असंतुलित कर रहे हैं। पिछली सरकारों ने वोट बैंक की राजनीति के कारण आंख मूंद ली थी। लेकिन अब पहली बार देश ने इस खतरे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई शुरू की है और लाल किले से 'डेमोग्राफी मिशन' की घोषणा की गई है।

प्रधानमंत्री ने चेतावनी देते हुए कहा कि कुछ लोग अपने स्वार्थ के लिए देशहित से ऊपर उठकर घुसपैठियों के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्हें इस बात की परवाह नहीं कि अगर देश का विभाजन दोबारा हो जाए तो क्या होगा? लेकिन सच यह है कि अगर भारत की सुरक्षा और पहचान पर खतरा आएगा, तो हर नागरिक प्रभावित होगा। इसलिए राष्ट्रीय एकता दिवस पर हमें संकल्प लेना चाहिए कि देश में रह रहे हर घुसपैठिए को बाहर निकालकर ही रहेंगे, ताकि राष्ट्र की अखंडता और अस्तित्व को सुरक्षित रखा जा सके।

उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने देश की महान विभूतियों का अपमान किया, जबकि इस सरकार ने उन्हें सम्मान दिया, उनके स्मारक बनवाए और गुलामी की मानसिकता को बदलने का कार्य किया।

सरदार पटेल की भावना को स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें देश के लिए काम करने में सबसे अधिक आनंद मिलता था। आज भी यही संदेश है – मातृभूमि की सेवा ही सबसे बड़ी आराधना है। जब 140 करोड़ भारतीय एक साथ खड़े होते हैं, तो पहाड़ भी रास्ता छोड़ देते हैं; जब एक स्वर में बोलते हैं, तो वह स्वर भारत की सफलता का उद्घोष बन जाता है। हम बंटेंगे नहीं, झुकेंगे नहीं; 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को साकार करते हुए विकसित और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करेंगे। प्रधानमंत्री ने परेड के बाद सड़क मार्ग से गुजरते हुए उपस्थित जनसमूह का अभिवादन स्वीकार किया।

इस अवसर पर सांसदों, विधायकों, मुख्य सचिव सहित उच्च अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

## बिहार...

और गांधी मैदान के पास से होते हुए उद्योग भवन पहुंचेगा। प्रधानमंत्री मोदी इस रोड शो के जरिए पटना के सभी 14 विधानसभा क्षेत्रों बांकीपुर, पटना साहिब, दीघा, कुम्हरार, मनेर, बिक्रम, बाढ़, बख्तियारपुर, मोकामा, फतुहां, फुलवारी, मसौढ़ी, दानापुर और पालीगंज की जनता को एक साथ बड़ा संदेश देने की तैयारी में हैं। इस रोड शो के जरिए वे बिहार की जनता से भी सीधे-सीधे रूबरू होंगे। बिहार भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान ने पार्टी के कई अन्य बड़े नेताओं के साथ रोड शो की तैयारियों का जायजा लिया। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि 2 नवम्बर को ही प्रधानमंत्री मोदी दो रैलियों को भी संबोधित करेंगे। ये जनसभाएं नवादा और आरा में होंगी।

भाजपा का दावा है कि इस बार बिहार में राजग की सरकार 20 साल के बहुमत का रिकॉर्ड तोड़कर बनेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपनी चुनावी रैलियों में इस लक्ष्य का ऐलान कर चुके हैं।----

## विकसित...

आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री ने घुसपैठ को देश की एकता और आंतरिक सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया और कहा कि देश में पहली बार उनकी सरकार इससे निपटने के लिए निर्णायक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि आज देश 'डेमोग्राफिक मिशन' के माध्यम से इस चुनौती का सीधा सामना कर रहा है। प्रधानमंत्री ने भारत की एकता के चार स्तंभ बताए–संस्कृति, भाषा, विकास और संपर्क। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक परंपराएँ जैसे द्वादश ज्योतिर्लिंग, सप्तपुरी, चार धाम और तीर्थयात्राएँ राष्ट्र की चेतना को सशक्त करती हैं। योग दिवस से विश्व में भारतीय योग की पहचान बढ़ी है। भाषाई एकता पर उन्होंने कहा कि भारत की विविध भाषाएँ उसकी सृजनात्मकता का प्रतीक हैं और किसी पर थोपने का प्रयास कभी नहीं हुआ। सभी भाषाएँ राष्ट्रीय गौरव हैं। तीसरे स्तंभ विकास को उन्होंने भेदभावमुक्त बताया और कहा कि पिछले दशक में 25 करोड़ लोग गरीबी से उबरे, हर घर को जल, आवास और स्वास्थ्य सुविधाएँ मिलीं। चौथे स्तंभ के रूप में उन्होंने संपर्क को बताया–हाईवे, वंदे भारत ट्रेनें और डिजिटल कनेक्टिविटी ने उत्तर-दक्षिण, पूरब-पश्चिम की दूरियाँ घटाईं और दिलों को जोड़ा। यही समरस भारत की आधारशिला है। एकता को राष्ट्र और समाज के अस्तित्व का आधार बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब तक समाज में एकता बनी रहती है, राष्ट्र की अखंडता सुरक्षित रहती है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, राष्ट्रीय एकता को तोड़ने वाली हर साजिश को विफल करना होगा। उन्होंने कहा कि देश राष्ट्रीय एकता के हर मोर्चे पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने वाले हैं। इसे रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कंग्रेस ने न केवल ब्रिटिश सत्ता से संगठन और शासन की विरासत पाई, बल्कि गुलामी की मानसिकता भी अपनाई। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि जिस वंदे मातरम् को ब्रिटिश शासन भी दबा नहीं सका, उसी के कुछ अंश कंग्रेस ने धार्मिक आधार पर हटाकर समाज में विभाजन की नींव रखी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय राष्ट्र की एकता और भावना के विरुद्ध था। मोदी ने कहा कि यदि कंग्रेस ने ऐसा कदम न उठाया होता तो भारत की तस्वीर आज अलग होती। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि साल 2014 के बाद उनकी सरकार ने नक्सलवाद और माओवादी आतंक पर निर्णायक प्रहार किया है। अनुच्छेद 370 हटाने के बाद कश्मीर मुख्यधारा से जुड़ा है और अब पूरी दुनिया भारत की शक्ति को पहचान रही है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने दिखाया कि यदि कोई राष्ट्र पर नजर उठाएगा तो उसे करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने र देकर कहा कि शहरी इलाकों में रहने वाले नक्सल समर्थकों या शहरी नक्सलियों को भी दरकिनार कर दिया गया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्र को आश्वासन दिया कि सरकार तब तक नहीं रुकेगी जब तक भारत नक्सल-माओवादी खतरों से पूरी तरह मुक्त नहीं हो जाता।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि लोकतंत्र में मतभेद स्वीकार्य हैं, लेकिन व्यक्तिगत मतभेद नहीं होने चाहिए। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि आजादी के बाद देश संभालने वालों ने 'हम भारत के लोग' की भावना को कमज़ोर करने का प्रयास किया। भिन्न विचारधाराओं वाले व्यक्तियों और संगठनों को बदनाम किया गया और राजनीतिक अस्पृश्यता को संस्थागत रूप दिया गया। उन्होंने बताया कि पिछली सरकारों ने सरदार पटेल, बाबा साहेब अंबेडकर, डॉ. राम मनोहर लोहिया और जयप्रकाश नारायण जैसे नेताओं के साथ भी यही रवैया अपनाया ।

इस वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए उन्होंनेने संगठन पर हुए विभिन्न हमलों और षड्यंत्रों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे कहा कि एक पार्टी और एक परिवार के बाहर हर व्यक्ति और विचार को अलग-थलग करने का जानबूझकर प्रयास किया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने देश ने राजनीतिक अस्पृश्यता समाप्त कर राष्ट्रीय एकता को सशक्त किया है। सरदार पटेल की स्मृति में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' और बाबा साहेब अंबेडकर के 'पंचतीर्थ' इसका प्रतीक हैं। कर्पूरी ठाकुर, प्रणब मुखर्जी और मुलायम सिंह यादव जैसे नेताओं को सम्मान देकर सरकार ने मतभेदों से ऊपर उठकर एकता की भावना को बल दिया है। यही समावेशी दृष्टि भारत की सच्ची पहचान है।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद सरदार पटेल ने 550 से अधिक रियासतों का विलय कर ल्लएक भारत, श्रेष्ठ भारतङ्क का सपना साकार किया। परंतु उनके निधन के बाद तत्कालीन सरकारों ने राष्ट्रीय संप्रभुता को लेकर वैसी गंभीरता नहीं दिखाई। कश्मीर पर गलत निर्णयों और पूर्वोत्तर में उपजे संकटों ने देश को हिंसा और अशांति की ओर धकेला।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल पूरे कश्मीर का भारत में विलय चाहते थे, पर नेहरू ने उनकी यह इच्छा अधूरी छोड़ दी। कंग्रेस की गलत नीतियों के कारण कश्मीर का एक हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे में चला गया और आतंकवाद को वहां पनाह मिली। प्रधानमंत्री ने कहा कि कंग्रेस ने सरदार पटेल के दृष्टिकोण को भुला दिया लेकिन वर्तमान सरकार ने उनके आदर्शों को अपनाया है। आज देश उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए एकता, अखंडता और आत्मगौरव के नए युग में प्रवेश कर रहा है।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर केवड़िया में आयोजित कार्यक्रम में आज प्रधानमंत्री ने सरदार पटेल को पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आयोजित परेड में बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी की टुकड़ियों ने भाग लिया। गुजरात पुलिस का घुड़सवार दल, असम पुलिस का मोटरसाइकिल डेयरडेविल शो और ऊंट पर सवार बीएसएफ बैंड विशेष आकर्षण रहे।

समारोह में शौर्य चक्र से सम्मानित पाँच सीआरपीएफ जवानों और सोलह बीएसएफ वीरों को सम्मानित किया गया जिन्होंने नक्सल और आतंकवाद विरोधी अभियानों में बहादुरी दिखाई। इस वर्ष की परेड में विभिन्न राज्यों की दस झाँकियाँ 'एकता में विविधता' विषय पर प्रस्तुत की गईं।

उन्होंने बताया कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक स्मारक सिक्का और एक विशेष डाक टिकट जारी किया गया है।

## सरदार...

इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि रन फॉर यूनिटी उस विचार का प्रतीक है जिसने लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के नेतृत्व में बिखरे भूभागों को एक सूत्र में जोड़ा और अखंड भारत का स्वरूप रचा। सरदार पटेल का जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि एकता ही राष्ट्र की शक्ति है और वही भारत की पहचान है।

## ईडी...

धनराशि को छिपाया गया और उसका उपयोग किया गया।

ईडी ने मेसर्स नारायण निर्यात इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मामले में पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत मेसर्स अंबिका सॉल्वेक्स लिमिटेड और मेसर्स वर्धमान सॉल्वेंट एक्सट्रैक्शन इंडस्ट्रीज लिमिटेड की इंदौर स्थित 1.14 करोड़ रुपये लागत की तीन अचल संपत्ति को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। ईडी द्वारा इस मामले में पहले भी इस समूह के कई व्यक्तियों और संस्थाओं की 26.53 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियों को कुर्क की जा चुकी है।

# बिहार विधानसभा चुनाव: राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने जारी किया संकल्प पत्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




पटना। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने शुक्रवार को अपना संकल्प पत्र जारी किया। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, लोजपा रामविलस के अध्यक्ष व केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान, केन्द्रीय मंत्री व हम पार्टी के संरक्षक जितन राम मांझी, उपेन्द्र कुशवाहा, भाजपा के बिहार चुनाव प्रभारी व केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, विनोद तावड़े। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने संयुक्त रूप से संकल्प पत्र को जारी किया। इसमें रोजगार, महिला सशक्तिकरण, कृषि, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य और आधारभूत संरचना पर विशेष जोर दिया गया है। गठबंधन ने अगले पाँच वर्षों में बिहार को समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाने का वादा किया है। संकल्प पत्र जारी करते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि हर जिले में मेगा स्किल सेंटर से बिहार को ग्लोबल स्कीलिंग सेंटर के रूप में स्थापित किया जाएगा। 1 करोड़ सरकारी नौकरी व रोजगार प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से महिलाओं को 2 लाख तक की सहायता देंगे। साथ ही एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जाएगा। मिशन करोड़पति के माध्यम से चिन्हित महिला उधमियों को करोड़पति बनाने की दिशा में काम करेंगे।

उन्होंने बताया कि अतिपिछड़ा वर्ग के विभिन्न व्यावसायिक समूहों को 10 लाख की सहायता दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन करेंगे जो अतिपिछड़ा वर्ग की विभिन्न जातियों के सामाजिक और आर्थिक स्थिति का आकलन करके इन जातियों के सशक्तिकरण के लिए न्यायोचित कदम उठाने के लिए सरकार को सुझाव देगी। कर्पूरी ठाकुर किसान सम्मान निधि की शुरुआत की जाएगी। किसानों को हर वर्ष 9000 का लाभ दिया जाएगा। एग्री इंफ्रास्ट्रक्चर में एक लाख करोड़ का निवेश किया जाएगा, पंचायत स्तर पर सभी प्रमुख फसलों (धान, गेहू, दलहन, मक्का) की एमएसपी पर खरीद की जाएगी। बिहार मत्स्य मिशन की शुरुआत करके हर प्रखण्ड में चिलिङ्ग और प्रोसेसिंग सेंटर्स स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने घोषणा की कि साथ नए एक्सप्रेस वे बनाए जाएंगे। 3600 किलोमीटर रेल ट्रैक का आधुनिकीकरण करेंगे। अमृत भरत एक्सप्रेस व नामों रैपिड रेल सेवा का विस्तार करेंगे। 4 नए शहरों में मेट्रो सेवा शुरू होगी। न्यू पटना में ग्रीन फील्ड शहर, प्रमुख शहरों में सेटेलाइट टाउनशिप।

# राष्ट्र की प्रगति की असली शक्ति सिविल सेवकों के समर्पण और उत्तरदायित्व में निहित है : रेखा गुप्ता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि राष्ट्र की प्रगति की असली शक्ति सिविल सेवकों के समर्पण, निष्ठा और उत्तरदायित्व में निहित है।

यह विचार मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को प्रशिक्षण निदेशालय, यूटीसीएस (संघ शासित प्रदेश सिविल सेवा) विश्वास नगर में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित 'राष्ट्र की एकता और सिविल सेवाओं की भूमिका' सेमिनार में साझा किए। इस मौके पर दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल एक स्मरण नहीं, बल्कि एक प्रेरणा और एक सतत मिशन है, वह मिशन, जो 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि बीते आठ महीनों में दिल्ली सरकार ने इसी भावना से शासन को जनता-केंद्रित, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। ऑनलाइन सेवाओं का विस्तार, समयबद्ध कार्य-संस्कृति और तकनीक आधारित प्रशासन इसका सजीव उदाहरण हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सबके केंद्र में एक ही सोच है - जनता तक पहुंचने वाला शासन। और इस सोच को जमीन पर उतारने में हमारे अधिकारी सबसे बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। सरकार दिशा तय करती है, परंतु उस दिशा को गति और परिणाम देने वाले हमारे सिविल सेवक होते हैं। राष्ट्र की प्रगति की असली शक्ति उनके समर्पण, निष्ठा और उत्तरदायित्व में निहित है। उन्होंने सभी को राष्ट्रीय एकता दिवस की शुभकामनाएं दी।

# क्राइम ब्रांच ने फोड़ा देशभर में फैला साइबर फ्रॉड नेटवर्क, पांच आरोपित गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने देशभर में सक्रिय साइबर ठगों के अंतरराज्यीय नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस संबंध में पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह दुबई में बैठे एक भारतीय मास्टरमाइंड के इशारे पर काम कर रहा था। आरोपितों में एक बैंक का रिलेशनशिप मैनेजर है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने शुक्रवार को बताया कि आरोपितों की पहचान हिसार निवासी मंजीत सिंह (28), सोनीपत निवासी मंशवी (23), उत्तम नगर निवासी मनीष मेहरा (33), भिवानी निवासी सोंबीर (43), और बिजवासन निवासी अनूप (35) के रूप में हुई है। पकड़ा गया अनूप बैंक में कार्यरत था। पुलिस उपायुक्त के अनुसार जांच में सामने आया कि आरोपित फर्जी कंपनियां बनाकर उनके नाम पर बैंक में चालू खाता खुलवाते थे। इन खातों के जरिये ठगे गए पैसों को इधर-उधर घुमाकर अंत में क्रिप्टोकरेंसी में बदल दिया जाता था ताकि पैसों के स्रोत को छिपाया जा सके। हर आरोपित को एक फर्जी खाते पर 1.5 लाख कमीशन मिलता था। पुलिसउपायुक्त ने आगे बताया कि साइबर सेल की जांच में खुलासा हुआ कि इस पूरे नेटवर्क को दो लोग दुबई से संचालित कर रहे थे। गिरोह के सदस्य नोएडा और गुरुग्राम से काम करते थे। तकनीकी निगरानी और डिजिटल ट्रेसिंग के बाद पुलिस ने 27 अक्टूबर को गुरुग्राम स्थित ठिकाने पर छापा मारकर तीन आरोपितों को दबोचा। पूछताछ के बाद मनीष और बैंक में कार्यरत अनूप को दबोचा गया। पुलिस ने आरोपितों के पास से 18 मोबाइल फोन, 36 सिम कार्ड, एक लैपटॉप, कई चेकबुक और बैंक डेबिट/क्रेडिट कार्ड बरामद किए हैं।

# बिहार की सूरत बदलने के लिए हरेक बिहारी को अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करना होगा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पटना। बिहार की धरती सनातन और पुरातन काल से ज्ञान, क्रांति, समर्पण, त्याग, योजक और रणनीतिकारों की रही है। वर्तमान में बिहार के लोगों को अपने 'स्व' पर विश्वास करना होगा। उन्हें सशक्त और समृद्ध बिहार बनाने के लिए ईमानदारी व समर्पण के साथ अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करना होगा। ये बातें राजनीतिक विश्लेषक एवं सुधारक डॉ. चन्द्र प्रकाश सिंह ने हिन्दुस्थान समाचार से एक विशेष बातचीत के दौरान कहीं। बिहार का भविष्य कैसा हो, इसके लिए हरेक बिहार वासी को उत्तरदायी समाज के रूप में खड़ा होना चाहिए। राजनीतिक विश्लेषक डॉ. चन्द्र प्रकाश ने कहा कि बिहार की तस्वीर किसी सरकार से सुधरने वाली नहीं है। बिहार को सुधरने के लिए यहां के लोगों को अपनी सोच में बदलाव लाना होगा,वरना सरकारें तो आयेंगी-जायेंगी, लेकिन बिहार जैसा है वैसा ही रहेगा। बिहार के लोगों को अपनी थाती पर विश्वास करना होगा, स्वरोजगार को लेकर आगे बढ़ना होगा। बिहार के लोगों की मानसिकता जब तक नहीं बदलेगी, तब तक बिहार को आगे बढ़ पाना असंभव है। बिहार के लोग देश और दुनिया में जहां भी हैं, उन्हें बिहार के हरेक पहलू के बारे में सोचना चाहिए और अपना-अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले बीस वर्षों में एक शासक के रूप में नितीश कुमार ने कानून-व्यवस्था, सड़क, बिजली, पानी और आधारभूत संरचना पर जो कार्य किये है, उन्हें नकारा नहीं जा सकता, लेकिन बिहार को इससे आगे बढ़ने के लिए उसे स्वयं बिहारियों का योगदान चाहिए, इसके लिए बिहारी मानसिकता को व्यवस्था के साथ चलने की आदत डालनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि बिहार के लोग जब लालू यादव के जंगलराज से तंग आ गए, तो उन्होंने उसे भी उखाड़ फेंका। मुख्यमंत्री नीतिश उनके विश्वास पर खरा उतरे और जंगलराज से सुशासन की ओर आगे बढ़े, लेकिन जहां तक पलायन का सवाल है, इसके लिए बिहार के लोग ही जिम्मेदार हैं। यहां के लोगों को रंगदारी की प्रवृत्ति से ऊपर उठना होगा। निवेशकों और उद्यमियों का साथ देना होगा। व्यवस्था गलत है, तो उसे बदली जा सकती है, लेकिन उसके बाद भी एक व्यवस्था की आवश्यकता पड़ती है। व्यवस्था परिवर्तन का अर्थ अव्यवस्थित हो जाना नहीं है। उन्होंने कहा कि बिहार में 'समग्र क्रान्ति' और 'व्यवस्था परिवर्तन' जैसे नारे लगे, जिसका पूरे देश पर प्रभाव भी पड़ा, लेकिन जब बिहार में व्यवस्था परिवर्तन का समय आया, तो वह अव्यवस्था में बदल गयी। व्यवस्था परिवर्तन की आंधी में बिहार की किसी व्यवस्था के साथ चलने की प्रवृत्ति ही समाप्त हो गई। हर छोटी से बड़ी व्यवस्था के समानान्तर एक व्यवस्था खड़ी कर देना या उस व्यवस्था का अतिक्रमण करना, यही नेतृत्व का गुण माना जाने लगा। उन्होंने कहा कि बिहार की दूसरी समस्या अत्यधिक राज्यमुखापेक्षी ( राज्य पर निर्भर) होना है। समाजवाद की इस मानसिकता ने भी राज्य से हम कितना और क्या पा जाएं की जो मानसिकता खड़ी की वह स्वयं के उत्तरदायित्व की मानसिकता पर कुठाराघात किया और निजी क्षेत्र के उद्यमियों के साथ भी वैमनस्य उत्पन्न किया।

## बीएसएफ ने पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में पाकिस्तानी घुसपैठिया पकड़ा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

चंडीगढ़। बीएसएफ ने भारत-पाक सीमा पर कार्रवाई करते हुए फिरोजपुर सेक्टर के साथ जलालाबाद में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक पाकिस्तानी नागरिक को अवैध रूप से भारतीय सीमा में दाखिल होने के आरोप में काबू किया है। बहिराम पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है। बीएसएफ के अनुसार बार्डर आउटपोस्ट डीआरडी पोस्ट नंबर पांच के पास डयूटी पर तैनात हवलदार शेख हामिद तथा कांस्टेबल पवन कुमार ने सतलुज दरिया के किनारे एक पाकिस्तानी नागरिक को संदिग्ध तरीके से भारतीय सीमा में दाखिल होते हुए देखा। बीएसएफ जवानों ने चेतावनी के बाद घेराबंदी करके उसे हिरासत में ले लिया। प्रारंभिक जांच में पकड़े गए पाक नागरिक ने अपना नाम इमतियाज़ अहमद निवासी गांव परवाल, तहसील नरवाल, जिला शकरगढ़ पाकिस्तान बताया है।

## पंजाब पुलिस ने खालिस्तानी नारे लिखने वाले एसएफजे के तीन कार्यकर्ता पकड़े

चंडीगढ़। पंजाब के बठिंडा में काउंटर इंटलिजेंस विंग ने बठिंडा पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान चलाकर प्रतिबंधित संगठन सिख्स फॉर जस्टिस के तीन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। इन कार्यकर्ताओं ने भिसियाना और मननवाला गांवों के स्कूलों की दीवारों पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखे थे। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि इन कार्यकर्ताओं को एसएफजेके अमेरिका स्थित मास्टरमाइंड गुरपतवंत सिंह पन्नू का समर्थन प्राप्त था। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपितों ने जन अशांति भड़काने और राष्ट्र-विरोधी भावनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भड़काऊ नारे लिखे थे। साक्ष्य मिले हैं कि उन्हें इन गैरकानूनी गतिविधियों के लिए विदेशी धन प्राप्त हो रहा था। पुलिस टीमों ने त्वरित कार्रवाई करके तीन कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया है।

# छवि खराब किए जाने को लेकर विधायक ने मुख्य चुनाव आयुक्त को लिखा पत्र

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

भागलपुर। जिले के 152 बिहपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक ने शुक्रवार को मुख्य चुनाव आयुक्त को एक पत्र लिखा है,जिसमें उन्होंने कहा है कि मैं बिहपुर विधानसभा-152 से एनडीए गठबंधन का भाजपा प्रत्याशी कुमार शैलेन्द्र हूँ। चुनाव जैसे व्यस्त समय में मैं अपने समर्थकों के साथ चुनाव प्रचार में व्यस्त रहता हूँ। लेकिन छवि खराब करने के लिए निर्दलीय प्रत्याशी अबनीश कुमार एवं जन स्वराज पार्टी के बिहपुर से प्रत्याशी पवन कुमार चौधरी लगातार षड्यंत्र के तहत मारपीट का झूठा आरोप लगा कर मेरा छवि खराब करने की कोशिश कर रहें हैं। बीते 29 अक्टूबर को अपराह्न 04:00 बजे



निर्दलीय प्रत्याशी अबनीश कुमार के परिवार के सदस्य मेरे पैतृक गाँव में चुनाव प्रचार कर रहे थे, तो नरेन्द्र मोदी मुर्दाबाद, नीतीश मुर्दाबाद, ई0 शैलेन्द्र मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। उसी बीच में घर की महिलाओं ने कहा कि घर से बाहर निकल कर सड़क पर नारे लगाईये। इतना कहते ही उनलोगों ने फोन कर अवनीश कुमार को बुला लिया। आने के साथ ही महिलाओं के साथ घर में प्रवेश कर दुर्व्यवहार किया और उल्टे सड़क जाम कर भद्दी-भद्दी गालियाँ देना और सोशल मीडिया सहित यूट्यूब पर गलत आरोप लगा कर मुझे बदनाम किया जाने लगा। मुझे आशंका है कि इनके द्वारा तथा और भी जो विरोधी प्रत्याशी हैं, कुछ भी गलत हरकत कर चुनावी माहौल को बिगाड़ सकते हैं। उन्होंने आग्रह किया है कि अवनीश कुमार, पवन चौधरी सहित सभी प्रत्याशियों के परिवार एवं उनके जनसम्पर्क के कम में आयोग द्वारा पूरी सुरक्षा एवं कैमरामैन रहें ताकि कुछ गलत हरकत का भ्रम जो फैलाना चाहते हैं, नहीं हो सकें।

## बीएसएफ ने भारत-पाकिस्तान सीमा से पकड़े ड्रोन, हेरोइन व हथियार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



चंडीगढ़। बीएसएफ ने पंजाब के सीमावर्ती जिलों में ऑपरेशन चलाकर तीन पाकिस्तानी ड्रोन तथा हेरोइन व हथियार बरामद किए हैं। आशंका है कि पाकिस्तानी ड्रोन की मदद से भारतीय सीमा में नशीले पदार्थ गिराए गए हैं बीएसएफ प्रवक्ता के अनुसार सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर अमृतसर व फिरोजपुर सेक्टर के गांवों में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। इस मामले में स्थानीय पुलिस टीमों का भी सहयोग लिया गया। जवानों ने अमृतसर और फिरोजपुर के आसपास के इलाकों से ड्रोन, हेरोइन (3.8 किलोग्राम से अधिक) और गोला-बारूद बरामद किया। बरामद की गई चीज़ों में धनोई कलां, रानियां, दाओके और हबीब वाला गांवों से डीजेआई माविक 3 ड्रोन और हेरोइन के पैकेट शामिल थे। बीएसएफ प्रवक्ता के अनुसार यह लगातार बरामदियां देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए बीएसएफकी सतर्कता, समन्वय और अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। बीएसएफ सीमा पार से आने वाले खतरों के खिलाफ एक मज़बूत ढाल के रूप में खड़ा है।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने में आगे आएं युवा: मुख्यमंत्री धामी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर घंटाघर में उनकी मूर्ति पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद एकता पदयात्रा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने युवाओं से आह्वान किया कि वे सरदार पटेल के आदर्शों को आत्मसात करते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। मुख्यमंत्री ने स्वदेशी अपनाने और नशामुक्त उत्तराखंड की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके अदम्य साहस, दूरदर्शिता और राष्ट्र समर्पण की भावना के कारण ही आज भारत एक शक्तिशाली और एकीकृत राष्ट्र के रूप में खड़ा है। सरदार पटेल का सम्पूर्ण जीवन देश की एकता और अखंडता को समर्पित था। उन्होंने 560 से अधिक रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का निर्माण किया। ऐसे महापुरुष के योगदान को नमन करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2014 से उनकी जयंती को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया, जो उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने कहा कि राज्यभर में 16 नवंबर तक प्रत्येक जिले के तीन स्थानों पर वॉकथॉन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रत्येक आयोजन स्थल पर 8 से 10 किलोमीटर की पदयात्रा के साथ नशा मुक्त भारत, एक पेड़ मां के नाम और आत्मनिर्भर भारत जैसे जन-जागरूकता अभियानों को भी जोड़कर समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वॉकथॉन केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि भारत की विविधता में एकता की भावना को सशक्त करने का माध्यम है। दौड़ से युवाओं में राष्ट्र निर्माण, अनुशासन, और सेवा की भावना प्रबल होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लक्ष्य की दिशा में राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, गणेश जोशी रेखा आर्या, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजानदास, सविता कपूर, अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल एवं एसएसपी अजय सिंह मौजूद थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अनेक रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। उनका राष्ट्रनिष्ठ दृष्टिकोण हमें विकसित भारत के निर्माण के लिए सतत प्रेरित करता रहेगा।

## चंडीगढ़ सीबीआई कोर्ट ने निलंबित डीआईजी एचएस भुल्लर की न्यायिक हिरासत 14 दिन बढ़ाई

चंडीगढ़। सीबीआई ने भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किए गए पंजाब के पूर्व डीआईजी एचएस भुल्लर की हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद शुक्रवार को अदालत में पेश किया। सीबीआई ने भुल्लर का रिमांड नहीं मांगा और उन्हें 14 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सीबीआई ने एचएस भुल्लर को रिश्वत लेते हुए 16 अक्टूबर को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने भुल्लर के आवास पर करीब 21 घंटे तक सर्च करके 7 करोड़ 36 लाख 50 हजार रुपये के अलावा 2 करोड़ 32 लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के गहने और 26 महंगी ब्रांडेड घड़ियां बरामद की थी। सीबीआई ने भुल्लर के बिचौलिये कृष्णु को रिमांड पर ले रखा है। शुक्रवार को भुल्लर की वीसी से कोर्ट में पेशी हुई। सीबीआई की तरफ से रिमांड की मांग नहीं की गई, जिसके बाद कोर्ट ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अब उन्हें 14 नवंबर को दोबारा से सीबीआई कोर्ट में पेश किया जाएगा। अदालत में पेशी के दौरान भुल्लर के वकील एचएस धनोआ ने कहा कि भुल्लर की प्रापर्टी उनकी नौकरी से पहले की पुश्तैनी है। सीबीआई ने उनका रिमांड नहीं मांगा। ज्यूडिशियल कस्टडी की एप्लीकेशन मूव की थी, जिसे अदालत ने मंजूर कर लिया।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय   कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान   स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे।   फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com   RNI NO - UPHIN/2012/42063